फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 21 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -56, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा 16

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकतीं हैं माधुरी दीक्षित 15

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में न्यायिक सदस्य आवश्यक नहीं

केंद्र सरकार ने चयन समिति में सीजेआई को न रखने पर किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने 2023 के कानून के तहत दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का बचाव करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है। इस कानून के तहत चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में याचिकाकर्ता के दावे को खारिज कर दिया कि शीर्ष अदालत में सुनवाई से एक दिन पहले दो निर्वाचन आयुक्तों को 14 मार्च को जल्दबाजी में नियुक्त किया गया। न्यायालय में इस कानून को चुनौती दी गई जिसपर सुनवाई होने वाली थी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर और 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' सहित कई अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है। हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का मामला एक भ्रांति पर आधारित है कि किसी भी प्राधिकार में स्वतंत्रता केवल तभी बरकरार रखी जा सकती है जब चयन समिति एक विशेष संरचना की हो। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि निर्वाचन आयोग या किसी अन्य संस्था या प्राधिकार की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है।

● न्यायिक सदस्य की उपस्थिति पारदर्शिता का मापदंड नहीं : केंद्र

सूची विपक्ष के साथ साझा न करने का भी खंडन

केंद्र ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे का खंडन किया कि नियुक्त किए जाने वालों की कोई सूची विपक्ष के साथ साझा नहीं की गई थी। केंद्र ने कहा कि खोज समिति द्वारा छह नाम की सिफारिश के बाद अंतिम सूची में नामित व्यक्तियों के नाम 13 मार्च, 2024 को लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को उपलब्ध कराए गए थे। इसलिए, यह कहना पूरी तरह से गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है कि चयन समिति के तीसरे सदस्य को दो सदस्यों के विचार के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए नाम दिए गए थे। सभी सदस्यों को एक साथ सूची प्राप्त हुई थी।

सीईसी को मिला है संविधान में संरक्षण, निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम

हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का यह कहना कि न्यायिक सदस्यों के बिना चयन समितियां हमेशा पक्षपातपूर्ण होंगी, पूरी तरह से गलत है। कहा गया कि नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका के पास होने के बावजूद निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) तटस्थ और प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम रहे हैं। उच्च संवैधानिक पद के नाते मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान में अंतर्निहित संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम बनाता है। अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में दो रिक्तियां हुई थीं। उनके स्थान पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नियुक्त किया गया।

दीपक कुमार ने संभाला कार्यभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बैठकें कर आचार संहिता के अनुपालन को लेकर दिए निर्देश

अमृत विचार : राज्य के नवनियुक्त अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार ने मंगलवार देर रात गृह विभाग पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक कुमार बुधवार को भी लगभग पूरा दिन लोकभवन स्थित गृह विभाग के अपने कक्ष में बैठे रहे और अलग-अलग विषयों को लेकर मीटिंग करते रहे। इस दौरान उन्होंने तमाम सरकारी कामकाज निपटाए। राज्य की सुरक्षा व्यवस्था, चुनाव की तैयारियों और आचार संहिता की गाइडलाइन पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

दीपक कुमार 17 मई 2010 से 14 जून 2012 तक गृह विभाग में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार पर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की बड़ी जिम्मेदारी है। दीपक कुमार को ऐन चुनाव के समय गृह विभाग की जिम्मेदारी देने के पीछे उनकी बेदाग छवि मानी जा रही है। 2003 में अयोध्या के जिलाधिकारी रह चुके दीपक कुमार कई बड़े पदों पर रहे व जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त और माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

एक नजर

पारस का इस्तीफा स्वीकार रिजिजु को मिला प्रभार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और किरण रिजिजु को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति ने रिजीजु को अपने मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने का भी निर्देश दिया है।

आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली ने किया समर्पण

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की तेलंगाना सीमा पर सक्रिय रहे आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली ने आज पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। आरोपी नक्सली रोशन सोड़ी ने सुकमा पुलिस के समक्ष समर्पण किया। वह बगैर हथियार के पुलिस के समक्ष पहुंचा। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रहा यह नक्सली अनेक मुठभेड़ों में शामिल रहा। उस पर अनेक जघन्य घटनाएं करने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने नक्सली का शॉल और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

एमपीपीसीएस-प्री परीक्षा चुनावों के कारण टली

इंदौर। लोकसभा चुनावों के कारण मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और राज्य वन सेवा परीक्षा 2024 आगे बढ़ा दी है। अब ये परीक्षाएं 28 अप्रैल की जगह 23 जून को आयोजित की जाएंगी। एमपीपीएससी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गिरफ्तार न करें तो ईडी के समक्ष पेशी को तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति घोटाले के मामले में समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने ईडी को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि ईडी के समक्ष पेश क्यों नहीं होते। तो सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए जवाब दिया कि उन्हें (मुख्यमंत्री केजरीवाल को) को आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

पहले चरण में 102 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

● 19 अप्रैल को होगा मतदान, चार जून को परिणाम

देश में 18वीं लोकसभा के सात चरणों में कराए जाने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ हो गई। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोकसभा की 102 सीटों के लिए बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी।

इसके साथ ही, इन सीटों के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया। पहले चरण के मतदान 19 अप्रैल को कराए जाएंगे। पहले चरण में तमिलनाडु की 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की दो-दो सीटें और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अनादमन और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट शामिल हैं।

इस चरण में बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में नामांकन 27 मार्च तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी और नाम 30 मार्च तक वापस लिए जा सकेंगे। बिहार में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है और नामांकन पत्रों की जांच दो अप्रैल को की जाएगी। लोकसभा की कुल 543 सीटों के लिए आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में हो रहे हैं।

सपा ने 6 और प्रत्याशी उतारे, एक का टिकट बदला

● मिर्जापुर सीट पर सपा के सामने होगा अपना दल कमेरावादी का उम्मीदवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी ने गठबंधन में गुटबंदी की चर्चा के बीच गौतमबुद्ध नगर सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। पार्टी ने बुधवार को छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। समाजवादी पार्टी की छठी सूची सामने आने के बाद उम्मीदवारों की कुल संख्या 49 हो गई है।

सपा की ओर से गौतमबुद्ध नगर में पहले डॉ. महेंद्र नागर को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया। लेकिन, उनका विरोध होने के बाद पार्टी ने अब राहुल अवाना को अपना लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।

सपा ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क, बागपत से मनोज चौधरी, पीलीभीत से भगवत शरण गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद पर दांव लगाया है। इस बार समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही है।

पल्लवी पटेल ने घोषित की तीन सीटें

लखनऊ। एक ओर बुधवार को जहां सपा ने अपने छह नये उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए वहीं, दूसरी ओर उसके सहयोगी अपना दल (कमेरावादी) ने भी तीन सीटों पर लड़ने का एलान कर दिया। ऐसा लगता है कि दोनों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी की विधायक पल्लवी पटेल ने संकेत दिए है कि वह सपा से अलग होकर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उनकी पार्टी अपना दल (कमेरावादी) ने प्रदेश की जिन तीन लोकसभा सीटों पर बुधवार को चुनाव लड़ने का एलान किया है उनमें एक सीट मिर्जापुर भी है। जिस पर सपा ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है। हालांकि अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हम शुरू से ही इंडिया गठबंधन में हैं। हमारी पार्टी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। पल्लवी पटेल इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी।

बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा रद

पटना, एजेंसी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद 15 मार्च को दोनों पालियों हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) को बुधवार को रद कर दिया है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा का तीसरा चरण रद कर दिया गया है।

प्रोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुए अध्यापकों को जूनियर हाई स्कूल में प्रोन्नत करने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने इस निर्णय के बाद प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त उन सहायक अध्यापकों की जूनियर हाईस्कूल में प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है, जिनकी नियुक्ति 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने शिवकुमार पांडेय व दर्जनों अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया है। मामले के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों ने यह करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी कि राज्य सरकार ने उनकी प्राथमिक विद्यालयों से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति इस आधार पर रोक दी है कि वे सीनियर टीईटी उत्तीर्ण नहीं है जबकि ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार और एनसीटीई से जवाब तलब किया था। एनसीटीई की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया की 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना में स्पष्ट है कि इस अधिसूचना के जारी होने से पूर्व नियुक्त अध्यापकों को न्यूनतम अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में एनसीटीई ने सहायक अध्यापकों के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति प्राप्त करने के लिए सीनियर टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन यह आदेश अधिसूचना जारी होने की तिथि के बाद से प्रभावी माना जाएगा। इस स्थिति में अधिसूचना जारी होने की तिथि से पूर्व नियुक्त अध्यापको पर यह शर्त लागू नहीं होगी।

बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लोकसभा सदस्य दानिश अली समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि अमरोहा के सांसद दानिश अली के कांग्रेस में शामिल होने से देश में न्याय की लड़ाई को बल मिलेगा। अली ने कहा कि आज जो देश की परिस्थितियां हैं, वह किसी से छिपी नहीं है।

बदलाव की तैयारी प्रसार भारती का होगा कायाकल्प, नकारा पेशेवरों की होगी छंटनी

मन की बात का 111वां एपिसोड होगा कुछ अलग

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

● चार वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नवनीत सहगल की हुई ताजपोशी

अमृत विचार : नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके 'मन की बात' के 111वें एपिसोड की लोकप्रियता कुछ अलग नजर आएगी। इसके प्रसारण की नोडल एजेंसी 'प्रसार भारती' का तब तक काफी कुछ कायाकल्प हो चुका होगा। अपनी विशिष्ट कार्यशैली से नौकरशाही में खास पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व नौकरशाह नवनीत सहगल को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उक्त आशय की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

खबरों की दुनिया में भारत के सरकारी जन संचार तंत्र को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र करने के लिए 1997 में प्रसार भारती की स्थापना हुई थी और रेडियो, दूरदर्शन सहित कई सूचना माध्यमों को इसमें जोड़कर आजाद कर दिया गया था। लेकिन प्रसार भारती दिन पर दिन निजी जन संचार माध्यमों के मुकाबले पिटता चला गया। यही वजह है कि देश के कोने-कोने तक सबसे बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद आम जनता तक पहुंच में अभी भी काफी पीछे है।

प्रसार भारती को पेशेवर मजबूती देने के लिए सरकार ने हाई प्रोफाइल कहे जाने वाले चार पत्रकारों को इसका अध्यक्ष बनाया लेकिन नतीजा शून्य रहा। करंट अफेयर्स के पूर्व संपादक निखिल चक्रवर्ती पहले अध्यक्ष बने थे। उनके बाद 3 वर्ष तक यह पद खाली रहा और सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा.यूएस राव को इसका अध्यक्ष बनाया। प्रसार भारती की कार्य संस्कृति देखकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तीसरे अध्यक्ष के रूप में अमेरिका में तैनात टाइम्स आफ इंडिया के पत्रकार एमवी कामथ को नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण भटनागर को चौथा अध्यक्ष बनाया, वह भी एक वर्ष बाद ही हट गए।

उनके बाद एक हिंदी अखबार की संपादक मृणाल पांडे 2011 तक इस पद पर रहीं। पायनियर के सलाहकार संपादक के सूर्य प्रकाश 2020 तक इस पद पर रहे। तब से 4 वर्षों तक अध्यक्ष पद रिक्त था। उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने पिछले दिनों सहगल के नाम की सिफारिश की थी, इस समिति में सूचना एवं प्रसारण सचिव व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष भी एक सदस्य हैं। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति कर दी है और मंगलवार को पहली बार उन्होंने प्रसार भारती मुख्यालय में प्रवेश किया। एक मुलाकात के दौरान सहगल ने काफी सुधार के संकेत दिए हैं, कहा कि पहले अध्ययन करेंगे और फिर फैसले होंगे।

सहगल की नियुक्ति के बाद प्रसार भारती के सभी विभागों में हलचल है। कामकाजी लोग तो प्रसन्न हैं लेकिन तथाकथित पेशेवर कर्मयोगियों की बेचैनी बढ़ गई है यह भी संकेत मिले हैं कि ऐसे लोगों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और उनसे प्रसार भारती जल्द ही किनारा करेगा।

एक नजर

पहले व दूसरे चरण के मतदान के लिए ईवीएम का किया गया परीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में पहले व दूसरे चरण के मतदान के लिए तैयारी तेज कर दी है। आयोग के निर्देश पर दोनों चरणों से संबंधित जिलों में ईवीएम का रैंडमाइजेशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने वर्चुअल बैठक कर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व ईवीएम प्रभारी से सम्बन्धित तकनीकी टीम को प्रथम रैन्डमाइजेशन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने व उसकी तैयारी से सम्बन्धित अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए।

आरोपों से घिरे एडी की जांच करेगा निदेशालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पशुपालन विभाग के कर्मियों को प्रताड़ित करने का मामला

अमृत विचार : पशुपालन विभाग में तैनात एक अपर निदेशक पर चिकित्सकों से वसूली और कर्मचारियों से उत्पीड़न का आरोप है। मामला निदेशालय पहुंचा तो निदेशक आरएन सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने भी कार्रवाई की बात कही है।

पशु चिकित्सालय बीकेटी के चतुर्थ श्रेणी कर्मी राजेंद्र का आरोप है कि पिछले माह एक अपर निदेशक ने धमका कर सादे पेपर पर हस्ताक्षर कराए और मुख्यालय से संबद्ध कर घर पर एक सप्ताह तक चौका-बर्तन व अन्य कार्य कराए। संबद्धीकरण गलत होने के कारण वह अस्पताल लौट आए। इस पर धमकी दी और वेतन रोकने के निर्देश दिए। उत्पीड़न की शिकायत पशुधन मंत्री, प्रमुख सचिव, विशेष सचिव व निदेशक से की। मंगलवार को निदेशक आरएन सिंह ने संज्ञान लिया और अपर निदेशक की गोपनीय जांच की। जांच में एक महिला कर्मी का उत्पीड़न समेत कई और बिंदु भी हैं। इससे पहले अपर निदेशक झांसी व अन्य जिलों में विवादों से घिरे रहे हैं। निदेशक ने बताया कि शिकायतें मिली हैं, जांच के लिए लिखा है। वहीं, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि इस मामले की निदेशक से रिपोर्ट लेंगे। दोषी मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति के संपन्न साक्षात्कार निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार से केजीएमयू के कलाम सेंटर में शुरू हो चुके साक्षात्कार प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। जिसके बाद अभ्यर्थियों में निराशा व्याप्त हो गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सूचना जारी करते हुए करीब 133 पदों के लिए होने वाले साक्षात्कार पर रोक लगा दी है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर साक्षात्कार देने वालों में 18 मार्च को एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर साक्षात्कार संपन्न भी हो चुके थे। मालूम हो कि 18 मार्च से 22 मार्च तक विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार प्रस्तावित थे, दिन व पद वार अभ्यर्थियों को बुलाया जा चुका था, पहले दिन साक्षात्कार संपन्न भी हो चुके थे, ट्यूटर पर के लिए 20 से 22 मार्च तक साक्षात्कार होने थे।

जालौन, बरेली व कन्नौज अव्वल, 11 जिले फिसड्डी

योजना व परियोजनाओं की खराब प्रगति पर मुख्यमंत्री ने जताया असंतोष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली, कानपुर नगर समेत अन्य जिलों की स्थिति खराब

अमृत विचार : सीएम-डैशबोर्ड में विभागों की प्रदर्शित फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी योजनाएं, परियोजनाएं व सेवाओं की मॉनीटरिंग की गई तो फरवरी में बेहतरी पर जालौन प्रथम, बरेली द्वितीय व कन्नौज को तीसरा स्थान मिला है। जबकि लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली, कानपुर नगर, औरैया, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर व प्रयागराज का सबसे खराब प्रदर्शन होने पर बॉटम में रखा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 11 जिलों की खराब प्रगति पर संज्ञान लेकर असंतोष जताया है और प्रगति सुधार के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सीएम-डैशबोर्ड से विभागों के पोर्टल एकीकृत किए गए हैं। इससे जो विभागों की प्रगति होती है, वह सीएम-डैशबोर्ड पर दर्शाती है। इसी आधार पर मॉनीटरिंग कर रैंकिंग दी जाती है। इसमें फर्जी आंकड़े दर्शाये नहीं जा सकते हैं, बल्कि पारदर्शिता आने से प्रगति सुधरने लगी है।

तकनीकी समस्या का मुख्यमंत्री कमांड सेंटर करेगा समाधान : शासन से सभी जिलाधिकारी को रैंकिंग की रिपोर्ट भेजी गई है। यह भी दर्शाया कि सीएम-डैशबोर्ड पोर्टल पर आईडी से जिले की मासिक रैंकिंग, योजना, परियोजना व सेवाओं को मिले अंक भी देख सकते हैं। पोर्टल में किसी तरह की कठिनाई होने पर मुख्यमंत्री कमांड सेंटर की प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट के अधिकारी से समाधान के लिए संपर्क किया जा सकता है।

टॉप-10 जिलों को 10 में मिले ये अंक

पहला स्थान जालौन 8.64 अंक, दूसरा बरेली 8.52, तीसरा कन्नौज 8.48, चौथा अंबेडकरनगर 8.44, पांचवां सोनभद्र 8.31, छठा महाराजगंज व कुशीनगर 8.30, आठवां पीलीभीत 8.29, नौवां मुज्जफर नगर 8.28 व 10वें स्थान पर हरदोई को 8.25 अंक मिले हैं।

प्रयागराज और फतेहपुर सबसे पीछे

65वें स्थान पर रायबरेली को 10 में 7.43 अंक, 66 पर औरैया 7.42 अंक, 67 पर लखनऊ व हापुड़ 7.38 अंक, 69 पर मेरठ 7.22 अंक, 70 गोरखपुर 7.21 अंक, 71 पर गाजियाबाद व कानपुर नगर 7.20 अंक, 73 पर प्रतापगढ़ 7.12 अंक, 74 पर फतेहपुर 7.10 अंक व 75वें स्थान पर प्रयागराज को 7.02 अंक मिले हैं।

जातीय व धार्मिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे राजनीतिक दल व प्रत्याशी

भारत निर्वाचन आयोग ने गाइड लाइन का कड़ाई से पालन कराने का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कोई भी राजनीतिक दल व प्रत्याशी जातीय व धार्मिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसके साथ ही प्रत्याशी दूसरे प्रत्याशियों व दलों के नेताओं के निजी जीवन की आलोचना भी नहीं कर सकेंगे। आदर्श आचार संहिता के तहत इन गतिविधियों पर रोक रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने इसका कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कोई दल या प्रत्याशी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जो भिन्न-भिन्न जातियों और समुदायों, चाहे वे धार्मिक या भाषायी हों, के बीच विद्यमान मतभेद को और अधिक बिगाड़े या परस्पर घृणा उत्पन्न करे या उनके बीच तनाव उत्पन्न करे। कोई भी प्रत्याशी दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी संबंधी आलोचना करने से बचेंगे।

निर्वाचन के दौरान वोट हासिल करने के लिए किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सभी राजनीतिक दल और अभ्यर्थी ऐसी किसी भी गतिविधि जो भ्रष्ट आचरण व अपराध की श्रेणी में आते हैं, जैसे मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्ति के पहले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए परिवहन आदि की व्यवस्था करना जैसे कार्य नहीं करेंगे।

आचार संहिता के संबंध में बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

▸▸ दूसरे प्रत्याशियों के निजी जीवन की आलोचना पर रहेगी रोक

आदर्श आचार संहिता के दौरान शांतिपूर्ण स्थिति बनाये रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और प्रत्याशी उसके विचारों या गतिविधियों से सहमत हों या न हों। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी अपने अनुयायियों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने की अनुमति नहीं होगी।

दूसरे दलों में जाकर बाधा उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया, राजनीतिक दल और प्रत्याशी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक दूसरे दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में न तो बाधा खड़ी करें और न ही उन्हें भंग करेंगे। किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता द्वारा अन्य दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों में मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछकर या अपनी स्वयं की पार्टी के पर्चे बांटकर अव्यवस्था उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी भी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाएगा, जहां दूसरे दल द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हो। किसी भी दल के द्वारा लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं के जरिए नहीं हटाए जाएंगे। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में डेढ़ हजार छात्रों की लटक गई छात्रवृत्ति

अमृत विचार, लखनऊ : कॉलेज की लापरवाही का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में डेढ़ हजार छात्रों की छात्रवृत्ति लटक गई है। छात्रवृत्ति के लिए छात्र अब समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं और अधिकारियों से फरियाद कर रहे हैं।

पिछले वर्ष अक्टूबर माह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने का सिलसिला शुरू हुआ था। जनवरी में छात्रवृत्ति आवेदन के लिए दो बार तिथि भी बढ़ाई गई। पोस्ट मैट्रिक्स छात्रवृत्ति के लिए छात्रों ने पूरा विववरण भरकर आवेदन किया। आवेदनों को कॉलेज स्तर से सत्यापित करके दोबारा भेजा जाना था। छात्र और कॉलेज स्तर पर सत्यापित कर भेजे गए आवेदनों के प्राप्तांक में गड़बड़ी मिली। प्राप्तांक में गड़बड़ी मिलने पर समाज कल्याण निदेशालय ने छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में छात्रवृत्ति का भुगतान निदेशालय से हो रहा है मगर डेढ़ हजार छात्र छात्रवृत्ति के लिए भटक रहे हैं।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कॉलेज की गलती से छात्रों को परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से छात्रों का विवरण मांगा गया है। विवरण आने के बाद ब्योरा शासन को भेजा जाएगा। शासन से अनुमित मांगी जाएगी कि छात्रों की ओर से भरे गए विवरण को सही मानते हुए छात्रवृत्ति दे दी जाए। शासन से अनुमित मिलने पर ऐसे छात्रों को भुगतान किया जाएगा।

चुनाव खर्च के लिए प्रत्याशियों को खोलना होगा अलग खाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रत्याशियों को उपलब्ध होगी दो सौ प्रति वाली चेक बुक

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के साथ की बैठक

अमृत विचार : चुनाव खर्च के लिए प्रत्येक प्रत्याशियों को अलग खाता खोलना होगा। हर प्रत्याशी को 200 प्रति वाली चेक बुक उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस सिलसिले में बैंकों को निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बुधवार को अपने कार्यालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति व बैंकों के उच्चाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में चुनाव प्रक्रिया के दौरान आवश्यक कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी बैंक खाता अपने नाम से या अपने एजेन्ट के साथ संयुक्त नाम से खोल सकते हैं। नामांकन के एक दिन पूर्व तक खाता खोला जा सकता है। बैंक खाता प्रदेश के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) अथवा डाकघर में खोला जा सकता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बैंक प्रत्याशियों के लिए एक समर्पित काउन्टर खोलेंगे व खोले गये खाते में धनराशि जमा व उसके आहरण की अनुमति प्राथमिकता के आधार पर देंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बैंकों से नकद निकासी की समीक्षा की जाएगी। बैंकों के संदेहास्पद लेन-देन की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को दी जायेगी।

सभी बैंक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी खाते से एक लाख रूपये से अधिक की राशि की निकासी व जमा पर ऐसी परिस्थिति में जब पिछले दो महीने के दौरान इस प्रकार जमा व निकासी न की गई हो, की सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे। अगर निकासी 10 लाख रूपये से अधिक की होगी तो इसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को दी जायेगी।

जांच टीमें करेंगी नकदी की जांच

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन अवधि के दौरान बैंकों द्वारा नकदी परिवहन के लिए ईएसएमएस पोर्टल से क्यूआर रिसिप्ट जेनरेट कर नकदी परिवहन करने वाले वाहन के साथ चलने वाले अधिकारी-कर्मचारी को दी जायेगी। यात्रा के दौरान निगरानी दलों उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम या पुलिस टीम के जरिए चेकिंग के लिए रोके जाने पर क्यूआर कोड रिसिप्ट दिखाई जायेगी। अगर जांच में परिवहन की जा रही नकदी की डिटेल क्यूआर रिसिप्ट से मिलान नहीं खायेगी तो उसे अवरूद्ध कर लिया जायेगा। किन्हीं तकनीकी कारणों से ईएसएमएस पोर्टल से क्यूआर रिसिप्ट जेनरेट नहीं होने नकदी परिवहन के लिए जारी निर्देशों के अनुसार अपेक्षित साक्ष्य के साथ नकदी परिवहन किया जाएगा।

शहरी मंत्रालय पहुंचा मेट्रो ईस्ट कॉरीडोर की डीपीआर

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में चारबाग से बंसतकुंज के बीच मेट्रो का संचालन किया जाना है। इसके निर्माण की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल प्रशासन ने एक कदम और बढ़ा दिए हैं। बीते सात मार्च को डीपीआर को केन्द्र के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा गया था। केन्द्र को डीपीआर मिल गया है। मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश ने केंद्र से इसका शीघ्र अनुमोदन करने का अनुरोध किया है।

मेट्रो के ईस्ट वेस्ट कारिडोर का काम लम्बे समय से फंसा था। हाल ही में राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी दी थी। फिर इसके बाद इसे केन्द्र भेजा जाना था। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने सात मार्च को ही इसे केन्द्र सरकार को भेज दिया। यूपी मेट्रो प्रशासन के अनुसार डीपीआर केन्द्र को मिल गया है। ईस्ट वेस्ट कारिडोर कुल 11.165 किलोमीटर लम्बा है। राज्य सरकार ने पांच प्रतियों में केन्द्र को इसकी डीपीआर भेज दी है। केन्द्र की मंजूरी के बाद यूपी मेट्रो लोन की प्रक्रिया शुरू करेगा।

बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित उच्च स्तरीय कार्यशाला के दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डॉ. सुबी चतुर्वेदी। अमृत विचार

एआई तकनीकि से बढ़ेगी दक्षता : मुख्य सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि एआई तकनीकि से विभागों की दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के लिए परिवर्तनकारी परिणाम सुनिश्चित करने के लिए एआई को अपने दृष्टिकोण, योजना और दैनिक कार्यों में शामिल करें। वे बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित उच्च स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सरकारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में एआई प्रशासन के महत्व पर भी जोर दिया। इसके पहले इनमोबी में वैश्विक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी डॉ. सुबी चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यशाला ने नीति निर्माताओं और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को एआई शासन ढांचे, नैतिक विचारों और सरकारी कार्यों में जिम्मेदार एआई तैनाती के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी दी। फोकस यह समझने पर था कि 2027 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जा सकता है। विशेष सत्र में प्रदेश के लिए एआई ढांचे 'यूपीएआई' का भी अनावरण किया गया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और तैनाती को निर्देशित करने में मदद करेगा। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम, सचिव नियोजन अनुराग यादव, विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स नेहा जैन सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस मुख्यालय में दिनभर मची रही हलचल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एनकाउंटर के बाद दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी की लेते रहे अपडेट

अमृत विचार : बदायूं हत्याकांड और एनकाउंटर को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पुलिस मुख्यालय में सरगर्मी तेज नजर आयी। बुधवार सुबह तक यह मामला बदायूं और आसपास तक ही केंद्रित था, लेकिन 10 बजे के बाद पुलिस मुख्यालय के आला अफसर अलर्ट हो गए। एक आरोपी के इनकाउंटर के बाद दूसरे आरोपी की तलाश को लेकर हर आधे घंटे पर घटना और यथा स्थिति को लेकर अपडेट लिया जाने लगा। आला अफसर मीडिया को जवाब देने से कतराते रहे।

गौरतलब हो कि बदायूं में दो नाबालिग भाइयों की हत्या के बाद बुधवार को राजधानी का राजनीतिक तापमान गर्म हो गया। कांग्रेस और सपा ने जहां एक तरफ यूपी सरकार को कानून व्यवस्था के नाम पर घेरना शुरू कर दिया वहीं सोशल मीडिया में बवाल शुरू हो गया। हालात देखते हुए पुलिस मुख्यालय भी अलर्ट हुआ और लगातार कार्रवाई को लेकर आला अफसर जोन के आईजी और एसपी से अपडेट लेते रहे।

एक आरोपी का एनकाउंटर हो जाने के बाद पुलिस मुख्यालय में मीडिया कर्मियों ने आला अफसरों से सवाल भी पूछने चाहे, लेकिन अफसरों ने जवाब न देते हुए कार्रवाई में जुटे होने का हवाला दिया। दोपहर दो बजते ही एक अधिकारी को लोकभवन भी बुला लिया गया। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी अधिकारी लगातार अपडेट लेते रहे। मुख्यालय पर लगातार हलचल मची रही।

बदायूं हत्याकांड के बाद गर्मायी राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की चल रही प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश की राजनीति बदायूं में दो बच्चों की हत्या पर गरमा गई है। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को जहां इस घटना का संज्ञान लेते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सांप्रदायिक तनाव पैदा करवा रही है। वहीं भाजपा की तरफ से पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दानिश अली अंसारी ने सपा को ही कटघरे में खड़ा किया है।

भाजपा ने कहा कि सपा अपराधियों को संरक्षण देती है। पार्टी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने बदायूं की घटना पर कहा कि योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई हो रही है। बदायूं कांड में भी अपराधी के साथ पूरी कठोरता बरती गई है। इससे पहले बदायूं कांड पर सपा मीडिया सेल के अकाउंट से लिखा गया, 'भाजपा उत्तर प्रदेश में दंगा-फसाद, सांप्रदायिक तनाव खड़ा करके चुनाव जीतना चाहती है। इसी कारण से ऐसी घटनाओं को खुद अंजाम दिलवा रही। भाजपा के इशारे पर ही ऐसी वारदातें हो रहीं।'

इसी मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 'सपा में नैतिकता नाम की कोई चीज बची है तो बदायूं मामले में राजनीति न करे, दो अबोध बच्चों की निर्मम हत्या की गई है। पुलिस कार्रवाई कर रही है। केशव ने इसी के साथ लोगों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील भी की।

जितनी तरजीह हिंदुओं को, उतनी मुसलमानों को भी

वहीं, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को बेगुसराय में रहते हुए बयान दिया कि, अब अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी समझ रहे हैं कि उनका जनाधार खिसक रहा है इसलिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। योगी सरकार में जितनी तरजीह हिंदुओं को मिली, उतनी ही मुसलमानों को भी मिली है। इसी बीच मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन से जो भी आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए वो की है। योगी सरकार कानून व्यवस्था के लिए जानी जाती है।

कानून व्यवस्था फेल: शिवपाल यादव

सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने भी बदायूं घटना को दुखद बताते हुए पुलिस-प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल, शिवपाल यादव बदायूं लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। बुधवार को संभल दौरे पर रहते उन्होंने कहा कि सरकार अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात करती है लेकिन ऐसी घटनाओं से पता लगता है कि इस सरकार में कानून व्यवस्था फेल हो गई है। लॉ-एंड-ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त है।

प्रदेश में हुए 70 वीवीआईपी दौरे, खर्च 92 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रधानमंत्री के बलरामपुर दौरे में पांच करोड़ तो मुख्यमंत्री हापुड़ दौरे में डेढ़ करोड़ खर्च

▸▸ शासन ने पुलिस विभाग को लोकसभा चुनाव से पहले जारी किया बजट

अमृत विचार : शासन ने पुलिस विभाग को लोकसभा चुनाव से पहले वीवीआईपी दौरे के इंतजाम में खर्च हुए 92 करोड़ की धनराशि जारी की है। यह धनराशि मिलने के बाद पुलिस विभाग को चुनाव के दौरान अपनी तैयारी करने में आसानी होगी।

खर्च के ब्योरे के मुताबिक 11 दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बलरामपुर दौरे के दौरान लगभग पांच करोड़ रुपये का खर्च आया। जबकि 24 नवंबर 2022 को झांसी में हुए मुख्यमंत्री के दौरे में डेढ़ करोड़ रुपये का खर्च आया। शासन द्वारा इस तरह कुल 70 दौरों का जिक्र करते हुए अब तक की धनराशि जारी की गई है।

यह धनराशि वीवीआईपी के विभिन्न जिलों में दौरे के दौरान हुए खर्च का था। धनराशि अगस्त 2021 से अब तक की है। इन वीवीआईपी नेताओं में देश के प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम एवं कई शीर्ष अधिकारियों के नाम शामिल हैं। भुगतान में कार्यक्रम स्थल की तैयारी में हुए खर्च मसलन पांडाल, स्विस कार्टेज, साउंड सिस्टम, कुर्सियां, भोजन, बैरिकेटिंग, हेलीपैड के निर्माण, शिलान्यास आदि पर आए खर्च का भी ब्योरा है।

ब्योरे के मुताबिक महराजगंज, बलरामपुर, मिर्जापुर आदि जिलों में वीवीआईपी नेताओं और अधिकारियों के कई कार्यक्रम हुए। यह भी उल्लेखनीय है कि बांदा, बुलंदशहर और मैनपुरी में हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे में 11 से 13 लाख रुपए ही खर्च हुए। 11 मार्च 2023 को मेरठ पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यक्रम में लगभग दो करोड़ रुपए का खर्च आया। 14 जुलाई 2022 को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के महाराजगंज दौरे में एक करोड़ 18 लाख रुपए का खर्च आया।

चुनाव ध्यान में रखते हुए हज यात्रियों के फ्लाइट शेड्यूल बने

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक कार्यकर्ता हाजी शिराज उद्दीन ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिख कर इस बात से अवगत कराया कि मुख्य चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 7 चरणों में चुनाव कराने का ऐलान किया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज फ्लाइट शेड्यूल संभावित है मई के माह से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जाने वाले हज यात्रियों के फ्लाइट शेड्यूल को लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथियों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाए। इसके बाद भी यदि कुछ शहरों के हज यात्री छूट रहे हों तो उनके लिए चुनाव आयोग से कह कर अग्रिम मतदान सुविधा उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इस पत्र की एक कॉपी निर्वाचन आयोग दिल्ली और हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई भी भेजी गई है।

तैयारी | एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने तैयार किए दो खास हर्बल गुलाल

कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है।

बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए।

▸▸ गुरु गोरखनाथ को अर्पित फूलों से भी बनाया हर्बल गुलाल औषधीय गुणों से परिपूर्ण

▸▸ संस्थान के निदेशक ने मुख्यमंत्री योगी को भेंट किए दोनों हर्बल गुलाल, मिली सराहना

मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा।

निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है। इसी के तहत, संस्थान द्वारा श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, के फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है।

त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष था कचनार

कचनार को त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था और यह हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की सुस्थापित औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल आदि गुण भी होते हैं। इसी तरह, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल को तैयार किया गया है। इन हर्बल गुलाल का परीक्षण किया जा चुका है और यह मानव त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।

10वां रोजा

शिया
सहरी : 4:38 बजे
इफ्तार : 6:30 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:44 बजे
इफ्तार : 6:20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- स्पोर्ट्स कॉलेज में राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी का फाइनल मैच- 8:00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे सत्र का आयोजन- 10:00 बजे।
- नेशनल पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम- 10:30 बजे।
- एसजीपीजीआई में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम- 11:00 बजे।

एक नजर

रोडवेज बस पर पथराव, कई यात्री घायल

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत बुधवार को शरारती तत्वों ने आयोध्या जनपद से आ रही एक रोडवेज बस पर पथराव कर दिया। पत्थरबाजी में बस में सवार यात्री चोटिल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल यात्रियों को अस्पताल में पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि परिचालक की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है। वहीं चालक और परिचालक द्वारा विभाग में भी अभी तक कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है।

कमेटी करेगी मांझी में ध्वस्त शौचालय की जांच

अमृत विचार, लखनऊ : जिले की मलिहाबाद ग्राम पंचायत में शौचालय में भ्रष्टाचार का मामला पंचायती राज निदेशालय पहुंच गया। निदेशक राज कुमार ने संज्ञान लेकर अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए हैं। शिकायत है कि ग्राम पंचायत में तालाब की भूमि पर योजनाएं के तहत व्यक्तिगत शौचालय बनाए गए। इसमें अनियमितता बरती गई। बाद में लाभार्थियों ने खुद शौचालय ध्वस्त कर दिए। इस मामले की जिलेस्तर पर शिकायत की गई थी। लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन अब निदेशक ने सख्त रवैया अपनाते हुए एक बार फिर से जांच के आदेश दिए हैं।

बीसी सखी अभ्यर्थियों का पुलिस करेगी सत्यापन

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में बीसी सखी यानी बिजनेस करेस्पांडेंट सखी पुलिस सत्यापन कराकर तैनात की जाएंगी। 491 ग्राम पंचायत में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ अभ्यर्थियों का चयन कर तैनाती करना है। इसमें 392 बीसी सखी का चयन कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनकी तैनाती के लिए पुलिस सत्यापन कराया जाएगा। इसकी सूची विभाग ने पुलिस आयुक्त को भेजी है।

संसाधन नहीं बढ़ने से आधा शहर प्यासा

आबादी हो गयी दोगुनी, 50 फीसदी इलाकों में वाटर लाइन कनेक्शन ही नहीं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : आधा शहर प्यासा है। पिछले 10 वर्षों में आबादी तो दो गुना हो गई लेकिन जलकल विभाग अपने संसाधन नहीं बढ़ा पाया। शहर के आधे लोगों को ही पाइप लाइन से सप्लाई का पानी मिल पा रहा है। आधी से अधिक आबादी प्यास बुझाने के लिए सबमर्सिबल और हैंडपम्प पर निर्भर है। आधी आबादी आज भी कठौता, बालागंज और ऐशबाग वाटर वर्क्स पर निर्भर है। इनसे शहर को प्रतिदिन 4,00 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति की जाती है।

इसके अलावा लगभग 7,00 नलकूलों से भी 300 एमएलडी पानी रोज दिया जाता है। इनमें से 1,00 से अधिक नलकूप बेकार पड़े हैं। इन्हें रिबोर कराने की जरूरत है। लगभग 2,000 हैंडपम्प खराब हैं। गर्मी के मौसम में गोमती और शारदा नदी में पानी कम हो जाने से शहर में पेयजल की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है।

गोमती नदी के किनारे स्थित गऊ घाट पम्पिग स्टेशन। अमृत विचार

शहर के 2,000 हैंडपम्प खराब, टंकियों का ही सहारा

शहर के लगभग 2,000 हैंडपम्प खराब हैं अब पानी की टंकियों का सहारा है। इन्हें सही कराने की जगह नगर निगम और जलकल विभाग सार्वजनिक स्थलों व कालोनियों में सबमर्सिबल की बोरिंग करके पानी की टंकियां लगा रहे हैं। इन टंकियों से राहगीर और आस-पास के लोग प्यास बुझाते हैं। गर्मी के मौसम में निवासियों को पेयजल के लिए महिलाओं को सुबह से लम्बी लाइन लगानी पड़ती है।

4.50 लाख घरों में कनेक्शन : शहर के लगभग 4.50 लाख घरों में जलकल विभाग के वाटर लाइन कनेक्शन हैं। अभी भी लगभग 50 फीसदी घरों को पाइप लाइन से नहीं जोड़ा जा सका है। इसके कारण लोग सबमर्सिबल पर अधिक निर्भर हैं। जिससे पेयजल की बर्बादी होती है साथ ही भू-जल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। नये क्षेत्रों को पाइप लाइन से जोड़ने में जलकल विभाग बहुत पीछे है। वृंदावन योजना के सेक्टर पांच में खरिका सहित कुछ अन्य इलाकों में अमृत योजना 2 के अंतर्गत पाइप लाइन से पेयजल की आपूर्ति के लिए काम शुरू हो चुका है।

- आधा शहर कठौता, बालागंज और ऐशबाग वाटर वर्क्स पर निर्भर

लगभग 4.50 लाख लोगों को पाइप लाइन से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कई और इलाकों को भी पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है। खराब पड़े नलकूप रीबोर कराये जाने हैं। जल्दी ही काम शुरू हो जाएगा। गर्मी में जनता को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।
-रमेश चंद्रा, सचिव, जलकल विभाग

प्रति व्यक्ति रोज 150 लीटर पानी की आवश्यकता : तय मानक के अनुसार प्रति व्यक्ति को रोज 150 से 180 लीटर पानी की आवश्यकता है। इसके सापेक्ष अभी जलकल विभाग कम आपूर्ति कर पा रहा है। बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए पेयजल की जरूरत भी बढ़ गयी है। गर्मी में पानी की मांग और बढ़ जाती है। इसके अलावा नलकूपों की मोटर खराब हो जाने से भी पेयजल आपूर्ति बाधित होती है।

गलत ऑपरेशन से मौत लगा 70 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वाराणसी में एक महिला का प्रसव के दौरान चिकित्सक को ऑपरेशन करना महंगा पड़ गया। लापरवाही के चलते महिला की मृत्यु होने पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक व नर्सिंग होम पर 70 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। साथ ही पिता को मानसिक प्रताड़ना व व्यय आदि के भी ब्याज समेत लाखों रुपये अदा करने होंगे। नई बस्ती ईश्वरगंज, वाराणसी निवासी विजय बहादुर सिंह ने बेटी प्रिया को गर्भवती होने पर श्याम मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम गांधी नगर सिगरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज पांडेय से उपचार कराया। 30 जनवरी 2013 को प्रसव पीड़ा होने पर बेटी को भर्ती कराया और उसी दिन डॉ. सरोज ने ऑपरेशन किया और अचेत अवस्था में वार्ड में भेज दिया। स्टॉफ ने प्रिया की देखभाल नहीं की। होश न आने पर डॉ. सरोज से कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया और लापरवाही के चलते दूसरे दिन मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम में ऑपरेशन के दौरान लापरवाही के कारण पेट से अधिक खून बहना और थक्के बनने से मौत होने की पुष्टि हुई। इस पर विजय ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेन्द्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की और चिकित्सक व नर्सिंग होम पर 70 लाख रुपये हर्जाना मृत्यु के दिन से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 30 दिन के अंदर देने का आदेश दिया। इसमें आधी राशि बेटे के बालिग होने तक 10 वर्ष के लिए शिक्षा व देखभाल के लिए बैंक में जमा की जाएगी। जबकि विजय को चिकित्सा व वाद व्यय 50-50 हजार रुपये 12 प्रतिशत ब्याज के साथ और देना होगा।

- वाराणसी में एक महिला चिकित्सक ने प्रसव में बरती लापरवाही
- राज्य उपभोक्ता आयोग का आदेश बेटे के लिए जमा होगी आधी राशि

एलडीए अपनी योजनाओं में खोजेगा खाली भूखंड

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- समस्त सम्पत्ति प्रभारी एक साथ ढूंढेंगे संपत्तियों की गायब फाइलें

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी विभिन्न योजनाओं के खाली भूखंड खोजेगा। इसके लिए 15 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें समस्त अधिकारी अपनी योजनाओं के खाली भूखंड की फाइलें खोजेंगे। इसमें देखा जाएगा कि किस योजना में कितने प्लॉट थे, कितने बिके और कितने खाली हैं। यह भी देखा जाएगा कि जो भूखंड बचे हैं उनकी फाइल ढूंढी जाएंगी। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बुधवार को 15 दिवसीय अभियान चलाने के निर्देश दिए।

दरअसल एलडीए की कानपुर रोड योजना, अलीगंज, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, गोमती नगर और गोमती नगर विस्तार योजना में आवंटित किये गए कई भूखंडों की फाइलें गायब हैं। जिससे आवंटियों को रजिस्ट्री के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। अभियान के तहत समस्त योजनाओं के भूखंडों की जांच की जाएगी। आवंटित किये गए जिन भूखंडों की रजिस्ट्री नहीं हुई है उनकी फाइलें बंद पड़ी आलमारियों में तलाशी जाएंगी। साथ ही योजना का निरीक्षण करके भूखंड की स्थिति देखी जाएगी।

एलडीए के शिविर में 66 आवंटियों ने करायी रजिस्ट्री

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर के अंतिम दिन बुधवार को 42 आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री कराई गई। रजिस्ट्री के पांच नये प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राधिकरण द्वारा आयोजित किये गये दो दिवसीय निबंधन शिविर में कुल 66 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि आवंटियों की सुविधा के लिए 19 मार्च से प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन 24 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी थी। बुधवार को दिन भर चली कार्यवाही के दौरान 42 आवंटियों के पक्ष में सम्पत्ति का निबंधन किया गया।

सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे विस्थापित

- एलडीए के अधिकारी जाएंगे दिल्ली, रखेंगे पक्ष

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अकबरनगर में कुकरैल बंधे व नदी की जमीन पर अवैध तरीके से बनीं 93 दुकानों पर मंगलवार को उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ विस्थापित सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की तैयारी में हैं।

उच्च न्यायालय ने मकान में बनीं दुकानों को बुधवार तक खाली करने का आदेश दिया है। हालांकि अधिकांश दुकानों से सामान निकाल लिया गया है लेकिन मकानों के प्रथम तल पर अभी भी लोग रह रहे हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उच्च न्यायालय में अपील करके 93 दुकानों को कॉमर्शियल मानते हुए तोड़ने की अनुमति मांगी थी। उच्च न्यायालय में लगातार एक सप्ताह चली सुनवाई में प्राधिकरण के पक्ष में फैसला सुनाया था। अकबरनगर में मकान में गोदाम व दुकानें चला रहे 93 दुकानदार सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एलडीए के अधिकारी भी दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं। वे सर्वोच्च न्यायालय में एलडीए का पक्ष रखेंगे।

एलडीए ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

93 दुकानें ध्वस्त करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार को पत्र भेज दिया है। अनुमति मिलने के बाद एलडीए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर देगा। मकान में बनीं दुकानों को तोड़ने में समस्या आ सकती है। ऊपर के तल पर लोग रह रहे हैं। त्योहार और लोकसभा चुनाव को देखते हुए अभी अनुमति मिल पाना मुश्किल है। विस्थापितों को दूसरी जगह भेजने पर मतदान से वंचित हो जाएंगे।

बड़े प्रतिष्ठानों पर मजिस्ट्रेट के साथ जाएगा पुलिस बल

अमृत विचार, लखनऊ : मिलावट के खिलाफ बड़े प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाए। जरूरत पड़ने पर मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स की सहायता लें। यह निर्देश जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए।वहीं समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 962 स्थान पर छापा मारकर 1039 विधिक नमूने संग्रहीत लिए गए।

जिलाधिकारी ने होली को लेकर चल रहे अभियान और कार्रवाई की समीक्षा की। कहा, होली के साथ इकाना स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच में जो खाद्य व्यवसायी कैटरिंग सेवा देंगे उन सभी को भोजन की गुणवत्ता व शुद्धता की अभी से जानकारी दें। साथ ही क्लीन स्ट्रीट फूड हब (मरीन ड्राईव रिवर फ्रन्ट), किसान बाजार को क्लीन एंड फ्रेश फूरट एंड वेजीटेबल मार्केट व आवासीय विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की कैंटीन को ईट राइट कैंपस को के रूप में विकसित किया जाए।

पिसे मसालों में लकड़ी का बुरादा कर सकता बीमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिक रहे केमिकल और रंग से रंगे मिर्च, हल्दी, हींग, जीरा
- मिलावट से स्वाद फीका, खुला व पैक मसाला परखकर ही खरीदें

अमृत विचार : होली के पकवान मिर्च, नमक और पिसे मसालों के बगौर फीके हैं। इसलिए त्योहार पर तरह तरह के खुले व पैक मसाले दुकानों पर बिक रहे हैं। जो देखने में तो शुद्ध लगते हैं लेकिन, मिलावट से इनकार नहीं कर सकते हैं। मिलावटखोर अधिक मुनाफे के चक्कर में पिसे मसालों में ज्यादातर लकड़ी का बुरादा, सिंथेटिक रंग, चोकर, साधारण नमक आदि मिलाते हैं। इससे मात्रा बढ़ जाती है और लागत कम आती है।

लोगों के लिए जानकारी के अभाव में पहचान करना मुश्किल होता है। इसी तरह लाल मिर्च में ईंट व नमक का चूरा या पाउडर आदि मिलाते हैं। इससे पकवानों का स्वाद तो फीका होता है उससे ज्यादा सेवन से पेट संबंधी गंभीर बीमरियां होती हैं। इनके मिश्रण पचते नहीं हैं बल्कि पाचन तंत्र कमजोर करते हैं। स्वास्थ्य के लिए बेहतर यही होगा कि लोग त्योहार के अलावा भी जांच-परखकर खरीदारी करें।

हालांकि खाद्य सुरक्षा विभाग मिलावट के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है।

इनका होता है प्रयोग

- खड़ी हल्दी में लेड क्रोमेट व पिसी में कृत्रिम रंग
- हींग में लीसा, रेजिन व स्टार्च
- काली मिर्च में पपीते के बीज व हल्की काली बेरी
- हींग में सोप स्टोन व मिट्टीदार पदार्थ
- लाल मिर्च में लकड़ी बुरादा व सिंथेटिक रंग
- नमक में खड़िया पाउडर
- लौंग में पुरानी और खोखली लौंग
- दालचीनी में केसिया की छाल
- जीरा में चारकोल के रंगे घास के बीज

पनीर का सैंपल लेती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम। अमृत विचार

ऐसे करें मिलावट का त्वरित परीक्षण

लाल मिर्च : एक गिलास पानी में एक चम्मच मिर्च पाउडर मिलाएं और उसके अवशेष को रगड़ने पर खुदरापन लगे तो समझिए ईंट का चूरा या रेत मिली है।

पिसे मसाले : कांच के गिलास में पानी डालकर एक चम्मच मसाला मिलाएं। यदि उसमें लकड़ी बुरादा, चोकर आदि होगा तो ऊपरी सतह पर जम जाएगा।

हल्दी : पानी भरे कांच के गिलास में खड़ी हल्दी का टुकड़ा डालें। किसी भी तरह का रंग या केमिकल होगा तो रंग छोड़ेगा। जबकि शुद्ध हल्दी रंग नहीं छोड़ती। इसी तरह पिसी हल्दी में कृत्रिम रंग होने पर तेज पीला रंग छोड़ेगी और नीचे बैठ जाएगी।

हींग : एक ग्राम हींग चूरा बनाकर कांच के गिलास में पानी डालकर मिलाएं। शुद्ध होने पर पानी दूधिया रंग का हो जाएगा और नीचे हल्दी नहीं बैठेगी। जबकि मिलावट पर पानी नीला हो जाएगा और मिश्रण नीचे बैठ जाएंगे।

काली मिर्च : काली मिर्च के दाने अंगुलियों से नहीं दबेंगे जबकि बाली बेरी होने पर आसानी से दब जाएंगे। पपीते के बीज होने पर ऊपरी सतह पर रहेंगे। जबकि काली मिर्च नीचे बैठ जाएगी।

13 प्रतिष्ठानों पर छापा 19 नमूने लिए

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर मिलावटी सामान बनाने व बेचने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में नगर व ग्रामीण इलाकों में टीमों ने प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान खासकर दूध, खोवा, पनीर, मिठाई, तेल, घी, रिफाइंड, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, मिर्च, मसाले आदि का परीक्षण किया। इससे दुकानदारों में दशहत रही। कुछ को भनक होने पर दुकान बंद कर इधर-उधर हो गए। जबकि 13 प्रतिष्ठानों से मिलावट की आशंका पर 19 नमूने लिए।

होली पर कराएंगे दीपावली सा अहसास, माचिस से जलेंगे फाइव शॉट

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर 'टू शॉट', 'फाइव शॉट' और 'अनार' जैसे पटाखे का नाम सुनकर आप अचरज में पड़ जाएंगे। दीपावली पर पटाखा जलाना एक सामान्य सी बात है। लेकिन होली पर पटाखे का जिक्र करना आपको सोचने पर जरूर मजबूर कर देगा कि यह पटाखे रंगोत्सव पर क्या करेंगे? इसका एक जवाब है कि यह न तो तेज धमाका और बारूद की गंध पैदा करेंगे और न ही रोशनी। बस माचिस की एक तीली दिखानेभर की देर है कि इनसे महकता हुआ गुलाल बाहर निकलेगा और पूरे वातावरण को रंगीन कर देगा। होरियारों के लिए बाजार में ऐसे-ऐसे आइटम आए हैं जो माचिस की तीली से चलेंगे और गुलाल बिखेरेंगे।

टू और फाइव शॉट बिखेरेगा खुशबूदार गुलाल: यह देखने में एक पटाखा सा नजर आएगा। इसमें जमीन पर ठीक कई शॉट वाले दीपावली के आइटम की तरह इनसे एक-एक कर धीरे-धीरे फायर होते होंगे। ऊपर जाकर इसमें से अलग-अलग रंग का सेंटेड गुलाल बाहर आएगा। इसका असर वातावरण में करीब 10 से 15 मिनट तक देखने को मिलेगा। दो तरह की वैरायटी हैं। एक की कीमत 250 तो दूसरे की मूल्य 350 रुपया प्रति डिब्बा है। इसमें दो सेट होंगे। एक पहले चलाइए फिर कुछ देर बाद दूसरे का उपयोग करिए। कलर फॉग का भी जलवा अलग है। पांच पीस का यह आइटम 200 से 250 रुपये का है। यहियागंज के थोक कारोबारी शेखर गुप्ता बताते हैं कि बाजार में पटाखे वाले रंगों की डिमांड है। नई पिस्टल पैरो गन की मांग काफी है। इसकी रंगभरी कारतूस मिलना आसान नहीं है। छह कारतूस के साथ इसकी कीमत 450 से 500 रुपया है।

टू और फाइव शॉट फाइव शॉट।

गुलाल फेंकने वाला कलर सूटर।

रंग फेंकने वाले सिलेंडर।

- एक-एक कर करेंगे आकाश का रुख, छोड़ते रहेंगे गुलाल
- हर्बल रंग व गुलाल की खूब डिमांड

रंग -कीमत (रुपये प्रति किलो)

गुलाबी रंग टॉप	2,000
हरा रंग अव्वल	1,600
बैंगनी	500 से 600
लाल रंग	500 से 600
गुलाल हर्बल	100 से 200
भगवा गुलाल	90 से 150
आर्गेनिक रंग	160 रुपये छह पीस

अनार रोशनी नहीं गुलाल फेंकेगा

: दुकानदार बबलू पाल के मुताबिक अनार की बिक्री भी तेज है। एक डिब्बे की कीमत 90 रुपया है। इसमें तीन अनार होते हैं। माचिस की तीली से इसे सुलगाते ही दीपावली के पटाखे की तरह रौशनी की जगह गुलाल निकलता है।

माहौल को खुशनुमा बनाने के लिए सेंटेड रंग

रंग घोलते वक्त उसमें अलग से सेंट के इस्तेमाल से बचना हो तो इस हर्बल रंग को लोग खरीदे बिना नहीं रह पाएंगे। डिब्बे से रंग निकाला और उसे बाल्टी में डाल दिया। लोगों ने इसे बहुतायत में खरीदा है।

सिंगिल सिलेंडर शॉट से 25 फीट की ऊंचाई तक उड़ेगा गुलाल

शेखर गुप्ता के मुताबिक सिंगिल सिलेंडर शॉट से 20 से 25 फीट की ऊंचाई तक गुलाल के बादल छा जाएंगे। इसका असर वातावरण में काफी देर तक रहता है। दो किलो गुलाल वाले सिलेंडर की कीमत 650 से 750 रुपये और 4 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 900 से 950 रुपया है। उत्तम गुणवत्ता वाला गुलाल इसमें भरा है।

चुनावी बिसात पर 'भगवा गुलाल' की चाल

चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में चुनावी बिसात पर भगवा गुलाल की चाल लोगों की पसंदीदा है। होली के पर्व पर भगवा रंग और गुलाल की बिक्री सर्वाधिक है।

होली से पहले लखनऊ का बिगड़ेगा मौसम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और उसके आसपास इलाकों में बारिश होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग का मानना है कि होली से पहले कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश भी हो सकती है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण चली ठंडी हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट देखने को मिली। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर बुधवार दोपहर बाद से देखने को मिला। लखनऊ और आसपास इलाकों में ठंडी हवाएं चलीं। ऐसे में तापमान में गिरावट रिकार्ड की गई। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री से लुढ़कर 13 डिग्री के करीब आ पहुंचा। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, गरज और चमक के साथ बारिश की संभावनाएं बढ़ चली हैं। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण ठंडी हवाओं से न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। ऐसे में ठंडी हवाओं की रफ्तार और बढ़ सकती है। कई स्थानों में आंधी चलने की भी संभावना है।

30- 40 रही हवाओं की रफ्तार, 24 को होगी बारिश : लखनऊ और उसके आसपास हवाओं की रफ्तार 30-40 किलोमीटर की रही। मौसम विभाग का मानना है कि मौसम आगे और भी बिगड़ सकता है। तेज हवाओं के बीच आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। इसके अलावा 21, 22 और 23 मार्च को ठंडी हवाएं चलने की संभावनाएं जताई हैं। 24 मार्च को अलग - अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश का भी अनुमान है। 25 मार्च को मौसम साफ रहने की उम्मीद बन रही है।

रंग में भंग ना डाल सके बिजली के खुले तार

अमृत विचार, लखनऊ : होली के रंग बिजली के तार भंग न डाल दे। इसके लिए पॉवर कारपोरेशन ने लेसा को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। सभी उपकेंद्र को निर्देश जारी किया गया है कि जहां पर होली जलाई जा रही है। वहां पर तारों को आग की लपटों से दूर करने के इंतजाम किए जाए। साथ ही जिन स्थानों पर बिजली के तार खुले पड़े या केबिल सड़क तक लटकी हुई है। उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे किसी तरह की दुर्घटना न हो सके। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि खुलें तारों को प्रोटेक्शन शील्ड से कवर करने का आदेश दिया गया है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

एक नजर

नवयुग में सिखाई गईं एनसीसी की बारीकियां

लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय में भारतीय सेना में करियर के विभिन्न अवसर तथा अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया विषय पर जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जोनल भर्ती कार्यालय से जोनल भर्ती मेडिकल ऑफिसर मेजर गौतम कुमार वर्मा ने भारतीय सेना के कमीशन अफसर के साथ-साथ एनसीसी विशेष भर्ती, तकनीकी तथा गैर तकनीकी भर्ती, अग्निवीर भर्ती से संबंधित आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता एवं परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने अनुशासित जीवन के साथ समाज में कुछ अलग करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में 19 बटालियन से सूबेदार मेजर ताजबर सिंह, हवलदार रमाकांत, नायक पाटिल समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों की परीक्षाएं शुरू

रिपोर्ट कार्ड के लिए शिक्षा महानिदेशक ने जारी किया बजट, राजधानी सहित प्रदेश भर में 1.2 करोड़ बच्चे एक साथ दे रहे हैं परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में वार्षिक परीक्षायें बुधवार को शुरू हो गई। परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे से पहली पाली की परीक्षा शुरू हुई। पहली पाली की परीक्षा 11:45 बजे तक हुई वही, दूसरी पाली में दोपहर 12:15 से 2:45 बजे तक छात्रों ने परीक्षा दी। राजधानी सहित प्रदेश भर में शुरू हुई परीक्षा में 1.92 करोड़ बच्चे शामिल हो रहे हैं। बुधवार को कक्षा दो के बच्चो ने पहली पाली में हिन्दी की परीक्षा दी वहीं तीसरी कक्षा के बच्चों ने पहली पाली में सामाजिक विषय और दूसरी पाली में कला-संगीत की परीक्षा दी। इसके साथ ही कक्षा चार से आठ तक के बच्चों की पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में कला-संगीत विषय की परीक्षा आयोजित हुई।

राजधानी के सरकारी विद्यालय में परीक्षा देते हुए बच्चे। अमृत विचार

बच्चों के रिपोर्ट कार्ड के लिए बजट जारी

लखनऊ। स्कूल शिक्षा महानिदेशक व राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से सभी प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध करवाने के लिए बजट जारी कर दिया गया है। इस बारे में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियो को महानिदेशक की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। जारी पत्र के मुताबिक 339 .04056 लाख की धनराशि जारी की गई है।

प्रश्नपत्र देखकर बच्चे हुए परेशान

लखनऊ। कक्षा दो में हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान जो प्रश्नपत्र बच्चों दिया गया उसे देखकर बच्चे भी हैरान रह गये। दरअसल बच्चों के पेपर को देखने के बाद शिक्षकों ने बताया कि प्रश्नपत्र में जो सवाल पूछे गये हैं उसमें वह हिंदी की किसी भी किताब में नहीं है। इससे बच्चों को परेशानी हुई है। हालांकि बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि प्रश्नपत्र डायट से बनकर आये हैं इस बारे में पता करके आगे की कार्रवाई की जायेगी।

राजधानी में 1618 स्कूलों में हो रही परीक्षा

लखनऊ। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि राजधानी में संचालित 1618 विद्यालयों में एक लाख से अधिक छात्र-छात्रायें परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बता दें कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं दोनों पाली में आगे भी हैं। 27 मार्च तक चलने वाली परीक्षा के बीच 24 से 26 तक होली का अवकाश भी पड़ेगा। इसके बाद 27 को मौखिक व खेल और क्राफ्ट जैसे विषयों की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

गूगलशीट भरना अनिवार्य

लखऊ। परीक्षा शुरू होते ही बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि 1 से 8 तक हो रही परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों का ब्योरा गूगल शीट पर अनिवार्य रूप से भराना होगा। निदेशक ने कहा कि 27 मार्च तक वार्षिक परीक्षा में प्रतिदिन शामिल बच्चों को ब्योरा अपडेट किया जाना चाहिए।

जर्मनी के विशेषज्ञों ने दिखाई सेहत की राह

कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार इंटरडिसिप्लिनरी बायोमेडिकल रिसर्च पर दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन जर्मनी के होमा थेटेपी विशेषज्ञ डॉ. उलरिच बर्क और रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में पर्यावरण और स्वास्थ्य में अग्निहोत्र का महत्व डॉ. उलरिच बर्क द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रसूति विज्ञान में आनुवंशिकी का महत्व केजीएमयू के प्रो. अमिता पांडे की ओर से विस्तार दिया गया। ग्लास और सिरेमिक के बायोमेडिकल अनुप्रयोग डॉ. सीआर गौतम ने छात्रों के बीच साझा करते हुए बिन्दुवार जानकारी दी गई। आनुवंशिकी और व्यक्तिगत चिकित्सा पर प्रख्यात वक्ता प्रो. फरजाना मेंहदी, एरा मेडिकल के पूर्व वीसी और एसजीपीजीआईएमएस से डॉ. अमिता मोइरांगथेम ने नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विषयवार प्रो. आभा बिस्नोई, प्रो. मोनिशा बनर्जी और डॉ. जॉय सरकार द्वारा प्रकाश डाला गया।

शोधकर्ताओं ने किया पीपीटी का प्रस्तुतिकरण

सीडीआरआई के डॉ. अतुल गोयल और सीमैप के डॉ. अरविंद नेगी की उपस्थिति में रसायन विज्ञान विभाग के शोध छात्रों द्वारा मौखिक पीपीटी प्रस्तुत की गई। इसका विशलेषण प्रो. नवीन खरे और प्रो. आरएम नाइक की उपस्थिति में किया गया।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

प्रोग्रेस डे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी इण्टरनेशनल स्कूल में संस्था का द्वितीय प्रोग्रेस डे आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बस्ती-संतकबीर नगर-सिद्धार्थनगर के विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश द्वारा प्रतिभाग किया गया। सुभाष यदुवंश ने छात्रों के प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाला भविष्य आर्टिफिसियल इन्टलीजेंन्स का है। जिसमें तकनीकी में दक्ष छात्रों एवं देश का विश्व पटल पर अमिट प्रभाव होगा। मैनेजर डॉ. विनय पाण्डेय ने कहा कि संस्था में शिक्षा के साथ छात्रों के सर्वागीण विकास हेतु सतत प्रयास किये गये है। छात्रों का सर्वागीण विकास ही संस्था का मुख्य उददेश्य है।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए एमएलसी पवन सिंह।

वैदिक-आधुनिक विज्ञान विकास से जुड़ें छात्राएं

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और वैदिक ज्ञान पर ऑनलाइन चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को गति देने पर बल दिया। मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश दीक्षित ने कि भारतीय शिक्षा का उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की प्रो. शिल्पी वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा के डिपार्टमेंट आफ एनाटोमी एंड सेल बायोलॉजी के प्रो. सत्यनारायण द्वारा मानव भ्रूण विकास वैदिक एवं आधुनिक विज्ञान विषय पर आनलाइन व्याख्यान दिया। इस अवसर पर शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के डॉ. प्रवीण मिश्र, डॉ. इन्द्रेश शुक्ला, हेमन्त कुमार उपाध्याय, प्रो. निधि सिद्धार्थ, प्रो. माधुरी यादव सहित विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का भव्य आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस एवं गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण गीत-संगीत का अनूठा समां बांधा। इस अवसर छात्रों ने जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व मानवता की सेवा एवं उत्कृष्टता पर ओजस्वी विचारों से विद्यालय की ब्राडर एवं बोल्डर शिक्षा पद्धति का शानदार प्रदर्शन किया तथापि 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' के माध्यम से स्कूली प्रक्रिया में अभिभावकों को साझीदार बनाने के सीएमएस के प्रयास को सफल बना दिया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

पुस्तक दिखाते सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. अनीता भटनागर जैन। अमृत विचार

लविवि में पूर्व आईएएस ने भेंट की 201 पुस्तकें

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कृष्ण हरनंदन मेमोरियल ट्रस्ट की चेयरपर्सन ने 201 पुस्तकें भेट की हैं। लखनऊ विवि में सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. अनीता भटनागर जैन ने कुलपति आलोक कुमार राय से मिलकर पुस्तकें भेंट की। सभी पुस्तकें विधि से संबंधित थीं। बातचीत के बीच उन्होंने बताया कि उनके नाना र्स्व हरनंदन प्रसाद ने लखनऊ विवि से ही एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। पुस्तक वितरण के दौरान डीन विधि संकाय प्रोफेसर बीडी सिंह, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

प्रभावित तकनीकी बनेगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा है कि आने वाला समय पूरी तरह से नई तकनीकी का है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। ये तकनीकी हर क्षेत्र को प्रभावित करेगी। एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय बुधवार को फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से आयाजित दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम रोल एण्ड इंपॉर्टेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन मॉडर्न डे टीचिंग विषय कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को एआई को टूल्स के रूप में अपनाना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स के हेड प्रो. मानस पांडेय ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले सालों में सबसे तेजी से प्रभावित करने वाली तकनीकी होगी।

शिक्षाविदों ने तैयार की सुशासन की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्र के विकसित स्वरूप को विस्तार देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विवि के शिक्षाविद सम्मिलित हुए।

लविवि के लोक प्रशासन विभाग के अटल सुशासन पीठ द्वारा सुशासन और विकसित भारत की अवधारणा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राज शरण शाही ने प्राचीन काल से लेकर आज तक की भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया और अटल बिहारी वाजपेई के सुशासन के दृष्टिकोण को समझाया। सेमिनार के विशिष्ट अतिथि व डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि के पूर्व कुलपति प्रो. संजय सिंह ने इमरजेंसी दौर का उदाहरण दिया। सुशासन में सरकारी मशीनरी को स्पष्ट और पारदर्शी बनाने पर बल दिया। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सुशासन प्रथाओं को बढ़ावा देने में शिक्षाविदों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने नेपाल को सुशासन से जोड़ते हुए लखनऊ विवि की भूमिका पर फोकस किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षकों एवं शोधर्थियों द्वारा शोधपत्रों के सारांशों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

हरियाणा, राजस्थान और बिहार के विशेषज्ञों की रही अधिकता : राष्ट्रीय संगोष्ठी में बौद्धिक विचारों का आदान - प्रदान हुआ। मंच के माध्यम से विशेषज्ञों और प्रवक्ताओं द्वारा समृद्ध और समावेशी भारत की दिशा तय की गई। एकत्रित विशेषज्ञों में राजस्थान, हरियाणा और बिहार की अधिकता रही।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तिकाओं का विमोचन करते लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। अमृत विचार

- एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई विवि के शिक्षाविद शामिल
- सुशासन और लखनऊ विवि की भूमिका पर भी दिया गया बल

50 से अधिक शोधपत्र हुए प्रस्तुत

सेमिनार में दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। सत्र में अध्यक्ष के रूप में जेएनयू के नरेन्द्र कुमार और उपाध्यक्ष बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विवि की डॉ. प्रीति चौधरी रहीं। 20 से अधिक शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरे सत्र में पटना विवि से आईं डॉ. अदिति त्यागी द्वारा 50 शोध पत्रों को विस्तार दिया गया।

नई शिक्षा नीति और विकास पर बल

संगोष्ठी में लविवि, बीबीएयू, एकेटीयू सहित अन्य विवि के शोधार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल राहुल, श्रीष, रवि सिंह, शालिनी मिश्रा, रमेश श्रीवास्तव आदि ने नई शिक्षा नीति पर शोध के सहारे बल दिया। कई शोधार्थियों द्वारा विकसित भारत की तस्वीर को भी मजबूत किया गया।

एनएसएस के लिए कार्यक्रम अधिकारी हुए नामित

अमृत विचार, अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पांच विभिन्न संस्थाओं में एनएसएस के लिए पांच यूनिट आवंटित किये गये हैं। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि इन संस्थानों के कार्यक्रम अधिकारी नामित किये गये हैं। इसमें आईइटी में डॉ. एसएन मिश्रा, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में गौरव राय, एफओए में डॉ. आन्जनेय शर्मा, फैकल्टी ऑफ फॉर्मेसी में अंजली सिंह, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आरजू गुप्ता को नामित किया गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

नेशनल पीजी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार लखनऊ : नेशनल पीजी कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ विवि की प्रोफेसर अमिता कनौजिया ने गौरैया के आवास विनाश, भोजन की अनुपलब्धता, मोबाइल फोन टॉवर से विद्युत चुंबकीय विकरण सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिये गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. निशि रस्तोगी, डॉ. रितिका सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

आर्यकुल के छात्रों ने तैयार किये गौरैया के घोंसले

अमृत विचार, लखनऊ : आर्यकुल कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस पर आर्यकुल महाविद्यालय में गौरैया के घोसले बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीफार्मा, डीफार्मा, बीबीए, बीबीएड के नितेश भगत, ईशु साहू, काजल यादव, मोनी शुक्ला, आयुषी सिंह समेत अन्य ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, फार्मेसी विभाग के एचओडी बीके सिंह के साथ अन्य शिक्षक गण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

लखनऊ विवि में ग्रीन सिंथेसिस लैब का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में ग्रीन सिंथेसिस लैब का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कुलपति ने संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छात्रों के लिए अधिक अवसरों के मद्देनजर विश्वविद्यालय में अनुसंधान के माहौल, विशेष रूप से टिकाऊ तरीकों पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रो. कमल कुमार, प्रो. केया पांडे, प्रो. अमृतांशु शुक्ला, प्रो. शशि भूषण, प्रो. सतेंद्र पाल सिंह, डॉ. अलका मिश्रा एवं रसायन विज्ञान विभाग के सभी सदस्य उपस्थित थे।

लॉ स्टूडेंटस के लिए संजीवनी बनेगा स्किल डेवलपमेंट : प्रो. अमरपाल

कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार

लखनऊ : डॉ. राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति ने अधीनस्थों को निर्देश दिये हैं कि वो छात्रों के बीच स्किल डेवलपमेंट के प्रयास करें। इससे कार्यक्षेत्र ही नहीं व्यवस्थाओं में बदलाव देखने को मिलेगा।

विधि विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह का कहना है कि स्किल डेवलपमेंट छात्रों के अध्ययन क्षेत्र में तेजी से बदलाव लाएगा। इसको लेकर हम सबको मिलकर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। इसी को आधार बनाते हुए सभी विभागाध्यक्षों को खास निर्देश दिये गए हैं कि विषयवार जोर दिया जाए। कुलपति बताते हैं कि अध्ययन के अतिरिक्त विवि में अन्य कोर्स भी कराए जाने आवश्यक हैं। ऐसे में कंप्यूटर स्किल्स से लेकर स्पोर्ट्स और कई अन्य एडिशनल वोकेशनल कोर्स को छात्रों के रोजाना अध्ययन के साथ शामिल किया जाएगा। जल्द ही इसका परिणाम विवि के छात्रों को सकारात्मक रूप में देखने को मिलेगा।

- एक साथ कई एक्टीविटीज पर कर सकेंगे फोकस, सहजता से पूरे कर सकेंगे कई कार्य

अतिरिक्त कोर्सेस की भी सुविधाओं को विस्तार

कुलपति बताते हैं कि विधि क्षेत्र में अतिरिक्त कोर्सेस की सुविधाओं को भी विस्तार दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके सहारे विधि संबंधी जानकारी लेकर छात्र देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अच्छी पैठ बना सकते हैं।

विशेषज्ञों को भी दिये अतिरिक्त निर्देश

नवनियुक्त विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह कहते हैं कि उन्होंने चार्ज लेते ही संकायाध्यक्षों के अलावा विशेषज्ञों से भी वार्ता की है। विशेषज्ञों को ये निर्देश दिये गए हैं कि छात्रों और शोधार्थियों को अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधाएं प्रदान की जाएं। कई बार अध्ययन के क्षेत्र में छात्रों के सामने प्रश्नों और शोधों को लेकर समस्या आ जाती है। ऐसे में ये व्यवस्था विषयवार सुगमता लाएगी।

शोधार्थी कम करेंगे अशिक्षा व कैंसर का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अभी तक लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा के नए आयाम छूता रहा है। लेकिन अब इससे इतर विवि के विशेषज्ञ कैंसर जैसी घातकता को दूर करने के उपाय ढूंढने जा रहे हैं। इसको लेकर शासन की ओर स्वीकृति मिलने के साथ पहली धनराशि भी अवमुक्त हो गई है।

विवि के दो शोधकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने अपने शोध कार्य आरंभ कर दिये हैं। पहली परियोजना में लखनऊ विवि के भौतिकी विभाग के प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर मनोज कुमार शर्मा को शामिल किया गया है। न्यूक्लियॉन ऊर्जा से नीचे भारी-आयन प्रतिक्रिया गतिशीलता में रैखिक और कोणीय गति की भूमिका शीर्षक के शोधार्थी द्वारा लाखों ऊर्जा प्रति न्यूक्लियंस पर भारी आयन प्रतिक्रियाओं में संलयन-विखंडन प्रक्रिया का अध्ययन किया जाना है। यह परियोजना संलयन-विखंडन प्रतिक्रियाओं में प्रायोगिक कार्य करने के लिए स्वीकृत की गई है। प्रो. मनोज बताते हैं कि इन प्रतिक्रियाओं में मुक्त ऊर्जा का परमाणु उद्योग में परमाणु रिएक्टरों के माध्यम से बिजली के उत्पादन के साथ-साथ कैंसर रोगियों के इलाज के लिए सहायक है। रेडियो-आइसोटोप के उत्पादन के माध्यम से चिकित्सा विज्ञान में व्यापक अनुप्रयोग किये जाने हैं।

प्रो. मनोज शर्मा

डॉ. हेमेन्द्र कुमार

- लखनऊ विवि के दो प्रवक्ताओं को मिली जिम्मेदारी

विवि में शिक्षा से जुड़ा शोध करेगा लखनऊ विवि

लखनऊ विवि के शिक्षा संकाय से जुड़े डॉ. हेमेन्द्र कुमार सिंह को इसकी जिम्मेदारी मिली है। बताते हैं कि शिक्षा से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो 25 फीसद लोग आज भी शिक्षा से वंचित हैं। इन्हीं सबको शिक्षा की ओर ले जाने के तरीके शोध में ढूंढे जाएंगे। कहते हैं कि ऐसे में प्रधानमंत्री के विकसित भारत की कल्पना साकार होगी। बताते हैं कि शासन की ओर से पहली धनराशि उन्हें मिल गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं MOHAMMAD SHABBIR ALI ,मैंने अपनी बेटी का नाम ARIBA ,से बदलकर ARIBA KHAN ,रख दिया है अब मेरी बेटी को ARIBA KHAN, के नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O- MOHAMMAD SHABBIR KHAN R/O- 117, PALKA BEHTA THANA GUDAMBA, LUCKNOW

सूचना
यह कि मै दिनेश कुमार पुत्र श्री रामसेवक सेन्चूरी पल्प एण्ड पेपर लालकुआ जिला नैनीताल में सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। इस पद पर मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज हो गया था जबकि सही नाम दीपक कुमार है। दीपक कुमार के नाम से मुझे जाना जाता है। **दीपक कुमार पुत्र रामसेवक निवासी नथापुर्वा, पोस्ट लोहामढ़, जनपद कन्नौज**

सूचना
पहले मेरा नाम MAMUNA SHAHEEN था अब मैने बदलकर अपना नाम MAMUNA SHAHIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Add: MM-4/26, VINAY KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH- 226010

सूचना
सूचित हो कि मेरे दो पुत्र राज नारायण मिश्र उर्फ प्रसून और प्रभु नरायन मिश्र अपने परिवार के साथ मुझसे अलग रहते हैं, मुझसे सरोकार नही रखते हैं न ही देखभाल व सेवा करते हैं। राज नारायण मिश्र उर्फ प्रसून और प्रभु नरायन मिश्र की गलत आदतों से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **राम विशाल मिश्र पुत्र राम लखन मिश्र ग्राम व पोस्ट पुरुषोत्तमपुर थाना व तहसील जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर**

गुमशुदगी सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पति बसन्त कुमार निषाद करीब 20 वर्षो से लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नही चल सका है। पति बसन्त कुमार निषाद की गुमशुदगी की सूचना मैंने थाने और पुलिस अधीक्षक को दी है। **नौरंगी देवी पत्नी बसन्त कुमार निषाद ग्राम मल्हीपुर थाना चांदा जिला सुलतानपुर**

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम त्रुटिवश MOHAMMED AQIB तथा उसकी माता का नाम त्रुटिवश SHAHNAZ BANO दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम MOHAMMAD AQIB तथा उसकी माता का सही नाम SHAHNAJ BANO है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका व उसकी माता का सही नाम दर्ज किया जाये। **अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी– छुहियापुरवा, सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ।**

NOTICE
I declare that my daughter Mariyam Ansari has passed ICSE(Class 10) in 2022 with her UID 7676537 and Index No. 1223834/069 and she is persuing ISC(Class 12) 2024 with her Index No.2241745/039 from Jesus & Mary School and College Balrampur and my correct name is MOHD ASHFAQ ULLAH ANSARI. Mohd Ashfaq Ullah Ansari S/O Abdul Qadir AnsariR/O Shekharpur, Balrampur (U.P.) Mob: 8960633678

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

एमबीबीएस की परीक्षा में अब बहुविकल्पीय सवाल भी पूछे जाएंगे

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अब एमबीबीएस की परीक्षा छात्रों को बहुविकल्पीय व विस्तृत जवाब भी देने होंगे। इस साल से बदले हुए पैटर्न पर परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। अब तीन घंटे की परीक्षा में पहला 30 मिनट बहुविकल्पीय सवाल पूछे जाएंगे। इस संबंध में केजीएमयू के परीक्षा विभाग की ओर से सभी विभागों को आदेश जारी कर दिया गया है।

नवनियुक्त एडी मंडल से मिले चिकित्सा महासंघ के पदाधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : नवनियुक्त अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल डॉ. जीपी गुप्ता से चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र. के सचिव सर्वेश पाटिल, जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा, उपाध्यक्ष रजत यादव, प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्यप्रकाश सहित कई पदाधिकारियो ने मिल कर बधाई दी। इस मौके पर एडी मंडल ने प्रदेश और मंडल के वासियो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महासंघ का सहयोग मांगा।

देशज ने किया मंत्रमुग्ध

पद्मश्री उर्मिला को मिला लोक निर्मला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोक संगीत को समर्पित दो दिवसीय देशज कार्यक्रम का समापन

अमृत विचार : भारत की लोक कलाओं के संवर्धन के क्षेत्र में लम्बे समय से काम कर रही संस्था सोनचिरैया ने राजधानी के राम मनोहर लोहिया पार्क में लोक संस्कृति की शानदार दो शामें देशज नाम से सजाईं। 19 व 20 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक महोत्सव की दूसरी और अंतिम संध्या पर मिर्जापुर की प्रख्यात कजरी गायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव को प्रतिष्ठित लोक निर्मला सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, सोनचिरैया की अध्यक्ष पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह और लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने उन्हें एक लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

लखनऊ और आसपास के जिलों की 111 महिलाओं ने सोहर के साथ आज का मनभावन कार्यक्रम शुरू किया। इस आयोजन में देश के विभिन्न प्रदेशों की लोक सुगंध महसूस करने को मिली। केरल के कलाकारों ने कलिरिपयट्टू, असम के कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध लोकनृत्य बिहू, राजस्थान के कलाकारों द्वारा कालबेलिया, बंगाल के कलाकारों द्वारा रायबेंशो, सागर (मध्य प्रदेश के कलाकारों द्वारा नौरता और राजस्थान के कलाकारों द्वारा चरी की प्रस्तुति लोगों ने खूब पसंद की।

राहुल कुमार चौधरी और पंखुड़ी शिवरतन के कुशल संचालन में हुए इस कार्यक्रम में लोक गायिका मालिनी ने सुनाया :- रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे, मोरे मारे नजरिया संवरिया रे, बीत चुकी है आधी रतिया अभी लौटे नहीं हैं सावरिया। मालिनी अवस्थी ने मुबारक खां द्वारा स्वरबद्ध गजल ए घटा इतना न बरस कि वो आ न सकें, और जो आ जाएं तो इतना बरस कि वो जा न सकें कोइस अंदाज में सुनाया कि लोग झूम उठे। लोहिया पार्क के खुले प्रेक्षागृह में देर रात तक चले कार्यक्रम में स्वरलहरियों का आनंद बिखरता रहा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी मौजूद थे। दो दिवसीय इस आयोजन में 350 से अधिक कलाकार शामिल हुए। इस आयोजन में लोक निर्मला सम्मान प्रमुख आकर्षण होता है। उर्मिला श्रीवास्तव से पहले यह सम्मान पद्मविभूषण तीजन बाई, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, पद्मभूषण शारदा सिन्हा और पद्मश्री मजम्मा जोगती को दिया जा चुका है।

राम मनोहर लोहिया पार्क में आयोजित देशज कार्यक्रम में राजस्थान के कालबेलिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देतीं जयपुर की प्रतिभागी कलाकार। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव को सम्मानित करते प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम, साथ में पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, अवनीश अवस्थी व मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

अल्ट्रासाउंड के लिए सुबह चार बजे से लाइन लगा रहीं गर्भवती

अवंतीबाई अस्पताल में रोजाना हो रहे सिर्फ 30 अल्ट्रासाउंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अवंतीबाई महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती महिलाओं को सुबह चार बजे से ही पंजीकरण काउंटर के बाहर लाइन लगानी पड़ रही है। जबकि, काउंटर सुबह आठ बजे खुलता है। इसकी वजह यह है कि यहां एक दिन में सिर्फ 30 जांचे ही हो रहीं हैं। आरोप यह भी है कि कर्मचारी सुविधा शुल्क लेकर कुछ महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करा देता है। इस अव्यवस्था के कारण महिलाओं को वापस लौटना पड़ता है। अगले दिन फिर से सुबह आकर अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

आवंतीबाई महिला अस्पताल में 360 बेड संचालित होते हैं। वहीं करीब 700 के करीब मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचती हैं। रोजाना 250 के करीब अल्ट्रासाउंड लिखे जाते हैं, लेकिन केवल 30 अल्ट्रासाउंड ही किए जा रहे हैं। शेष महिलाओं को अगले दिन आने का फरमान सुना दिया जाता है। बुधवार को केवल 20 अल्ट्रासाउंड ही किए गए। पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि डॉक्टर साहब कोर्ट एविडेंस के लिए चले गए इसलिए आज केवल 20 टोकन ही दिए जा सके।

अल्ट्रासाउंड पंजीकरण काउंटर के बाहर कतार में लगी महिलाएं। अमृत विचार

▸▸ रोजाना लगभग 250 अल्ट्रासाउंड की जांचे लिखी जा रही हैं

> रेडियोलॉजिस्ट को गायनी के अल्ट्रासाउंड करने में समय लग रहा है, जल्द ही वह स्पीड में काम करने लगेंगे। एनएचएम से टोकन व्यवस्था के लिए बात की गई है, लेकिन आस-पास के अस्पताल जुड़ने को तैयार नहीं। ऐसे में ज्यादा टोकन नहीं दिए जा रहे हैं।
>
> **-डॉ. चित्रा सिंह,** कार्यवाहक सीएमएस अवंतीबाई महिला अस्पताल

महिला अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट न होने से बढ़ी समस्या

अवंतीबाई महिला अस्पताल के पुराने सोनोलॉजिस्ट का प्रमोशन होने पर उसे बलरामपुर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं बलरामपुर अस्पताल से एक रेडियोलॉजिस्ट को यहां पर नियुक्त कर दिया गया। जिन्हें सिर्फ नॉर्मल अल्ट्रासाउंड करने ही आते हैं। गायनी के अल्ट्रासाउंड की जानकारी में कमी होने के कारण उनकी जांच करने की स्पीड काफी कम है। लिहाजा वह एक दिन में 30 से ज्यादा अल्ट्रसाउंड नहीं कर पाते हैं।

महिला मरीज ने डॉक्टर को जड़ा थप्पड़

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की ओपीडी में आई एक महिला मरीज ने डॉक्टर को थप्पड़ जड़ दिया। बताया जा रहा है कि देखने मे देरी होने से महिला आक्रोशित हो गई थी। महिला ने डॉक्टर को नौकरी से निलवाने की भी धमकी दी है। इस घटना के बाद डॉक्टरों में आक्रोश है। जिसको देखते हुए केजीएमयू प्रशासन महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की तैयारी ओर रहा है। दरअसल मंगलवार को एक महिला न्यूरो मेडिसिन की ओपीडी में इलाज कराने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि महिला के पास कोई पर्चा नहीं था, साथ ही समय भी अधिक हो रहा था। जिस पर वहां मौजूद प्रोफेसर ने महिला को थोड़ा इंतजार करने की बात कही। जिस पर महिला भड़क गई और वहां मौजूद प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर को नौकरी से निकलवाने की धमकी देने लगी। मामला बढ़ा और महिला ने वहां मौजूद एक असिस्टेंट प्रोफेसर को थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। न्यूरो मेडिसिन के प्रोफेसर राजेश वर्मा ने बताया है कि यह पूरी घटना उनके ओपीडी की है। महिला ने एक डॉक्टर को थप्पड़ मारा है। आगे से इस तरह की घटना ना हो। इस वजह से महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

टीबी वार्ड की गिर रही फॉल्स सीलिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल के टीबी वार्ड की फाल्स सीलिंग जर्जर होकर गिर रही है। इससे मरीजों में चोटिल होने का डर बना हुआ है। साथ ही छत भी जर्जर होने की वजह से प्लास्टर भी गिर रहा है। आलम यह है कि छत में पड़ी रिया तक दिखने लगी है। तीमारदारों का कहना है कि सुधार नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में करीब 50 बेड का टीबी वार्ड संचालित है। लगभग सभी बेड भरे रहतें है। एक मरीज के साथ एक या दो तीमारदार भी हर समय रहते है। यहां बरामदे के नीचे चल रहे वार्ड की फाल्स सीलिंग जर्जर होकर गिर रही है। एक तीमारदार ने बताया कि कुछ दिन पहले सीलिंग गिरने से नीचे लेटा मरीज भी चपेट में आ गया था। बिल्डिंग की हालत यह है कि छत की सरिया तक दीखने लगी हैं। मरीजों ने अनहोनी की आशंका जताई है।

गिरी हुई फाल्स सीलिंग।

> फॉल्स सीलिंग गिरने की जानकारी है। उसे दुरुस्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। रैन बसेरें में भी जल्द ही पंखें लगवा दिए जाएंगे। अन्य सुविधाएं भी पूरी कराई जाएंगी।
>
> **-डॉ. एसपी सिंह,** सीएमएस ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल

रैन बसेरे में भी अव्यवस्थाएं

टीबी वार्ड के पास अस्पताल का रैन बसेरा भी टीनशेड के नीचे संचालित हो रहा है। यहां पंखे तक नहीं लगे है। तीमारदारों ने बताया कि पंखे न लगे होने के कारण मच्छरों की भरमार रहती। रात में तीमारदार सो तक नहीं पाते। लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के भी होने की आशंका है।

विधानभवन के बाहर मंत्री के गाड़ी का चालान

अमृत विचार, लखनऊः विधानभवन के बाहर खड़ी एक मंत्री की गाड़ी चालान हो गया। बताया जा रहा है कि यह गाड़ी एक कैबिनेट मंत्री की है। हालांकि, जुर्माना भरने के बाद गाड़ी छोड़ दी गई।

सूत्रों की मानें, तो बुधवार दोपहर कानपुरनगर के रहने वाले एक कैबिनेट मंत्री की विधानसभा के बाहर खड़ी गाड़ी का हजरतगंज पुलिस ने चालान कर दिया है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कार चालक विधानसभा के बाहर गाड़ी खड़ी करने के बाद अंदर साइन करने के लिए गया था। पुलिस यातायात विभाग की क्रेन ने गाड़ी को उठ लिया है। तभी चालक बाहर निकला और लाइन से खड़ी कई गाड़ियां का चालान करने के लिए बोलने लगा। हालांकि, प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने जुर्माना भरा तो गाड़ी को छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि कार का चालक नूर आलम है। जिस गाड़ी का चालान किया गया है। वह सफेद रंग की एक सरकारी गाड़ी है।

चार साल बाद आज शिक्षिकाएं पहुंचेंगी स्कूल

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

▸▸ अभी तक दीक्षा सेल में लगी थी ड्यूटी, अब विद्यालय पहुंचकर बच्चों को पढ़ाने का आदेश, नहीं तो होगी कार्रवाई

▸▸ तत्कालीन महानिदेशक के कार्यकाल में शिक्षकों को शिक्षण कार्य छोड़कर सौंपा गया था दीक्षा सेल का काम

अमृत विचार : बच्चों को पढ़ाना छोड़ राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा विद्या भवन में तैनात शिक्षिकायें अब चार साल बाद फिर से अपने स्कूल में पढ़ाने के लिए पहुंचेंगी। सभी शिक्षिकाओं की तैनाती सिंतबर 2020 में दीक्षा सेल में कार्य के लिए की गई थी।

अब इन शिक्षिकाओं को शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की अनुमति के बाद कार्य से मुक्त कर दिया गया है। ऐसे में बीएसए तीन दिनो में वापस विद्यालय पहुंचने का आदेश जारी किया था। इनको 21 मार्च तक हर हाल में विद्यालय ज्वॉइन करना होगा नहीं तो आगे की विभागीय कार्रवाई होगी। बता दें कि जिन विद्यालयों में शिक्षिकायें तैनात थी वहां की स्थिति को एडीबेसिक श्याम किशोर तिवारी ने पता कराई तो पता चला कि पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके बाद शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा के संज्ञान में मामला लाने के बाद वापसी के आदेश जारी किए गये हैं।

आदेश के बाद भी ज्वॉइन नहीं कर रही शिक्षिकायें- बॉक्स : इस संबंध मे बीएसए राम प्रवेश की ओर से शिक्षिकाओं का तत्काल रिलीव करते हुए विद्यालय ज्वॉइन करने का 18 मार्च दिया गया।

जिसमें तीन दिनों के भीतर विद्यालय ज्वॉइन करना था लेकिन अभी तक विद्यालय नहीं ज्वॉइन किया गया है। बल्कि विभाग में सिफारिश अलग से लगाई जा रही है।

> विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। शिक्षिकाओं को अपने विद्यालय जाकर बच्चों को पढ़ाने का निर्देश जारी किया गया है।
>
> **-श्याम किशोर तिवारी,** एडीबेसिक लखनऊ मंडल

> विद्यालय ज्वॉइन करने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। यदि विद्यालय नहीं ज्वॉइन किया जाता है तो विभागीय कार्रवाई करते हुए वेतन भी रोका जायेगा।
>
> **-राम प्रवेश,** बेसिक शिक्षा अधिकारी

ये शिक्षिकाएं चार साल से नहीं गई स्कूल

- रीना गुप्ता प्राथमिक विद्यालय दरियापुर
- नीतू श्रीवास्तव प्राथमिक विद्यालय देवामऊ सरोजनी नगर
- सुरभि शर्मा प्राथमिक विद्यालय स्कूटर इंडिया
- हेमलता तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरा मोहनालालगंज
- संगीता भारद्वाज प्राथमिक विद्यालय कोटवा बीकेटी
- नेहा सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकरी बीकेटी
- मधुरिमा श्रीवास्तव पूर्व माध्यमिक विद्यालय शीतलपुरवा
- गुलनाज प्राथमिक विद्यालय भुलभुलपुर बीकेटी

आज नहीं ज्वॉइन किया तो रुकेगा वेतन-बॉक्स : विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शिक्षिकाओं ने गुरूवार को विद्यालय नहीं ज्वॉइन किया तो इनके खिलाफ एक्शन लिया जायेगा। अधिकारियों ने कहा विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निपुण भारत मिशन का लक्ष्य भी पूरा करना है। जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सिर में चोट की वजह से पेट भी होता है पैरालाइज का शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एसजीपीजीआई में आयोजित हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : विश्व सिर चोट दिवस (हेड इंजरी) के अवसर पर बुधवार को एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक तीमारदार ने डॉक्टर से सवाल किया कि उसके मरीज का इलाज एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उसके सिर में चोट लगी है, लेकिन डॉक्टर उसे खाना देने से मना कर रहे हैं।

जबकि मरीज बार-बार खाना मांग रहा है। इस सवाल के जवाब में ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रोफेसर एके श्रीवास्तव ने बताया कि जिस तरह सिर में चोट लगने के दौरान शरीर के अन्य हिस्से पैरालाइज हो जाते हैं, ठीक उसी तरह पेट भी पैरालाइज का शिकार होता है। इसलिए मरीज को मुंह से भोजन न देकर ड्रिप के माध्यम से न्यूट्रीशन पहुंचाया जाता है और समय-समय पर पेट की जांच की जाती है। इस मौके पर फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग के प्रो. सिद्धार्थ राय ने बताया कि चोट लगने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं गोल्डन आवर्स में इलाज मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। इस मौके पर प्रो.अरुण श्रीवास्तव, विभाग के एचओडी डॉ. हर्षवर्धन ने भी हेड इंजरी को लेकर जागरूक किया।

वॉकथॉन का आयोजन कर किया जागरूक : एपेक्स ट्रॉमा सेंटर से एक वॉकथॉन का आयोजन कर लोगों को दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। वॉकथॉन का नेतृत्व संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमन ने किया।

सीटी स्कैन नार्मल होने पर भी हो सकती है हेड इंजरी

अमृत विचार : किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित शताब्दी फेज टू के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए कार्यक्रम में न्यूरो सर्जरी के प्रो. अंकुर बजाज ने बताया कि सिर की चोट लगने पर गंभीर चोट के मरीजों में ही सीटी स्कैन की जरूरत होती है। हालांकि, कई बार सिर की चोट में सीटी स्कैन जांच कराने पर नार्मल रिपोर्ट आती है, लेकिन यदि बार-बार चक्कर, यदाश्त कमजोर होना जैसी दिक्कत महसूस हो रही हो, तो भी यह लक्षण गंभीर चोट के हो सकते हैं। जिस पर विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी होता है।

तेजस के टिकट पर अपनी तस्वीर लगा सकेंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने होली पर तेजस से यात्रा करने वाले यात्रियों को खास तोहफा दिया है। तेजस का टिकट बुक कराकर यात्री अपनी यादों को संजोकर रख सकते हैं। यह टिकट उनके लिए यादगार बन जाएगा। यात्री ट्रेन के टिकटों के साथ अपनी पर्सनल फोटो नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी) पर लगा सकते हैं। डिजिटल टिकट का यह डाटा वर्षों तक डिजिटल फॉर्म पर मौजूद रहेगा। इस नई व्यवस्था की जानकारी आईआरसीटीसी के चीफ रीजनल मैनेजर अजीत सिन्हा ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि एनएफटी ट्रेन टिकटों के साथ पर्सनल एनएफटी के निर्माण की अनुमति देकर यात्रियों के यात्रा के अनुभवों को बेहतर बनाना है।

आईआरसीटीसी तेजस एक्सप्रेस ट्रेन में लखनऊ से नई दिल्ली और नई दिल्ली से लखनऊ के लिए लंबी वेटिंग को देखते हुए 20 से एक अप्रैल से दोनों दिशाओं दो-दो अतिरिक्त कोच लगाने की व्यवस्था की है। इससे यात्रियों को खासी राहत मिलेगी।

25 और 26 को तेजस रहेगी रद्द : जिस दिन होली खेली जाएगी उस दिन 25 और 26 मार्च को लखनऊ से नई दिल्ली और नई दिल्ली से लखनऊ के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस संचालित नहीं की जाएगी। सोमवार को तेजस दोनों ओर से नहीं चलेगी और 26 मार्च को दिन मंगलवार को तेजस की मरम्मत होती है। ऐसे में यात्रियों के लिए बुधवार से यह ट्रेन वापस पटरी पर लौटेगी।

निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबंधक को जानकारी देते रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

गोमती नगर सहित अन्य स्टेशनों का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को गोमतीनगर, डालीगंज जंक्शन और ऐशबाग का निरीक्षण किया। उनके साथ डीआरएम आदित्य कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद अपर महाप्रबंधन ने अधिकारियों के साथ कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास के कामों को से पूरा करने के निर्देश दिये। ट्रेनों की लेटलतीफी को सुधारने के निर्देश दिए जिससे यात्रियों को राहत मिल सके। इस मौके पर मुख्य परियोजना प्रबंधक राघवेंद्र कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। वही माल लदान को प्राथमिकता देने, बिजनेस डेवलपमेंट विषयों पर ध्यान देने की बात कहीं। उन्होंने गोमतीनगर स्टेशन के नवनिर्मित नॉर्थ टर्मिनल बिल्डिंग, वाणिज्यिक ब्लॉक, फ्लाईओवर और कोनकोर्स का निरीक्षण किया।

डीआरएम ने कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा बुधवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के आलमबाग स्थित डीजल शेड पहुंचे। यहां पर उन्होंने संरक्षा के प्रति जागरूकता और सजगता को बढ़ाने के उद्देश्य से कर्मचारियों को प्रोत्साहितक किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जौनपुर सिटी के स्टेशन अधीक्षक चंद्र प्रकाश सिंह, टेक्नीशियन सुलतानपुर रमेश कुमार यादव, प्वाइंट्समैन प्रयाग संजय कुमार, ट्रेन मैनेजर अयोध्या कैंट नीरज कुमार श्रीवास्तव, सहायक लोको पायलट गुड्स अयोध्या कैंट पवन कुमार एवं राजेंद्र कुमार को पुरस्कृत किया।

एक नजर

फ्लैट बेचने का झांसा देकर ऐंठे 18 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : हापुड़ निवासी खालिद को जेआरआई इंफ्रा के निदेशक जुनैद अहमद खान ने हजरतगंज इलाके में निर्माणाधीन क्लासिक अपार्टमेंट में 18 लाख फ्लैट बेचा था। इस बीच खालिद को फ्लैट निर्माण को लेकर विवाद होने की जानकारी मिली। उन्होंने ने जब जुनैद से रुपये लौटाने के बात कही तो उसने व उसके भाई हुनैद और साथी शुजा ने धमकी दी। उधर, पारा के सदरौना निवासी सोनू ने अपने परिचित अशोक सोनी के पास हार व अंगूठी गिरवी रख 15 हजार रुपये लिए थे। सोनू का आरोप कि उन्होंने पूरी रकम ब्याज सहित अशोक को लौटा दी। मगर उसने गहने वापस नहीं किए। पुलिस के मुताबिक सभी मामलों की जांच की जा रही है।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव

अमृत विचार, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज इलाके में महिला का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने परिजन से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इन्स्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिला के बेलतरा निवासी दुर्गेश रजक इलाके के रहमत नगर स्थित महेश भट्ठा पर परिवार के संग रहकर मजदूरी करता है। उसकी पत्नी राजनंदनी (33) का शव मंगलवार देर रात कमरे के अंदर टीन में लगी बल्ली पर साड़ी के फंदा से लटका मिला। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पति ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

लखनऊ के इंजीनियर का मेघालय में अपहरण

गुडंबा इलाके में रहने वाले कांट्रेक्टर के साथ पुल निर्माण का कर रहे थे कार्य

- रात 11 बजे पत्नी से मोबाइल पर की थी बात, डेढ़ बजे रात हुआ अपहरण
- पत्नी ने कांट्रेक्टर पर रुपयों के लेन-देन में अनहोनी कराने की जताई आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बेनीगंज स्थित मकान में बैठे तीनों बच्चे, इनसेट-अखिलेश सिंह चौहान। अमृत विचार

अमृत विचार: कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज इलाके में रहने वाले भारी वाहन के मैकेनिक और सुपरवाइजर 49 वर्षीय अखिलेश सिंह चौहान का मेघालय की दक्षिण गारो हिल्स में अपहरण हो गया। कांट्रेक्टर ने अखिलेश की पत्नी शीला सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी। पत्नी ने बताया कि कांट्रेक्टर के साथ करीब छह माह से वहां पुल निर्माण में कार्य कर रहे थे। पति के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए उ.प्र और मेघालय सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

मूलतः गाजीपुर जिले के दुल्लापुर निवासी अखिलेश सिंह चौहान भारी वाहनों के मैकेनिक के अलावा निर्माण के दौरान टीम को मशीनों का सुपरवाइज भी करते हैं। करीब तीन वर्ष से उनका परिवार गुडंबा के बेनीगंज इलाके में किराए के मकान में रहता है। पत्नी शीला सिंह चौहान ने बताया कि पति जानकीपुरम के पंचवटी पार्क के पास रहने वाले कांट्रेक्टर आरके के साथ काम कर रहे हैं। आरके वर्तमान में मेघालय के भागमारा के खारोकल में रोंडिक पुल का निर्माण करा रहे हैं। बताया कि मंगलवार रात 11:30 बजे पति से मोबाइल पर बात हुई थी। रात करीब 3 बजे आरके ने फोन कर पति के अपहरण की जानकारी दी। कांट्रेक्टर ने बताया कि पति के अपहरण की रिपोर्ट मेघायल के स्थानीय सिजु थाने में दर्ज करा दी है। सिजु पुलिस जंगलों में तलाश कर रही है। वहीं शीला ने कांट्रेक्टर पर रुपयों के लेन-देन को लेकर पति के साथ अनहोनी कराने की आशंका जताई है।

बांग्लादेश की सीमा से सटा है कार्यस्थल-कांट्रेक्टर पुल निर्माण का स्थान बांग्लादेश की सीमा से सटा है। यहां से बांग्लादेश की दूरी महज पांच से 10 कि.मी. बताई जा रही है। ऐसे में अपहरणकर्ताओं का ठिकाना बांग्लादेश में होने की भी आशंका है। यह भी चर्चा है कि अपहरणकर्ता कांट्रेक्टर का ही अपहरण करने आए हों और उनके धोखे अखिलेश सिंह चौहान का अपहरण कर ले गए हों।

> बाघमारा के पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र बामनिया ने कहा, कंपनी प्रबंधक ने हमें लगभग 1:40 बजे सूचना दी कि अज्ञात लोग निर्माण स्थल पर अस्थायी तम्बू का दरवाजा खटखटाने लगे और डीजल की उपलब्धता के बारे में पूछा। जब अखिलेश जांच करने बाहर गए, कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था। हमारे लोग जंगल में उसकी तलाश कर रहे हैं। जल्द ही बरामद कर अपहरणकर्ताओं को पकड़ लेंगे। रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अखिलेश को वापस लाने सिजू पुलिस सीमा के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही है।

डॉक्टर समेत दस लोगों से 89 .89 लाख की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ितों ने सम्बन्धित थानों में दर्ज कराई प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : राजधानी मे साइबर अपराधियों ने केजीएयमू के डॉक्टर समेत दस लोगों के खाते से 89.89 लाख रुपये निकाल लिए है। ठगे जाने पर पीड़ितों ने सम्बन्धित थानों में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, साइबर क्राइम सेल की मदद से पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

मूलरूप से तमिलनाडु निवासी केजीएमयू में डॉक्टर सूर्या ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आया था। जिनमें कुछ टास्क कराए गए थे, जिसके उन्हें रुपये भी मिले थे। इसके बाद जालसाजों प्रीपेड टास्क के नाम पर उनके 10.65 लाख ऐंठ लिए। उन्होंने चौक कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी निवासी कृति श्रीवास्तव के दो बैंक खातों से ठगों 3.04 लाख निकाल लिए। उधर, हुसैनगंज के उदयगंज निवासी अजीत कुमार नवोदय विद्यालय अंबेडकरनगर में शिक्षक है। उन्होंने बताया कि जालसाज ने उनके वाट्सएप पर एक लिंक भेजा था, जिसे खोलते ही वह एक ग्रुप से जुड़ गए थे। ग्रुप पर कुछ लोगों ने उन्हें शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया था। लालच में आकर उन्होंने 30.18 लाख निवेश कर दिए। मगर न तो मुनाफा मिला और न रकम मिली।

सड़क हादसे में जख्मी बाइक सवार की मौत

अमृत विचार, काकोरी : घुरघुरी तालाब मोहान सोमवार को हुई सड़क मो. हासिम (42) की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी जख्मी हो गए। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, उन्नाव थाना हसनगंज मोहल्ला आजाद नगर निवासी मो. हासिम (42) मोहान से लखनऊ की ओर जा रहे थे। घुरघुरी तालाब मोहान रोड़ रफ्तार महिन्द्रा पिकप ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। अन्य दो युवकों का इलाज ट्रामा सेन्टर में चल रहा है।

शव यात्रा के दौरान मधुमक्खियों का हमला, तीन दर्जन घायल

संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार : मोहनलालगंज के राजाखेड़ा गांव में मोलहे (80) की मंगलवार रात मौत हो गई थी। बुधवार को परिजन शव का अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट की तरफ निकले। इसी बीच मधुमक्खियों के झुंड ने यात्रा में शामिल मृतक के परिजनों पर हमला कर दिया। मुधमक्खियों के झंक से तीन दर्जन लोग जख्मी हो गए। अचानक हुए इस तरह की हमले से लोगो में खलबली मच गई और कई लोग घायल हो गये। जिन्हें नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

बालिका को पिकअप ने मारी टक्कर, गंभीर

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना के देवीखेड़ा में निवासी नितिन सिंह ने बताया कि छोटा भाई जीसू सिंह खाड़ी देश में नौकरी करते हैं। वहीं, जीसू की पत्नी प्रियंका दो बच्चों के साथ पवन पुरी में ही रहती हैं। सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे भतीजी प्रिंसी वीआईपी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास स्थित दुकान से चॉकलेट लेकर घर लौट रही थी। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बस को ओवरटेक करते हुए बच्ची को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई।

अधिवक्ताओं ने वजीरगंज कोतवाली में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसीपी चौक ने कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

अमृत विचार : हजरतगंज के प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट संचालक पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने वजीरगंज कोतवाली में हंगामा काटा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अधिवक्ताओं समझाने का प्रयास किया, लेकिन सभी अपनी जिद पर अड़े रहे। जिसके बाद एसीपी चौक ने अधिवक्ताओं को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया।

गौरतलब है कि 13 मार्च को अधिवक्ता रवि कनौजिया कुछ साथियों के साथ हजरतगंज के एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे थे। छोले-भटूरे खाने के बाद अधिवक्ता ने लस्सी का सेवन किया। तभी अधिवक्ता के पेट में अचानक दर्द होने लगी। साथियों ने उसे किसी तरह बैठाया तो वह उल्टियां करने लगा और बेहोश हो गया। आनन-फानन साथियों ने उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद अधिवक्ता ने फूड प्वाइजन देने का आरोप लगाते हुए रेस्टोरेंट संचालक व कर्मचारियों के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले अधिवक्ताओं ने वजीरगंज कोतवाली में प्रदर्शन किया।

बरामद लहन के साथ पुलिस की टीम। अमृत विचार

400 किलो लहन, 40 लीटर अवैध शराब बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः होली के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिन गांवो में कच्ची अवैध शराब बन रही है वहां छापा मारकर शराब बरामद की जा रही है। ग्रामीण लोगों सस्ती के लालच में कच्ची शराब पीते है जो कि उनके लिए हानिकारक होती है।

आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन व आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में ज़िला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में बुधवार को लक्ष्मी शंकर बाजपेई आबकारी निरीक्षक सर्किल 3, गुंजन सक्सेना आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन तथा मय स्टाफ थाना मोहनलालगंज ने इंद्रजीत खेड़ा के संदिग्ध अड्डों पर दबिश और छापेमारी की गई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान छापेमारी में लगभग 40 लीटर कच्ची शराब और 400 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।

मुख्तार अंसारी के गुर्गों से निजी कंपनी के सीईओ ने जताया जान का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट में चल रहे एंबुलेंस मामले में गवाह है पीड़ित, सुरक्षा की लगाई गुहार
- कैसरबाग कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो पर दर्ज की रिपोर्ट
- एंबुलेंस मामले में गवाही न देने का बनाया जा रहा पीड़ित पर दबाव

अमृत विचारः हजरतगंज इलाके में रहने वाले निजी मोटर कंपनी के सीईओ ने माफिया मुख्तार अंसारी के गुर्गों से खुद की जान को खतरा बताते हुये पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि माफिया से संबंधित कोर्ट में चल रहे एंबुलेंस मामले में वह गवाह है। ऐसे में उसके गुर्गों द्वारा गवाही नहीं देने के लिये दबाव बनाया जा रहा है। मामले में कैसरबाग पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली अंतर्गत एमजी रोड निवासी मोटर कंपनी के सीईओ संजय कुमार मिश्र ने बताया उनकी कंपनी ने वर्ष 2013 में एक एंबुलेंस बेची थी। जिसका रजिस्ट्रेशन मुख्तार अन्सारी के गुर्गे शाहिद अन्सारी उर्फ अली मौहम्मद जाफरी ने बाराबंकी आरटीओ में 50 अल्का राय के नाम से जाली मतदाता पहचान पत्र के आधार पर कराया था। उक्त एंबुलेंस का उपयोग मुख्तार अंसारी करता था। शासन के निर्देश पर अप्रैल 2021 में बाराबंकी कोतवाली में एआरटीओ पंकज सिंह ने मामला दर्ज कराया था। यह मामला कोर्ट में चल रहा है। जिसमें वह गवाह है। इसी मामले में 19 अक्टूबर 2023 को प्रार्थी के लालबाग स्थित नवेल्टी सिनेमा परिसर में स्थित कार शोरुम आये शाहिद व नामवर ने गवाही देने पर जान से मारने के धमकी दी थी। आरोपियों ने व्हाटसअप कॉल से मुख्तार से बात कराने की कोशिश की, लेकिन नहीं सकी थी। इसी मुकदमा में प्रार्थी 21 फरवरी व 5 मार्च को कोर्ट में पेश हुआ था। इस दौरान उस पर गुर्गों ने दबाव बनाया। मुकदमा की जिरह पूरी हो चुकी है। उसकी गवाही से कई लोग नाराज हैं। ऐसे में उसे परिवार को जान का खतरा है। पीड़ित ने कैसरबाग कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया शाहिद अंसारी व नामवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी थानाक्षेत्र अंतर्गत तिवारीगंज में मंगलवार रात तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार सुभाष (29) को रौंद लिया। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह के मुताबिक, मूलरूप से बाराबंकी जनपद के सतरिख मौथरी निवासी सुभाष एक मॉल में नौकरी करता था। मंगलवार रात वह ड्यूटी करके वापस अपने घर जा रहा था। तभी अयोध्या रोड स्थित तिवारीगंज कट पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भाई सुनील कुमार की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सार-संक्षेप

तालाब में मछलियां मरीं, जहरीली दवा डालने का आरोप

अमृत विचार, मलिहाबाद : तालाब में संदिग्ध हालात में सैकड़ों मछलियां मर गईं। तालाब मालिक ने जहरीली दवा डालने का मामला दर्ज कराया है। नगर पंचायत के मोहल्ला केवलहार निवासी मछली पालक निजाम खान के तालाब की बगल में मंगू का खेत है। निजाम ने तहरीर में बताया बुधवार सुबह तालाब पर पहुंचा तो मछलियां मृत मिलीं। उन्होंने पड़ोसी मंगू पर तालाब में जहरीली दवा डालने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

होली के जुलूस में शराब पीकर न करें उत्पात : एसीपी

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : थाना परिसर में बुधवार को एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने क्षेत्रीय लोगों के संग बैठक कर त्योहार आपसी सौहार्द से मनाने की अपील किया। कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम का संदेश देता है। यदि कोई किसी पर गलती से रंग फेंक दे तो उसे माफ कर दें। किसी तरह का विवाद न उत्पन्न करें। त्योहार में खलल डालने वाले शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने अधिक शराब पीकर पर बाहर नहीं निकलने की अपील की।

सुरक्षा बल व पुलिस फोर्स ने किया मार्च

अमृत विचार, निगोहां : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में कराने और लोगों में सुरक्षा का एहसास दिलाने बुधवार देर शाम एसीपी राधा रमण सिंह ने निगोहां एसओ अनुज कुमार तिवारी व सुरक्षा बल और फोर्स के संग मार्च किया। जो निगोहां कस्बा, मीरकनगर, करनपुर समेत कई गांवों में किया गया। अफसरों ने कहा गया चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर पैनी नजर है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए सहयोग की अपील भी की गई। अफवाह की जानकारी यूपी-112 पर देने की अपील की।

हत्या के अभियुक्त समेत 10 आरोपी जिला बदर

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने राजधानी के 10 गुंडों को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने जिला बदर कर दिया है। जेसीपी कानून व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया जिनके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उनमें कृष्णानगर के पूरन नगर निवासी हिस्ट्रीशीटर राकेश पांडेय (हत्या समेत छह मामले दर्ज), हसनगंज के त्रिवेणी नगर निवासी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव (छह मामले दर्ज), वीआईपी रोड निवासी विनायक (चार मामले दर्ज), आशियाना सेक्टर-एच निवासी अमन गुप्ता उर्फ गोलू (5), मंगल रावत निवासी उसरी (5), कैंट के नीलमथा निवासी राहुल (दो), मोहनलालगंज के भावा खेड़ा में रहने वाले मुकेश कुमार (चार), जबरौली निवासी गौरव उर्फ विवेक अवस्थी (पर सात मामले दर्ज), हुसैनगंज निवासी अक्षय सिंह उर्फ सागर (चार मामले) और गोमतीनगर विस्तार निवासी आदित्य यादव उर्फ काली (चार मुकदमे) के नाम शामिल हैं।

धमकी देकर महिला डॉक्टर से वसूले 20 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक जालसाज ने महिला डॉक्टरों को मनी लांड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी देकर कई मदों उससे 20 लाख रुपये वसूल लिए। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, हजरतगंज कोतवाली के धेनुमति अपार्टमेंट, डालीबाग निवासी डॉ. पल्लवी पांडेय के मोबाइल पर कुछ दिन पूर्व अंजान नंबर से एक कॉल आई थी। फोनकर्ता ने उनसे दो घंटे में उनका मोबाइल नंबर बंद होने की बात कही थी। जालसाज ने पीड़िता को बताया कि उनके नंबर से अवैध प्रचार और हेरेसिंग की जा रही है। जालसाज ने उनकी मुंबई पुलिस अधिकारी संजय नामक दूसरे ठग से बात कराई। संजय ने पीड़िता को वीडियो कॉल कर उनसे जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल केस में उनके नाम से दो करोड़ का ट्रांजेक्शन होने की बात कही। इससे बचने के लिए आरोपी ने उनसे 20 लाख की ठगी कर ली।

युवती को जबरन बियर पिला दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाया

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना थाना अंतर्गत रहने वाली पीड़िता ने बताया 7 साल पहले उसकी मुलाकात सूरज निवासी SS-390 सेक्टर-6 एलडीए कॉलोनी आशियाना से हुई थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाये। इसके बाद टाल मटोल करने लगा। इस बीच उसे पता चला कि आरोपी की शादी हो गयी है। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि घर वालों ने जबरन दूसरी युवती से शादी कर दी है। उसे जल्द ही तलाक देकर पीड़िता संग शादी कर लेगा। इसके बाद वह टरकाता रहा। पीड़िता ने दबाव बनाया तो एक जनवरी 2024 को बात करने के लिये उसे बुलाया। इसके बाद कार में उसे जबरन बियर पिलाकर दुष्कर्म किया। जिसका अश्लील वीडियो बनाकर पुलिस से शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर आशियाना ने छत्रपाल सिंह ने बताया आरोपी सूरज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इंस्टाग्राम पर छात्र का आपत्तिजनक वीडियो अपलोड

अमृत विचार, लखनऊ : दोस्तों के साथ एक वाटर पार्क में फेयरवेल मनाने गए इंटर के छात्र की नहाने और कपड़े बदलने के दौरान किसी दोस्त ने उसका आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर इंस्ट्राग्राम पर अपलोड कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, इंदिरानगर कॉलोनी का किशोर निजी स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र है। लिखित शिकायत में छात्र ने बताया कि दिसम्बर 2023 में वह स्कूल के दोस्तों के साथ फेयरवेल मनाने के लिए ग्रीमलैण्ड वाटर पार्क गया था। आरोप है कि कपड़ा बदलने के दौरान किसी दोस्त ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर इंस्ट्राग्राम पर वायरल कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

महिला पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में महिला पर चाकू से हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। थाना अंतर्गत पहाड़पुर निवासी राज नारायण पांडेय की पत्नी लक्ष्मी पांडेय मंगलवार को दूसरी मंजिल पर कमरे में ताला बंद करने गईं थी। तभी अंदर बैठे युवक ने चाकू से हमला कर दिया था। चीख सुन पहुंचे आसपास के लोगों ने युवक को दबोच लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया था। आरोपी की पहचान लखीमपुर खीरी जिले के भीरा निवासी अभिषेक शुक्ला के रूप में हुई थी। थाना प्रभारी हेमंत राघव ने बताया आरोपी निजी कॉलेज का छात्र है।

महिला से की साढ़े तीन करोड़ की ठगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने की कार्रवाई, छह गिरफ्तार
- साढ़े 13 लाख बरामद, 65 लाख की रकम जब्त

अमृत विचार : वाराणसी के सिगरा से ठगी का एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। महाराष्ट्र का फर्जी पुलिस अधिकारी बन, छानबीन के नाम पर डराकर ठगों ने महिला से साढ़े तीन करोड़ की ठगी कर ली। कमिश्नरेट पुलिस को सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। इस दौरान कमिश्नर ने मामले का खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया। साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने मामले की छानबीन करते हुए छह ठगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा साढ़े 13 लाख रुपए नकदी भी बरामद की है। ठगों के विभन्न बैंक खातों में जमा 65 लाख रुपये पुलिस ने सीज भी करा दिए हैं।

साइबर क्राइम थाना पुलिस के मुताबिक सिगरा निवासी शंपा रक्षित के मोबाइल पर 8 मार्च को फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह टेलीकाम रेगुलेटरी अथॉरिटी से बोल रहा है। दो घंटे में आपका फोन बंद हो जाएगा। अभी आपके पास पुलिस का भी फोन आएगा। कुछ देर बार शंपा रक्षित के मोबाइल पर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर फोन कर दिया। पुलिस बन ठग ने अपना नाम विनय चौबे बताया और कहा कि आपने घाटकोपर से यह मोबाइल नंबर लिया है। इस नंबर से आप अवैध काम कर रही हैं। शंपा ने जवाब देते हुए कहा कि यह नंबर मेरा नहीं है। इस पर फोन करने वाले ने कहा कि आपके खिलाफ अरेस्ट वारंट है आपको मुंबई के विले पार्ले पुलिस स्टेशन पहुंचना पड़ेगा। इस पर जवाब देते हुए पीड़िता ने बताया कि वह मुंबई नहीं रहती है। हालांकि कुछ देर बार ठगों ने पीड़िता से उसके मोबाइल पर स्कायप ऐप डाउनलोड कराकर सीनियर पुलिस अफसर बता किसी अन्य से बात कराने लगे। उस दौरान पीड़िता डर गई और ठगों के पूछने पर डिटेल बता दी। उस दौरान बैंक खातों का विवरण भी खंगाल लिया गया और पीड़िता के अकाउंट से तीन करोड़ 55 लाख रुपए निकाल लिए गए।

तगादा करने पहुंचे युवक को चार घंटे तक बनाया बंधक

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत रानी कोठी मोहल्ले में तगादा करने पहुंचे युवक को परिचितों ने चार घंटे तक कमरे में बंधक बना लिया। विरोध करने पर परिचित उसे धमकाने लगा। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, नेपियर रोड कॉलोनी निवासी काजिम अकरम ने शहब अली उर्फ मो. शाजी, मो. जीशान, मो. सईद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शहब अली ने अपने भाई के व्यवसाय करने के लिए उससे 10. 40 लाख उधार लिए थे। समय सीमा-समाप्त होने पर पीड़ित तगादा करने परिचित के घर पहुंचा। तब शहब अली ने मो. जीशान, सईद व पांच अज्ञात की मदद से उसे अपने घर में चार घंटे तक बंधक बनाए रखा। किसी तरह पीड़ित जान बचाकर वहां से बच निकला।

तीन लाइसेंसी असलहे और 224 कारतूस जब्त

संवाददाता, लखनऊ/ आलमबाग

फायरिंग मामला

अमृत विचार : आलमबाग इलाके में प्लाट कब्जे को लेकर विवाद व फायरिंग के मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के करीब 60 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों पक्ष के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। फायरिंग करने वाले पक्ष से तीन लाइसेंसी असलहों को जब्त कर 224 कारतूस बरामद किये गये हैं। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना अंतर्गत सुजानपुरा निवासी रहमान अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 19 मार्च की रात वह चाचा के प्लाट पर था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के मुस्फिक, एहसन अहमद, उनका गनर व पांच अन्य ने गाली गलौज कर असलहों की बट से पीटा और करीब तीन राउंड हवाई फायरिंग की। मुस्फिक द्वारा चलाई गोली से वह बाल बाल बचा। फायरिंग से मोहल्ला में भगदड़ मच गई। दूसरे पक्ष से अहसन अहमद ने तहरीर दी। बताया अपने ऑफिस सुजानपुरा का शटर बन्द कर रहा था। तभी तनवीर, इरफान खान (भोजू), बुद्ध, रहमान सामने के प्लाट में बैठे दिखे। जो कि उसने तनवीर को बेचा था। आरोपियों को वहां से जाने को कहा तो रहमान ने हाथापाई शुरू कर दी। इसके साथ ही अपने पक्ष के लोगों को राइफल आदि के संग बुलाकर जान से मारने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर आशियाना एसएस माधवन ने बताया रहमान अली की तहरीर पर मुस्फिक समेत 10 पर और अहसन की तहरीर पर तनवीर समेत 50 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों पक्ष से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अहसन समेत उनके पक्ष के तीन लोगों के तीन लाइसेंसी असलहा जब्त कर 224 कारतूस बरामद किये हैं।

14 माह में आरबीआई की करेंसी चेस्ट में मिले 5.91 लाख के जाली नोट

विनय शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : जाली नोट बाजार में तो मिल ही रहे हैं। बाजार से होते हुए यह नोट आरबीआई के करेंसी चेस्ट तक पहुंच गए हैं। जाली नोट की आपूर्ति करने वाले गिरोह देश को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। इसकी पुष्टि आरबीआई के करेंसी चेस्ट से मिले जाली नोटों के आंकड़े करते हैं। 14 माह में आरबीआई करेंसी चेस्ट से कुल 5.91 लाख रुपये के नकली नोट मिले हैं। नकली नोट मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

हर माह 49 हजार रुपये का हो रहा आर्थिक नुकसान

औसतन, आरबीआई के करेंसी चेस्ट से हर माह 49 हजार रुपये के जाली नोट निकल रहे है। एक्सपर्ट की मानें तो, बैंकों के एटीएम करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने के बाद ग्राहक इन्हें बैंक शाखा को वापस कर देता है, जिसे बैंक शाखाओं की ओर से आरबीआई को भेजा जाता है। आरबीआई की ओर से इतनी ही रकम की जाली नोटों के बदले असली नोटों को संबंधित बैंक को अदा करना पड़ता है। यही वजह है बैंकों की लापरवाही के कारण आरबीआई को हर माह आर्थिक नुकसान हो रहा है।

हर माह एक एफआईआर

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि, हर माह आरबीआई के सहायक प्रबन्धक की तरफ से महानगर कोतवाली में जाली नोट मिलने की शिकायत दर्ज कराई जाती है। सभी मामलों की विवेचना की जा रही है, लेकिन अब तक पुलिस जाली करंसी का खेल करने वाले लोगों को चिन्हित नहीं कर सकती है। यही वजह है कि आरबीआई की तरफ से दर्ज कराए गए, जाली करेंसी के मामले लम्बित हैं।

कुछ मामलों में लगा दी गई अंतिम रिपोर्ट

एडीसीपी ने बताया कि पूर्व में भी आरबीआई की तरफ से जाली करेंसी में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पुलिस ने कई पहलुओं में तफ्तीश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। मजबूरन पुलिस ने इन मामलों में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगानी पड़ी। कहाकि, हांलाकि इस खेल के पीछे किसा हाथ है और जाली नोटों की सप्लाई कहां से हो रही है। पुलिस टीमें जांच में जुटी है।

- बैंकों की लापरवाही से हर माह आरबीआई को हो रहा नुकसान

> जाली करेंसी की दर्ज कराई गई एफआईआर में लगातार विवेचना चल रही है। हालांकि, अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। जल्द ही जाली करेंसी में सम्मलित होने वाले लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> -मनीषा सिंह, एडीसीपी मध्य

दिनांक	माह	नोट	रुपये
13	जनवरी	154	16,250
14	फरवरी	56	5420
03	मार्च	99	13,110
14	अप्रैल	132	27,710
25	मई	98	14,100
27	जून	235	18,970
17	अगस्त	76	3,710
26	सितम्बर	24	10,350
31	अक्टूबर	99	12,862
09	नवम्बर	91	59,690
28	दिसम्बर	100	58,720
16	जनवरी	138	1,63,250
28	फरवरी	53	56,500
15	मार्च	144	1,31,200
कुल			5,91,842

एक नजर

साइकिलिंग चैंपियनशिप में भाग लेगी उत्तर प्रदेश टीम

अमृत विचार, लखनऊ : पंचकुला (हरियाणा) में होने वाली आगामी 20वीं राष्ट्रीय एमटीबी साइकिलिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की 24 सदस्यीय टीम हिस्सा लेगी। इस चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की विभिन्न आयु वर्गों की टीम की बुधवार को उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव आरके गुप्ता ने घोषणा की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप 28 से 31 मार्च तक पंचकुला (हरियाणा) की मोरनी हिल्स में होगी। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान (आईएएस, विशेष सचिव-चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण) ने बताया कि साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के सचिव आरके गुप्ता को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश टीम में शामिल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

फ्लड लाइट में अभ्यास मैच देख रोमांचित हुए दर्शक

खिलाड़ियों की तस्वीर लेने को मची होड़, एलएसजी जीतेगा के शोर से गूंजा स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम फ्लड लाइट में अभ्यास मैच खेलने के लिए भले ही शाम को अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पहुंची हो, लेकिन क्रिकेट प्रेमी दोपहर में ही यहां पहुंच गए।

अंदर दाखिल होने के लिए वह स्टेडियम प्रबंधन के लोगों को अपना पंजीकरण नंबर बताते नजर आए। इतना ही नहीं गेट पर उत्साहित क्रिकेट प्रेमी राहुल और क्रुणाल पांड्या का शोर भी मचा रहे थे। इस बार एलएसजी जीतेगा के शोर से स्टेडियम गूंज उठा। जैसे ही मैच की पहली बाल फेंकी गई एक बार फिर से दर्शकों ने एलएसजी के जीत को लेकर नारेबाजी शुरू की।



इकाना स्टेडियम में अभ्यास मैच के दौरान केएल राहुल व मैच का आनंद लेते दर्शक। अमृत विचार

मार्क स्टोइनिस और आयुष बडोनी का प्रशंसकों ने खूब उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा टीम में पहली बार शामिल वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज समर जोसेफ को लेकर भी प्रशंसकों का उत्साह देखते ही बना।

कप्तान राहुल को देखते दर्शकों का उत्साह दोगुना : अभ्यास मैच के दौरान एलएसजी के कप्तान केएल राहुल भी मैदान में नजर आए। दर्शकों के आवाज लगाने पर उन्होंने भी हाथ हिला कर सभी का जवाब दिया। नीले रंग की टीशर्ट पहने राहुल यहां पर चीफ कोच जस्टिन लैंगर और सहायक कोच लांस क्लूजनर के साथ देर तक बातचीत करते नजर आए।

पडिक्कल इलेवन की जीत

अभ्यास मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी देवदत्त पडिक्कल इलेवन ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 187 रन बनाए। आयुष बडोनी ने 61 गेंदों पर छह चौके और छह छक्कों की मदद से 80 रन की आतिशी पारी खेली। प्रेरक मांकड़ सात चौको की सहायता से 52 रन बनाए। जवाब में दीपक हुड्डा की टीम लक्ष्य से दो रन पिछड़ गई और छह विकेट खोकर 185 रन बना सकी। स्टोइनिस ने शानदार बल्लेबाजी कर दर्शकों का खूब मनोरंजित किया। 69 गेंदों पर तीन चौके और सात गगनचुंबी छक्कों की मदद से उन्होंने नाबाद 89 रन की पारी खेली, जबकि क्विंटन डिकॉक ने 27 रन बनाए।

एलडीए कोचिंग सेंटर और अखिल इंफ्रा में होगी खिताबी जंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में दर्ज की जीत

अमृत विचार : सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले की तस्वीर बुधवार मुकाबले के बाद साफ हो गई। फाइनल मुकाबले में एलडीए कोचिंग सेंटर के सामने अखिल इंफ्रा की चुनौती होगी।

मैन ऑफ द मैच अक्शदीप नाथ (नाबाद 106 रन, 111 गेंद, 13 चौके, एक छक्का और 3 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत एलडीए को चिंग सेंटर ने सेमीफाइनल मुकाबले में आरईपीएल क्रूसेडर्स को 8 विकेट से हरा कर फाइनल का टिकट हासिल किया। एलडीए स्टेडियम पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरईपीएल क्रूसेडर्स ने सभी विकेट खोकर 173 रन बनाए। विजयी टीम की ओर से अक्शदीप नाथ ने तीन, पार्थसिंह और सात्विक राव ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में एलडीए कोचिंग सेंटर ने 2 विकेट खोकर 174 रन बनाए और जीत दर्ज की। अक्शदीप नाथ ने 106 रनों की पारी खेली।

अंकुर और मो. सैफ की शानदार बल्लेबाजी

दूसरे सेमीफाइनल में मैन ऑफ द मैच मो. सैफ के खेल से अखिल इंफ्रा ने एनई रेलवे को 6 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनई रेलवे ने 8 विकेट खोकर 243 रन बनाए। सौरभ दुबे ने 84 रनों की पारी खेली। अखिल इंफ्रा की ओर से संदीप पाण्डेय ने तीन, पवन सिंह ने दो और मो. सैफ ने एक विकेट लिया। जवाब में अखिल इंफ्रा ने 4 विकेट खोकर 247 रन बना लिए और जीत दर्ज की। अंकुर मलिक ने 84 और मो. सैफ ने 65 रनों की पारी खेली।

ताज के लिए लखनऊ और झांसी छात्रावास की भिड़ंत आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता

अमृत विचार : शाहरुख अली, आतिफ, रौनक और केतन कुशवाहा के शानदार खेल की बदौलत लखनऊ छात्रावास ने राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में वाराणसी छात्रावास को 5-2 से शिकस्त दी और फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला झांसी छात्रावास से होगा। झांसी छात्रावास ने सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से शिकस्त दी।

कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यान चंद स्टेडियम में लखनऊ और वाराणसी छात्रावास में शानदार मुकाबला देखने को मिला। दोनों ही टीमों ने शुरुआत से आक्रामक रुख अपना लिया। पहली सफलता वाराणसी को मिली। मैच के तीसरे मिनट में ही वाराणसी को पेनल्टी कार्नर का मौका मिला जिसे गोल में बदल उसने 1-0 की बढ़त हासिल की। लेकिन यह बढ़त मात्र चंद मिनट ही रही। 11वें मिनट में लखऊ छात्रावास को पेनल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे आतिफ रायनी ने गोल में बदल कर 1-1 से हिसाब बराबर किया।

एलएसजी इलेवन का चुनाव मेरे लिए चुनौती : लैंगर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जब आस्ट्रेलिया टीम का कोच था तो उस समय खुद के लिए वक्त नहीं मिलता था। उस टीम के साथ समय पूरा होने के बाद तकरीबन दो साल खूब आराम किया। अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी मिली है तो फिर से उन दिनों की याद आ गई जब आस्ट्रेलिया टीम का कोच हुआ करता था।

यह कहना था एलएसजी के मुख्य प्रशिक्षक जस्टिन लैंगर का। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस टीम से जुड़ कर मुझे अच्छा लगा। घर जैसा माहौल और अपनापन मिलने से उत्साहित हूं। रही बात टीम की तो स्पष्ट कर दूं कि एलएसजी में एक से एक खिलाड़ी शामिल हैं। टैलेंट की कोई कमी नहीं है। आईपीएल के लिए अंतिम 11 खिलाड़ियों का चयन करना ही मेरे लिए परेशानी का विषय है। सभी शानदार खिलाड़ी टीम में मौजूद हैं जो हर जगह बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी आईपीएल में अपने दमदार प्रदर्शन करने को बेकरार हैं।

पूर्व में भी एलएसजी टीम प्लेऑफ का हिस्सा रह चुकी है। इस बार हम खिताब जीतने के लिए और बेहतर करेंगे। केएल राहुल के टीम से जुड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि वह अपनी चोट से उबर कर वापसी करने को तैयार है। एलएसजी के प्रदर्शन में राहुल के प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान जस्टिन लैंगर

▸▸ मुख्य कोच ने बताया कि टीम के साथ घर जैसा माहौल

▸▸ टीम में सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन को तैयार

इकाना में इस बार खूब बरसेंगे रन

इस बार अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम की पिच शानदार है। लैंगर ने कहा कि यहां के ग्राउंडमैन ने पिच और आउटफील्ड को संवारने में खासी मशक्कत की है। पहले यहां पर बल्लेबाजों को भले ही दिक्कत आई हो लेकिन इस बार ऐसा नहीं होने वाला। इस बार यहां पर रनों की बारिश देखने को मिलेगी।

राहुल द्रविड़ हैं शानदार कोच

भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने को लेकर लैंगर ने कहा कि भारत में बहुत अधिक प्रतिभा है। यहां पर दिग्गज खिलाड़ी मौजूद है। मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ अपने समय में शानदार खिलाड़ी रहे हैं। मौजूदा भारतीय टीम में इस समय ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०	106-टेली/टेंडर/15/2023-24
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के वाराणसी, सुल्तानपुर और अयोध्या कैंट के स्टेशन कार्यालयों एवं लखनऊ की ऑफिसर्स कॉलोनी में रेलनेट कनेक्टिविटी का कार्य।
अनुमानित लागत	रू 62,89,614.52/-
निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
धरोहर राशि	रू 1,25,800.00/-
कार्य पूरा करने की अवधि	210 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	02.04.2024 at 15:30 Hrs
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू सं0: 106-टेली/टेंडर/15/2023-24 दिनांक: 10.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 891/24

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 151/2023

नोटिस बनाम- Prashant Ranjan Shrivastava, PCM, Trinity multistate Co-Operative Credit Society Ltd.
पता:- Regd. Office- 2nd Floor, Royal square, Ring road, Near Tedhi Puliya Chauraha, Lucknow

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्रीमती नाजमा बानो पत्नी श्री जाकिर हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 151/2023

नोटिस बनाम- Chief Executive Managing Director, Trinity multistate Co-operative Credit Society Ltd.
पता:- Regd. Office- 2nd Floor, Royal square, Ring road, Near Tedhi Puliya Chauraha, Lucknow

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्रीमती नाजमा बानो पत्नी श्री जाकिर हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 150/2023

नोटिस बनाम- Prashant Ranjan Shrivastava, PCM, Trinity multistate Co-Operative Credit Society Ltd.
पता:- Regd. Office- 2nd Floor, Royal square, Ring road, Near Tedhi Puliya Chauraha, Lucknow

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्री जाकिर हुसैन मंसूरी पुत्र श्री अनवार हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 150/2023

नोटिस बनाम- Chief Executive Managing Director, Trinity multistate Co-operative Credit Society Ltd.
पता:- Regd. Office- 2nd Floor, Royal square, Ring road, Near Tedhi Puliya Chauraha, Lucknow

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्री जाकिर हुसैन मंसूरी पुत्र श्री अनवार हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

सार-संक्षेप

सम्मानित छात्रों के साथ शिक्षिका। अमृत विचार

आयरस क्राउन स्कूल में स्नातक समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : आयरस क्राउन स्कूल स्नातक समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. हिना फातिमा, संस्थापक के निर्देशन में मुख्य अतिथि डॉ. इकबाल अली, उपाध्यक्ष, आयरस क्राउन स्कूल के स्वागत के साथ हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अभिभावकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के आशीर्वाद के साथ हुआ और छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित किया गया।

कार्य की धीमी रफ्तार पर मुख्य अभियंता ने लगाई फटकार

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती के मुख्य अभियंता ने बुधवार को कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रहे अनुरक्षण कार्य की रिर्पोट तलब की। उपकेंद्र अधिकारियों से क्षेत्र मे बकायेदारों से वसूले गये राजस्व की जानकारी ली। आरडीएसएस योजना के कार्यों की धीमी रफ्तार पर कर्मचारियों को फटकार लगाई। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि उन्होने आज कपूरथला और डालीगंज के उपकेंद्रो का दौरा किया। क्षेत्र में चल रहे अनुरक्षण कार्य जिसमें जर्जर तारों को बदलने, फीडरों के मेंटीनेंस, पेड़ो की कटाई-छटाई और ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग की प्रगति रिर्पोट को देखा। इस दौरान इलाकों में चल रहे कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को चेतावनी भी दी है। होली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए है।

बच्चों और शिक्षकों ने लिया गौरैया बचाने का संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में बुधवार को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के बच्चों के साथ ही शिक्षकों ने गौरैया बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राणि उद्यान की शिक्षा अधिकारी नीना कुमार ने सभी को गौरैया और उससे जुड़ी तमाम जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि गौरैया हमारे शुद्ध वातावरण का द्योतक है। यदि हमारे आस-पास गौरैया रहती है तो इसका मतलब है कि स्वस्थ्य वातावरण में रह रहे हैं। प्राणि उद्यान के क्षेत्रीय वनाधिकारी डीके बडोला ने कहा कि पक्षियों को सबसे अधिक नुकसान मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन से होता है, जिसकी वजह से पक्षियों की मृत्यु होने की दर बढ़ रही है। उन्होंने अपील की कि सभी व्यक्तियों को कम से कम एक घोंसला घरों में गौरैया संरक्षण को लगाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गौरैया जागरूकता पर रैली भी निकाली।

एक राग दो स्वर नाटक में दिखी मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी

अमृत विचार, लखनऊ : चित्रण कला मंच समिति की ओर से तीन दिवसीय नाट्य समारोह के अन्तिम दिन नाटक एक राग दो स्वर का मंचन किया गया। विपिन कुमार के निर्देशन में हुए नाटक में मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी दिखायी गई। कहानी में बड़े ही सरल भाषा में समझाया गया कि एक दूसरे को समझ कर ही जिन्दगी शांति के साथ चलती है। मंच पर हेमंत शुक्ला, शीलू मलिक, सुअंश सक्सेना, पोषिता राज सिंह, रोहित कुमार शुक्ला, विपिन कुमार और सतीश कुमार गौतम ने अभिनय किया।

नाटक रानी रूपमती का हुआ मंचन

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. संगीत नाटक अकादमी में नाटा संस्था भरत रंग द्वारा नाटक रानी रूपमती का मंचन किया गया। कार्यक्रम शुरुआत लोक आयुक्त के उप सचिव अजय कुमार वर्मा तथा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहायक निदेशक डॉ. राजेश कुमार अहिरवार एवं सेवा भारती अवध प्रान्त के अध्यक्ष रवींद्र सिंह गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नाटक रानी रूपमती का लेखन एवं निर्देशन चन्द्रभाष सिंह द्वारा किया गया, जिसे मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य दर्शकों द्वारा सराहा गया। नाटक रानी रूपमती सुप्रसिद्ध दुर्ग मांडवगढ़ की संगीत को समर्पित अद्भुत प्रेम कथा है।



मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार।

मेगा ट्रेड फेयर में कलाकारों ने बिखेरे लोक गायिकी के मनभावन रंग

अमृत विचार, लखनऊ : भारत अंतरराष्ट्रीय मेगा ट्रेड फेयर में बुधवार को धनक सोसाइटी की ओर से रंग-ए-एकादशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए इस सतरंगी कार्यक्रम में धनक सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चरल एंड सोशल वेलफेयर के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दी। इस यादगार शाम में लोक गायकी के विविध रंग से लेकर फूलों की होली तक देखने को मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशाल गुप्ता, अरुण सोनकर, सोनाली, दिशा, दिव्या, अर्चना ने जब फागुन रंग बरसते हों और होली खेले हो जम के घूंघट वाली पर सुंदर नृत्य कर प्रस्तुत किया। इस क्रम में उन्होंने फगुनवा माई रंग रस रस बरसे और गोकुल की गलियां में देखो धूम मची है आज सुनाकर होली की उमंग और जोश को और भी बढ़ा दिया। दूसरी ओर शाम को अंकिता सिंह के मधुर गायन और प्रियंका दीक्षित ने तूने ए रंगीले क्या जादू किया के बाद शुभम गुप्ता ने वो कृष्णा है और होलिया में उड़े रे गुलाल पर जबरदस्त नृत्य किया। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष नीशू त्यागी और धनक सोसाइटी की अध्यक्ष फरहाना परवीन ने इस अवसर पर बताया कि होलिकोत्सव की उमंग यूं तो वसंत पंचमी से शुरू हो जाती है जो फाल्गुन की पूर्णिमा तक जारी रहता है।

बुधवार को परिषद भवन में होली और एकादशी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में फाग गीत प्रस्तुत करते उत्तराखंडी समाज के लोग। अमृत विचार

उत्तराखंडी होल्यारों के गीत पर झूमा पर्वतीय समाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तराखंड के ग्रामीण और सुदूर अंचल की पारंपरिक बैठकी व खड़ी होली का आयोजन

अमृत विचार : राजधानी के उत्तराखंड महापरिषद की ओर से बुधवार को होली गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली की एकादशी पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तराखंडी होल्यारों ने फाग गीत प्रस्तुत किया।

फाल्गुन की एकादशी पर्व पर पर्वतीय महापरिषद की तरफ से उत्तराखंड के ग्रामीण और सुदूर अंचल की पारंपरिक बैठकी व खड़ी होली का आयोजन किया जाता है। जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शास्त्रीय, बैठ होली और उत्तराखंडी होलियों का गायन करती हैं। वहीं पुरुष भी पर्वतीय वेशभूषा में होली पर गीत गातें है।

बुधवार को राजधानी स्थित परिषद भवन में एक विशाल होली गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर शास्त्रीय, बैठ होली और उत्तराखंडी होलियों का गायन किया। साथ ही पुरुषों की होलियारों ने बड़े जोशो-खरोश से होली गायन किया। इस अवसर पर परिषद के मुख्य संयोजक टी एस मनराल, संयोजक और साहित्यकार कौस्तुभ चंदोला, अध्यक्ष गणेश जोशी, महासचिव महेन्द्र रावत, सांस्कृतिक सचिव गोविन्द बोरा, महिला उपाध्यक्ष सुमन रावत, चित्रा कांडपाल, नंन्दा रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर में फागुन आयो कार्यक्रम में भजन गातीं मंजू यादव व आनंद लेते लोग। अमृत विचार

होली के त्योहार को लेकर सजा खाटू श्याम मंदिर। अमृत विचार

अगर श्याम तेरी कृपा न होती, गरीबों को दुनिया जीने न देती : मयंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ श्याम मंदिर में फागण आयो रे का आयोजन

अमृत विचार : गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में फागण आयो रे दो दिवसीय कार्यक्रम के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा। श्याम परिवार लखनऊ के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि हर माह ग्यारस, एकादशी पर श्याम भक्तों का सैलाब देखने को मिलता है।

कार्यक्रम में भजन गायक पवन मिश्रा ने बाबा का दरबार सुहाना लगता है, भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है.... मयंक गुप्ता ने अगर श्याम तेरी कृपा ना होती, गरीबों को दुनिया जीने ना देती..... मंजू यादव ने भर दे रे श्याम झोली भर दे, भर दे ना बहलाओ बातों में... भजन गाकर बाबा के सामने भजनों की हाजिरी लगाई।

मंदिर को कोलकाता के कलाकारों द्वारा स्वर्णिम द्वार एवं आभूषण जड़ित खाटू श्याम का दरबार बनाया गया है। देशी विदेशी फूलों से बाबा का भव्य दरबार देखते ही बन रहा है।

होली पर गाय के गोबर से बने लट्ठे बेचेगा नगर निगम

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर होलिका दहन के लिए नगर निगम कान्हा गौशाला में गाय के गोबर से तैयार किये गए लट्ठे बेचेगा। लट्ठे दो फिट लंबे और तीन फिट चौड़े हैं। इनकी कीमत 10 रुपये रखी गयी है।

हिन्दू धर्म में गाय के गोबर के महत्व को देखते हुए नगर निगम ने गौशाला में देशी गाय के गोबर से 25,000 कंडे भी तैयार कराये हैं। गोबर से बने लट्ठे लेने के लिए नादरगंज स्थित कान्हा उपवन गौशाला में सुबह 9 से शाम छह बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

एक नजर

स्टंटबाजों ने जरी कारीगर को मारी थी टक्कर

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत गऊघाट पर सोमवार रात सड़क हादसे में जरी कारीगार अली शेर की मौत हो गई। जबकि पत्नी मुमताज की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टंटबाजों ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी थी। आए-दिन स्टंटबाज गऊघाट पर हैरतअंगेज स्टंटबाजी करते है।

इंजीनियर से लाखों की ठगी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाने में इंजीनियर बृजमोहन वर्मा ने साइबर ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि साइबर ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से कई मदों में 1.74 लाख रुपये निकाल लिए है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

दो पक्षों में मारपीट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के गहरु गांव निवासी लल्लन यादव ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे अलिकेश यादव ने परिवारिक सदस्यों के संग मिलकर पिता गौरीशंकर पर हमला कर दिया था। वहीं, दूसरे पक्ष से सिंधु यादव का कहना है कि लल्लन यादव व उनका परिवार अचानक उसने हाथापाई करने लगा। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज की गई है।

महिला की लूटी चेन

संवाददाता, काकोरी : पारा थानाक्षेत्र की पूर्वीदीन खेड़ा जीबी गार्डन निवासी सोनी सिंह ने बताया कि वह उसकी बहन के घर बिजनौर परिजन से मिलने पर जा रही थी तभी पूर्वीदीन खेड़ा मोड़ के पास घात लगाकर बाइक सवार युवक पास आए और गले में पहनी चेन खींचकर भाग निकले। पीड़ित महिला ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार ने हेलमेट लगा रखा था, वह अवध चौराहे की और तेज गति से निकल गए। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जीपीएस से होगी ईवीएम और वीवीपैट की निगरानी

वर्ष 2019 के चुनाव में 3561 ईवीएम और वीवीपैट का हुआ था प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इस बार 3766 बूथ और इतनी ही ईवीएम का होगा प्रयोग
- जिन वाहनों में इन मशीनों को रखा जाएगा उनमें जीपीएस लगाया जाएगा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में प्रयोग होने वाले ईवीएम और वीवीपैट की निगहबानी जीपीएस से की जाएगी। जिन वाहनों में इन मशीनों को रखा जाएगा उसे जीपीएस से लैस किया जाएगा।

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 3561 ईवीएम और वीवीपैट का प्रयोग किया गया था। इतने ही बूथों पर वोट डाले गए थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में 3766 बूथ बनाए गए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जितने बूथ है उतनी ही ईवीएम का प्रयोग किया जाएगा। चुनाव में 3766 ईवीएम और वीवीपैट का प्रयोग किया जा सकता है। ईवीएम के उपयोग संबंधी जितने भी काम होंगे, उनमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा। ईवीएम को मतदान केंद्रों में भेजने से पहले भी विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इन्हें सील किया जाएगा। वीवी पैट मशीन पर मतदाता यह देख सकता है कि जो वोट उसने डाला है, वह किसे गया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जीपीएस लगे वाहन अथवा मोबाइल एप आधारित जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से ईवीएम और वीवीपैट की आवाजाही की निगरानी की जाएगी। इसके लिए वेब पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से ईवीएम और वीवीपैट की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में ईवीएम नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। यहां से ईवीएम वाले वाहनों पर लगातार नजर रखी जाएगी और इसकी रिकार्डिंग भी होगी, जिससे यह पता चल सकेगा कि वाहन किस रास्ते से कहां तक गए हैं।

इतना ही नहीं, जितनी बार भी ईवीएम का किसी कार्य के लिए इस्तेमाल होगा, उतनी बार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों या प्रत्याशियों को बुलाया जाएगा। चाहे मशीनों के जरिये डेमो देना हो अथवा मशीनों की सीलिंग करनी हो, इन सब गतिविधियों के दौरान राजनीतिक दलों को बाकायदा पत्र भेजकर आमंत्रित किया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि चुनाव में पारदर्शिता अपनाने के लिए ऐसा किया जाएगा।

चुनाव के लिए तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने 271 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। दोनों लोकसभा को 47 जोन और 224 सेक्टरों में बांटा गया है। विभिन्न विभागों के प्रथम श्रेणी अधिकारियों को मजिस्ट्रेट की ड्यूटी सौंपी गई। प्रत्येक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस सुरक्षा कर्मी भी तैनात किए गए हैं। हाल ही में जिलाधिकारी ने चुनाव से संबंधित समितियों की जिम्मेदारी नोडल अधिकारियों को सौंपी थी। सीडीओ, बीएसए के अलावा अलग-अलग एडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, एलडीए सचिव को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

प्रत्याशी करें मनमानी तो आयोग से करें शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव आयोग की ओर से एप सी विजिल की सुविधा भी दी गई है। सी विजिल इन्वेस्टिगेटर एप सीधे उड़नदस्तों और स्टैटिक सर्विलांस टीमों में तैनात अधिकारियों से जुड़ा है। लोग इस एप को अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह ने बताया कि सभी शिकायतें ग्लोबल पोजिशिनिंग सिस्टम के आधार पर देखी जाती हैं। जैसे किसी जागरूक नागरिक ने अवैध रूप से लगी प्रचार होर्डिंग की फोटो खींचते हुए शिकायत की तो उस स्थान की लोकेशन दर्ज हो जाएगी। इसके आधार पर टीमें कार्रवाई कर सकेंगी।

हंसी-ठिठोली व फाग गीतों संग मनी होली

अमृत विचार, लखनऊ : हंसी-ठिठोली व फाग गीतों संग जैन महिला मंडल की होली मनी। आशियाना जैन मंदिर में आयोजित होली मिलन में महिलाओं ने फाग गीतों पर नृत्य किया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन में निधि और स्वाति जैन ने फागुनी गीतों पर झूमकर नृत्य किया। वहीं सोनी, सरिता जैन व संगीता के चुटकुलों पर खूब ठहाके लगे। मंडल की अध्यक्षा अल्पना जैन, मंत्री ऋतु जैन, उपाध्यक्ष डॉ सविता जैन, ज्योति जैन, रिमझिम शाह, राखी, स्वीटी ने गीत-संगीत से सजे कार्यक्रम पेश कर होली मिलन को बहुरंगी बना दिया।

मनकामेश्वर मंदिर में साधु-संतों ने खेली होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मनकामेश्वर मंदिर में आमलकी रंगभरी एकादशी पर होली खेलते साधु-संत। अमृत विचार

अमृत विचार: आमलकी रंगभरी एकादशी पर डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में बुधवार को साधू-संतों ने होली खेली। महंत देव्यागिरी ने मंदिर में भगवान श्रीमनकामेश्वर को अबीर चढ़ाया। उसके बाद मंदिर प्रांगण में स्थापित पूर्व गुरू बाबा रामगिरी महाराज, बाबा बालक गिरी महाराज, बाबा त्रिगुणन गिरी महाराज, श्रीबाबा केशव गिरी महाराज को अबीर अर्पण किया गया। इसके बाद मंदिर में आए अमीनाबाद के महंत रामपुरी कुमार दास, मौलवीगंज के बाबा मुन्ना गिरी, त्यागीदास फलहारी, पंडित महाराज नारायण, केली गिरी, सआदतगंज लकड़मंडी से कमला गिरी बाबा, कुसुम गिरी, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के शिवदत्त बाजपेयी व पंडित दया शंकर व ओम प्रकाश दास ने भगवान को अबीर-गुलाल चढ़ाया। इसके बाद मंदिर के प्रमुख सेवादार उपमा पांडेय, गौरव गिरी, दुवार्सा, साधू- संतों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली खेली। इस दौरान फाग गीत भी गाया गया।

होलिका में न जलाएं टायर- महंत देव्यागिरी ने सभी को होली की बधाई दी। कहा कि होलिका दहन को भी हवन के तौर पर ही लेना चाहिए। इको फ्रेडली वस्तुए जैसे लकड़ी, कंडों को ही होलिका में जलाना चाहिए। बहुत से टायर इत्यादि चीजों को होलिका में जलाते हैं, जिसे नहीं करना चाहिए। इससे वातावरण में प्रदूषण फैलता है। उन्होंने बताया इस रंगभरी एकादशी पर पहले साधु-संतों के होली खेलने के बाद से ही त्योहार की शुरूआत मानी जाती है।

रोजगार सृजन में एमएसएमई की भूमिका अहम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीआईआई यूपी एमएसएमई सम्मेलन आयोजित हुआ

अमृत विचार: भारतीय उद्योग परिसंघ उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सीआईआई यूपी एमएसएमई सम्मेलन का आयोजन किया। जहां उत्तर प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने में एमएसएमई की अपरिहार्य भूमिका तथा उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में एमएसएमई यूनिट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पे चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

प्रमुख सरकारी अधिकारियों, अर्थशास्त्रियों और विचारकों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विषय विशेषज्ञों ने राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले कारकों पर चर्चा, विचार-विमर्श किया।

सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएसएमई आईएएस सचिव प्रांजल यादव ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में निवेश बढ़ाने और एमएसएमई तथा एसएमई यूनिट्स को विभिन्न व्यापारिक प्रोत्साहन प्रदान कराने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने उल्लेख किया कि एमएसएमई किसी भी राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि रोजगार सृजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है तथा वे देश के निर्यात वृद्धि में आधे से अधिक का योगदान देते हैं। सीआईआई संयोजक यावर अली शाह ने कहा कि ओडीओपी ने राज्य के एमएसएमई क्षेत्र में क्रांति ला दी है। इससे न केवल राज्य का निर्यात कई गुना बढ़ा है बल्कि यूपी की कला और शिल्पकारी को वैश्विक पहचान भी मिली है।

सीआईआई यूपी स्टेट काउंसिल अध्यक्ष स्मिता अग्रवाल ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्द्योग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। एमएसएमई नवाचार, रोजगार और आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीआईआई पॉलिसी एडवोकेसी पैनल संयोजक रजत मेहरा ने कहा कि कोविड जैसे चुनौती भरे माहौल में भी विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए हमारे एमएसएमई ने लगातार अनुकूलनशीलता और अदम्य सहस का प्रदर्शन किया है।

अरुणिता कांजीवाल को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अरुणिता के गीतों पर झूमा एसआरएमयू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति के तीन दिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिन इंडियन आइडल विजेता रहे पवनदीप राजन एवं इंडियन आइडल फेम अरूणिता कांजीवाल के नाम रहा। शनिवार को आयोजित स्टार नाइट में दोनों इंडियन आइडल फेम ने अपने गानों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक दीर्धा में बैठे लोग झूमने को मजबूर हो गए। अंतिम दिन की स्टार नाइट में युवाओं का जोश देखने लायक रहा। विश्वविद्यालय के चांसलर ई. पंकज अग्रवाल, प्रोबचांसलर ई. पूजा अग्रवाल, वाईस चांसलर प्रो.(ड़ॉ.) देवेन्द्र कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल समेत कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत सिंगर अरुणिता ने अपने गीत अगर तुम साथ हो से की। इसके बाद, सुन साथिया गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद मैं तैनू समझावा, गीत पर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। बहारा बहारा गीत पर सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया। इसके बाद कलंक, अपना बना ले पिया गीत की शानदार प्रस्तुति दी।

लाठीचार्ज मामले में पीएसी के जवानों को सजा मिलने पर जताई खुशी

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। उत्तराखण्ड/उत्तराचंल प्रदेश की मांग को लेकर संघर्ष करने वाले आन्दोलनकारियों के साथ 1/2 अक्टूबर 1994 को तत्कालीन उप्र पुलिस बलों द्वारा मुजफ्फरपुर नगर के रामपुर तिराहा पर रोककर लाठी चार्ज कर उनके साथ मार-पीट व बर्बरतापूर्ण अमानवीय व्यवहार किया और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म, आन्दोलनकारियों पर बन्दूकों से फायरिंग कर हत्या किये जाने के मामले में मुज्जफरनगर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह की कोर्ट नं0-7 द्वारा दोषी पीएसी के रिटायर्ड जवान मिलाफ सिंह व वीरेन्द्र प्रपात सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिस पर अखिल भारतीय विधिक छात्र परिषद भारत एवं डॉ. आंबेडकर विचार मंच भारत के अध्यक्ष दिनेश कुमार जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ताओं व अधिवक्तागणों ने न्यायालय को आभार व्यक्त किया और इसे न्याय की जीत बताई।

फैसले पर पंडित सर्वेश पाण्डेय एडवोकेट, अजय कश्यप एडवोकेट, अमरनाथ मिश्रा एडवोकेट, संतलाल राजवंशी एडवोकेट, शिवनाथ मिश्रा एडवोकेट, काजिम अली एडवोकेट ने व समाजसेवी विश्ववीर गुप्ता, रमेशचन्द्र निषाद, रामलखन गौतम, राकेश हिन्दू, धीरेन्द्र सिंह आदि ने न्यायालय का आभार जताया है।

सार-संक्षेप

निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल तोड़ी, रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर के रसूलपुर इटुरिया निवासी विजयकांत पांडेय ने अजय पाल, नन्हकू मिस्त्री और उनके 15-20 साथियों के खिलाफ निर्माणाधीन बाउंड्री गिराने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसकी रसूलपुर इटुरिया में जमीन की बाउंड्री वॉल बनाई गई थी। सोमवार रात करीब 10 बजे बाउंड्री वॉल भी गिरा दी। जिससे 25 हजार रुपये का नुकसान हो गया है। फिलहाल अजय कांत की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जवाहर भवन के 5वें फ्लोर पर कूड़े के ढेर में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज के जवाहर भवन में बुधवार शाम आग लगने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज रामकुमार रावत तीन मोटर फायर इंजन व एक हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने पाया कि आग पांचवें तल के कार्यालय स्थानीय अभिसूचना इकाई के पास बाहर छज्जे पर कूड़े में लगी है। जिसके बाद फायर सर्विस यूनिट ने जवाहर भवन में स्थापित अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस आग में कोई नुकसान नहीं हुआ।

चुनाव के मद्देनजर जमा कराए गए 127 शस्त्र

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर लखनऊ पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। एक तरफ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में स्थित पोलिंग सेंटर पर थाना प्रभारी निरीक्षण करने में जुटे हुए हैं तो दूसरी तरफ आला अधिकारियों के आदेश पर लोगों से लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा रहे हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अब तक शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत से कुल 127 शस्त्र को जमा करवाया जा चुका है।

ई-रिक्शा पर सवार महिला की चेन की पार

अमृत विचार, लखनऊ : मूलरूप से आजमगढ़ जनपद की रहने वाली साक्षी रॉय चिनहट के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। पति कार्तिकेय राय नोयड़ा में प्राइवेट सेक्टर में जॉब करते है। साक्षी ने बताया कि मंगलवार सुबह वह घर से ऑफिस जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठी थी। हाईकोर्ट मोड़ पर दो महिलाएं और दो लड़की भी बैठ गयी। लोहिया अस्पताल मोड़ के पास ई-रिक्शा से महिलाएं उतरकर चली गयी। इसके बाद उनका ध्यान गले में पड़ी चेन पर गयी, तो वह गायब थी। विभूतिखंड प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अमृत विचार, बीकेटी : बीकेटी क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मामपुरबाना निवासी कंचन लता परिवार के साथ रहती है। बेटे सौरभ शुक्ला ने बताया कि बीते 16 मार्च को वह एक शादी समारोह में गयी थी। घर पर ताला बंद था। सोमवार को जब वह लौटी, तो मेन गेट का ताला टूटा और सामान अस्त-व्यस्त मिला। सौरभ ने बताया कि चारों ने कमरों का ताला तोड़कर उनकी मां व पत्नी की करीब 2.60 लाख रुपए कीमत के जेवर व 80 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। सौरभ प्राइवेट नौकरी करते है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि असपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही हैं।

विश्व गौरैया दिवस पर जागरूकता व सम्मान कार्यक्रम

अमृत विचार, काकोरी : विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति के अध्यक्ष पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने जागरूकता व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति द्वारा मोहान रोड स्थित आर.डी पब्लिक स्कूल में जागरूकता व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बृज लाल सेवानिवृत्त (आई.पी.एस) व सांसद राज्य सभा व अति विशिष्ट अतिथि संयुक्ता भाटिया पूर्व महापौर लखनऊ, धर्मेंद्र सिंह पार्षद नगर निगम उपस्थित रहे। पंक्षी प्रेमी महेश साहू ने अतिथियो का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। वहीं गौरैया संरक्षण के लिए कार्य करने वाले अनुराधा गुप्ता, अंजू, मुकेशानंद, पवन सोनी, आयुष बाजपेई, मनीष गुप्ता सहित अन्य लोगो को गौरैया मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बृज लाल ने कहा कि मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति के अध्यक्ष पंक्षी प्रेमी महेश साहू द्वारा नन्ही गौरैया के लिए किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण व गौरैया संरक्षण की शपथ ली। इस मौके पर विधालय की प्रबधक जयशंकर बाजपेई, नीलम बाजपेई, सहित आयुष बाजपेई, मनीष कनौजिया, विनोद कुमार, मगटू, शैलेन्द्र, दीपक कनौजिया अन्य लोगो उपस्थित रहे।

सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा स्थित लाला रामस्वरूप शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा रामचौरा गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन पंचायत भवन में वृक्षारोपण करने के साथ ही सातों दिन किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी साधौ सिंह के अलावा एनएसएस स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने गांव वासियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का औपचारिक शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में 24 सितंबर को किया गया था। इसलिए 24 सितंबर को इसे प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नियुक्ति पीएचसी में, मरीज देख रहे सीएचसी में

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। जिम्मेदारों के अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता से कस्बे में स्वास्थ्य सेवाएं अजब गजब तरीके से चल रही हैं। हाल ये है कि डॉक्टर की तैनाती किसी अन्य जगह है और मरीज वह कहीं और देख रहे हैं। साथ मरीजों को महंगी दवाएं बाहर से लिखी जा रही हैं। पैथालॉजी संचालकों से भी अच्छा तालमेल है, ऐसे में संचालक बेरोकटोक सरकारी अस्पताल के अंदर अपना बिजनेस कर रहे है। यही नहीं मरीजों को सैंपल के लिए कहीं जाना नहीं पड़ता, प्राईवेट पैथालॉजी संचालक खुद सरकारी अस्पताल के अंदर आकर सैंपल ले रहे हैं। मामला सीएचसी महमूदाबाद का है जहां डॉक्टर एस एन गुप्ता सीएचसी महमूदाबाद में मरीजों को देखते हैं और हमेशा सीएचसी में स्थायित्व बनाए रहते हैं। ऐसे में जब भी कोई मरीज परामर्श हेतु आता है तो डॉक्टर उनके पर्चे में महंगी दवा लिख बाहर के मेडिकल से खरीदने पर जोर देते हैं। इतना ही नही डायग्नोस्टिक सेंटर के लोग सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड के अंदर ही मरीजों का सैंपल ले लेते हैं।

दरअसल, ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि पैथालॉजी संचालक और डॉक्टर का आपस में बढ़िया तालमेल है। ऐसे में संचालक सीएचसी में घूमकर ग्राहक से सीधा संपर्क कर लेते हैं। एसएन गुप्ता की तैनाती पीएचसी खुरवल में है।

उधर, इस मामले में सीएचसी अधीक्षक आशीष कुमार सिंह ने बताया कि यह बात उनके संज्ञान में आई है। डॉक्टर एसएन गुप्ता इस सीएचसी में नियुक्त नही हैं उनकी नियुक्ति पीएचसी खुरवल में है।

कहीं नदारद तो कहीं घास छिलाई कर रहे मजदूर

सांडा, सीतापुर, अमृत विचार। मनरेगा की क्रियान्वित योजनाओं में कहीं कागज की अपेक्षा नाममात्र मजदूर घास की छिलाई कर रहे हैं तो कहीं श्रमिक ही नदारद हैं। सकरन की ग्राम पंचायत कोंसर में मनरेगा से संचालित अख्तर के खेत से अक्लीम के खेत तक चकबंध कार्य में 49 श्रमिकों के जारी मास्टर रोल के छठे दिन कार्यस्थल पर सभी श्रमिक नदारद थे। चकबन्ध पर कोई कार्य भी नहीं हुआ था। और इसी ग्राम पंचायत के डामर रोड से महरिया बॉर्डर तक चकबंध निर्माण में 50 श्रमिकों के जारी मास्टर रोल के छटे दिन केवल चार मजदूर करीब दस मीटर में चकबन्ध पर घास छिलाई कर रहे थे। कार्यस्थलों पर कहीं भी मिट्टी नहीं उठाई गई थी। इस तरह सचिव उमाकांत की मिलीभगत से ग्राम प्रधान के चहेते मनरेगा श्रमिकों के खाते में सरकारी धन को भेजकर वास्तविक मजदूरों के हकों पर डाका डाला जा रहा है।

210 बच्चों को पिलाया गया स्वर्णप्राशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बच्चे को स्वर्णप्राशन पिलाते प्राचार्य प्रो.माखन लाल। अमृत विचार

अमृत विचार : टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में बुधवार को स्वर्ण प्राशन शिविर लगाया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. माखन लाल ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराकर शिविर की शुरुआत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्णप्राशन कराने से बच्चों में होने वाली बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिलता है जैसे बदलते मौसम में होने वाली सर्दी जुकाम खांसी बुखार, दस्त और उल्टियां आना काफी हद तक कम हो जाता है। डॉ. रमेश कुमार गौतम ने बताया कि जिन बच्चों की बार बार पसली चलने लगती है उनको भी स्वर्णप्राशन से लाभ प्राप्त होता है। बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेश नारायण गुप्त ने बताया कि जिन बच्चों को भूख नहीं लगती, स्वास्थ्य नही बन पा रहा है, वजन नही बढ़ रहा है, शरीर में ताकत नहीं आ रही है ऐसे बच्चो को स्वर्ण प्राशन कराने से आशा के अनुरूप लाभ मिलता है, शरीर का ठीक ढंग से विकास होता है। इस शिविर में अस्पताल के अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि कॉलेज में हर महीने स्वर्णप्राशन कराया जाता है। डॉ.लक्ष्मी ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों का स्वर्ण प्राशन से बुद्धि का विकास होता है।

संक्रमण का भय नहीं, खूब गिनिये नोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- संक्रमण रोकने में एकेटीयू की कारगर पहल
- नोट गिनने की बनाई मशीन, संक्रमण से मुक्त रहने की भी है व्यवस्था

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने नोट गिनने की ऐसी मशीन बनाई है, जो पूरी तरह से संक्रमण मुक्त है। सेनेटाइजिंग युक्त मशीन के अविष्कार को केन्द्र सरकार की ओर से पेटेंट भी कर दिया गया है।

विवि के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय बताते हैं कि मशीन के लिए विवि के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज की ओर से प्रयास किये गए। इसमें शोधार्थियों की भी मदद ली गई। करीब तीन माह लगातार परिश्रम के बाद विवि में नोट गिनने वाली मशीन को तैयार किया गया। फिर इसे पेटेंट कराने के लिए आवेदन किया गया। एकेटीयू के डॉ. अनुज कुमार शर्मा और महीप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि कोरोना काल के दौरान जब तेजी से संक्रमण फैल रहा था, तब इस मशीन को बनाने का आइडिया आया था। इसके माध्यम से बिना संक्रमण नोटों को आसानी से गिनने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सेनेटाइज मशीन एक मिनट में 200 नोट गिनने में सक्षम है।

यूवी लाइट और सेनेटाइजर है आधुनिक मशीन का अंग

यूवी लाइट और सेनेटाइजर का प्रयोग करके इस मशीन को तैयार किया गया है। नोट गिनने वाली मशीन में सेनेटाइज के भाप का इस्तेमाल हुआ है। बताते हैं कि इसकी मदद से नोट खराब नहीं होते हैं। इसके अतिरिक्त नोट गिनने पर कोरोना सहित अन्य संक्रमण फैलने का भी खतरा नहीं है।

शोधार्थी छात्रों को मिलेंगे नए रोजगार व उद्यम

एकेटीयू में तैयार की गई इस मशीन में तकनीकी सुविधाओं को स्थानांतरित करने की क्षमता है। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय बताते हैं कि यदि कोई इंडस्ट्री इस तकनीक को लेना चाहेगी तो उसे स्थानांतरित भी किया जाएगा। इसके सहारे शोधार्थी छात्रों को नए रोजगार और उद्यम भी मिलेंगे।

जरदोजी कारीगर के घर के बाहर की फायरिंग

अमृत विचार, लखनऊ : सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तम्बाकू मण्डी में जरदोजी कारीगर के बाहर दबंग ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। हालांकि, पुलिस ने एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। तम्बाकू मण्डी निवासी मो. आवेज की बहन अनम की शादी सीतापुर निवासी मो. हारिस से हुई है। दो माह पूर्व अनम के साथ मारपीट होने पर वह मायके आ गई थी। इसके बाद परिवार के हस्तक्षेप करने पर अनम को ससुराल वाले वापस ले गए थे। आवेज के मुताबिक मंगलवार देर रात वह घर में थे। तभी फायरिंग की आवाज सुनाई पड़ी। बाहर निकलने पर कोई नजर नहीं आया। पास के घर में लगे सीसी कैमरे की फुटेज चेक करने पर बहन अनम का देवर शावेज फायरिंग कर भागता हुआ दिखाई पड़ा। यह आरोप लगाते हुए आवेज ने मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि वह फायरिंग करने की वजह नहीं बता सका।

बीएचयू में लविवि की छात्रा को मिला पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पदक विजेता छात्रा को मोमेण्टो देते विवि के विधि संकायाध्यक्ष। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सहारे काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है।

लविवि की एलएलबी ऑनर्स की छात्रा आरजू नायाब ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित काशी न्याय समागम में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता युवा न्यायालय में बेस्ट आर्ग्यूमेंटर का अवार्ड प्राप्त किया है। पदक पाई छात्रा को सम्मानित लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधि संकाय के विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. डॉ. बीडी सिंह ने आरजू नायाब की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया।

एक नजर

बाराबंकी में नहाते समय शारदा नहर में डूबा युवक

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा इलाके में साथियों के साथ नहर में नहा रहा एक युवक डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों से उसकी तलाश शुरू कराई लेकिन उसका पता नहीं चल सका। एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है। देवा कोतवाली क्षेत्र के मित्तई चौकी अंतर्गत रहीमाबाद गांव निवासी अरुण (22) अपने साथियों के साथ बुधवार की शाम करीब 5 बजे इब्राहिमपुर खुर्द के पास शारदा नहर में नहा रहा था, तभी डूब गया। उसकी तलाश जारी है।

बच्चों से मनरेगा कार्य कराने का आरोप

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : मनरेगा के तहत हो रहे निर्माण कार्यों में बच्चों से काम लेने का आरोप लगा है। विकास खंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत हाजीपुर में बदलू गौतम के दरवाजे से फूलचंद्र के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग का कार्य हो रहा है। इस कार्य में बच्चों से काम कराया जा रहा है। काम करते हुए इन नाबालिग बच्चों की फोटो भी एप पर डाली जा रही है। सूत्रों का कहना है कि ये फर्जीवाड़ा बीडीओ के संरक्षण में हो रहा है। सर्वेश कुमार तिवारी प्रभाकर ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। बीडीओ बनीकोडर का कहना है कि बच्चों से काम नहीं कराया जा रहा है। जहां ईंट रखी थी, वहीं कुछ बच्चे खेल रहे थे। फर्जी शिकायत की गई है।

मुंबई ले जाने से किया मना तो पत्नी ने की आत्महत्या

पुरवा, उन्नाव, अमृत विचार : पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रसीदपुर गांव में पति से हुई कहासुनी के बाद नाराज पत्नी कमरे की छत में लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक गई। रसीदपुर गांव निवासी रिंकू यादव की रायबरेली जिले के गांव सुरसना निवासी रेशमा (27) से 2023 में शादी हुई थी। रिंकू मुंबई में चाट का ठेला लगता है। एक सप्ताह पहले वह गांव लौटा था। पत्नी साथ चलने की जिद कर रही थी जिस पर रिंकू ने मना कर दिया। इससे नाराज होकर रेशमा ने जान दे दी।

प्रयागराज में भाभी से विवाद पर दो भतीजों को मार डाला

बुआ ने बच्चों के सिर पर लकड़ी के पटरे से किए ताबड़तोड़ वार

रिश्ते का खून

▸▸ अंधेरे में भाग निकली आरोपी घर वालों का कहना मानसिक रूप से है बीमार

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : बुधवार को फिर एक बड़ी वारदात ने जिले को हिलाकर रख दिया। मेजा इलाके में सगी बुआ ने भाभी से हुए झगड़े की खुन्नस अपने दो भतीजों की हत्या कर निकाली। बुआ ने दोनों भतीजों के सिर पर लकड़ी का पटरा मार कर मौत के घाट उतार दिया और रात के अंधेरे में भाग निकली। सुबह मां ने खून से लथपथ दोनों बेटों के शव बिस्तर पर देखे तो बेसुध हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। घटना मेजा थाना अंतर्गत हरगढ़ गांव में मंगलवार शाम की है।

संजय पुत्र शंकर मुंबई में नौकरी करते हैं। उनके दो बेटे अवि (5) व लकी (3) थे। संजय की बहन पूजा मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उससे और भाभी पार्वती में आए दिन किसी न किस बात पर झगड़ा होता था। घरवालों ने बताया कि मंगलवार को मौसी ने फोन पर बच्चों से बात की थी। रात में सभी खाना खाकर सोने चले गए। आधी रात को बुआ पूजा ने दोनों बच्चों के सिर पर लकड़ी के पटरे से ताबड़तोड़ वार किए और उनकी हत्या कर भाग निकली। बुधवार सुबह जानकारी होने पर आनन-फानन में बच्चों को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची।

> मेजा में दो बच्चों की हत्या की जानकारी मिली है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। बच्चों के सिर पर लकड़ी के पटरे से वार किए गए थे। हत्या आरोपी बुआ मानसिक रूप से विक्षिप्त है, उसकी तलाश की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **-श्रद्धा नरेंद्र पांडेय,** डीसीपी, यमुनानगर

दंपति को जिंदा जलाने में 8 गिरफ्तार, 82 पर केस

फॉलोअप

कार्रवाई

▸▸ टिंबर कारोबारी की बहू के मायके वालों ने भी दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : टिंबर कारोबारी के घर आग लगाने के आरोप में बुधवार को पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 82 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उधर, बहू अंशिका की खुदकुशी के मामले में भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पिता सरदारी लाल की तहरीर पर ससुराल पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया गया है।

अंशिका के पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले 20 लाख रुपये व मकान की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर बेटी को मारकर फंदे पर लटका दिया। उधर, टिंबर कारोबारी की बेटी शिवानी की तहरीर पर उसकी भाभी के मायके पक्ष के 10 लोगों को नामजद किया गया है। इसके अलावा 72 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि खुदकुशी की जानकारी होने पर भाभी अंशिका के पिता-भाई व अन्य हमलावर आए और मारपीट कर पूरे परिवार को घर के भीतर बंद कर आग लगा दी। इसमें पिता राजेंद्र व मां शोभा देवी की घर के अंदर ही जलाकर मौत हो गई थी। शिवानी ने बताया कि भाभी के पिता सरदारी लाल, सुरुचि, अंशू व रिया के हाथ से आदर्श ने गैलन लेकर सभी कमरों में ज्वलनशील पदार्थ डाला। इसके बाद भाभी के दोनों भाइयों आदर्श व अंशू ने आग लगा दी थी।

सार-संक्षेप

ई-ऑफिस में हिंदी में कार्य को दें बढ़ावा

बैठक में मौजूद उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी। अमृत विचार

नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस हॉल, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में गई। बैठक में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व मुख्य कारखाना प्रबंधक मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2022 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर रेलवे को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेलमंत्री राजभाषा शील्ड और रेल इंजन कारखाना, चारबाग लखनऊ को आदर्श कारखाना के रूप में रेलमंत्री राजभाषा शील्ड व नकद पुरस्कार प्रदान करने के लिए चुना गया है। उन्होंने ई-ऑफिस में हिंदी में कार्य करने को और बढ़ाने के निर्देश दिए। बताया कि संसदीय राजभाषा समिति ने उत्तर रेलवे के विभिन्न कार्यालयों के अपने निरीक्षणों के दौरान हमारी सराहना की है। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों की हो व्यापक निगरानी

नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बुधवार को विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ एक संरक्षा बैठक का आयोजन किया। इस समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने होली के दौरान स्टेशनों पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन, अन्य सुविधाओं के प्रबंधन व भीड़भाड़ की सुविधाजनक निकासी पर जोर दिया। उन्होंने होली स्पेशल रेलगाड़ियों के इंतजाम, स्वच्छता, प्लेटफार्मों पर पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति के साथ दूसरे प्रवेश द्वार की व्यवस्था, फुटओवर ब्रिजों, एस्केलेटरों, लिफ्ट से संबंधित कार्यों को समय से पूरा करने और अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। इससे पहले महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल संपत्ति की सुरक्षा के लिए उच्च मानकों को बनाए रखने वाले 4 सतर्क कर्मचारियों को उनके कार्यों व योगदान के लिए संरक्षा पुरस्कारों से सम्मनित किया। मंडलों को निर्देश दिए कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए, इसमें कोई त्रुटि नहीं छोड़नी चाहिए। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

कमरे में दो मौसेरे भाई जिंदा जले, हत्या का आरोप

बिधनू, कानपुर, अमृत विचार : सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के कसिगवां गांव में मंगलवार देर रात घर में एक चारपाई पर सो रहे दो मौसेरे भाइयों की जिंदा जलकर मौत हो गई। परिवार वालों ने करोड़ों की जमीन के विवाद में हत्या का आरोप लगाया। परिजनों ने सेन पश्चिमपारा थाना में हत्या की तहरीर दी है। कसिगवां गांव निवासी प्रेम उर्फ बबलू के परिवार में पत्नी गौरा के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। गांव में ही घर से डेढ़ सौ मीटर दूर उनके साढ़ू का बेटा 23 वर्षीय सुनील उर्फ अनिल रहता था। सुनील के माता-पिता का निधन हो चुका है। उसके नाम करीब पांच करोड़ कीमत की जमीन है। प्रेम ने बताया कि उनके मंझले बेटे 21 वर्षीय राज उर्फ छोटू से सुनील की काफी पटती थी। मंगलवार रात सुनील ने राज को नींद न आने की बात कह अपने घर बुला लिया था। रात डेढ़ बजे के आसपास ग्रामीणों ने घर से लपटें व धुआं देखा तो शोर मचाया। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। कमरे के अंदर गए तो दोनों के जले शव पड़े थे। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की।

श्रीगंगानगर-आगरा कैंट स्पेशल ट्रेन के संचालन समय में परिवर्तन

नई दिल्ली, अमृत विचार : श्रीगंगानगर-आगरा कैंट-श्रीगंगानगर स्पेशल (दो ट्रिप) रेलसेवा के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। रेलवे ने होली पर होने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए ये निर्णय लिया है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के मुताबिक, गाडी संख्या 04731 श्रीगंगानगर-आगराकैंट स्पेशल 20 व 27 मार्च (दो ट्रिप) श्रीगंगानगर से बुधवार को 14.30 बजे रवाना होकर गुरुवार को 4.50 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। गाडी संख्या 04732, आगरा कैंट-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा 21 व 28 मार्च (दो ट्रिप) आगरा कैंट से गुरुवार को 7.05 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि 00.50 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अबोहर, मलोत, गिदड़बाहा, बठिंडा, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, अलवर, गोविंदगढ़, गोवर्धन व मथुरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

हनुमानगढ़ी में नागा साधुओं ने खेली होली

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बुधवार को रामनगरी के मंदिरों में रंगभरी एकादशी पर जमकर होली खेली गई। 6 हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान के विग्रह को ब्रह्ममुहूर्त में साज-सज्जा के साथ आरती कर गुलाल लगाया गया। अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। रंगभरी एकादशी पर प्रसिद्ध सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में रंगों के बीच आस्था का ज्वार दिखा। सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के निशान को लेकर साधु-संतों की टोली अयोध्या की सड़कों पर निकली। हनुमानगढ़ी के नागा परंपरा से जुड़े साधु-संतों ने हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में ही जमकर होली खेली।

नो एंट्री में रोकने पर सिपाही को कंटेनर से रौंदने का प्रयास

कानपुर, अमृत विचार: नो एंट्री में कंटेनर रोकने पर चालक ने ट्रैफिक सिपाही को रौंदने का प्रयास किया और गाड़ी भगा दी। पीछा करने पर होमगार्ड पर भी गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। किसी तरह घेरकर कंपनी बाग चौराहे पर उसे रोका गया। नवाबगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार को जीटी रोड स्थित संकटमोचन मंदिर के पास यूटर्न पर कॉन्स्टेबल शिवमोहन ने जरीब चौकी से आते कंटेनर को रोका तो चालक ने उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और भाग निकला। पीछा करने पर रावतपुर तिराहा पर चालक ने होमगार्ड नसीर अहमद पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पीछा कर रहे सिपाही ने कंटेनर को टीएसआई मुनेंद्र व भोजराज की मदद से कंपनीबाग चौराहा पर रोक लिया। चालक फर्रुखाबाद निवासी संतोष पाल है।

रेलवे में शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में हो

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार: महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। महाप्रबंधक ने आधार वर्ष-2022 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ मंडल को आदर्श मंडल चुने जाने, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा आचार्य महावीर प्रसाद चल वैजयंती प्रदान किए जाने और अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव में लखनऊ मंडल के नाटक मुट्ठी में गोश्त को द्वितीय स्थान प्राप्त होने की बधाई दी।

बैठक करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे।

महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। रेलवे में कार्यालयी कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में किए जा रहे हैं। सभी अधिकारी इस रेलवे को राजभाषा हिंदी से जुड़ी प्रगति के आधार पर प्राप्त सम्मानजनक स्थिति को बनाए रखने का हर संभव प्रयास करें। कहा कि हम अपने शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में ही करें और राजभाषा प्रयोग-प्रसार में अपना भरपूर योगदान दें। संचालन राजभाषा अधिकारी अरशद मिर्जा ने किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के साक्षी बने 99 प्रकांड विद्वान

आयोजन

▸▸ 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में तीसरे दिन हुईं विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं

अयोध्या कार्यालय

निर्णायक मंडल के सदस्य को सम्मानित करते निदेशक। अमृत विचार

अमृत विचार : देश भर के विभिन्न प्रांतों और क्षेत्रों से आए संस्कृत के 99 विद्वान भी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के साक्षी बने हैं। संस्कृत के इन विद्वतजनों ने रामनगरी में समागम से समृद्ध होते भारत में समृद्ध होती संस्कृत का एक बड़ा संदेश दिया है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी के संयोजन ने अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा को उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। यहां जहां तिरुपति के प्रकांड विद्वान प्रो. कुप्पा विश्वनाथ शर्मा की उपस्थिति है वहीं वाराणसी के पुष्कर देव पूजारी प्रो. राजाराम शुक्ल की मौजूदगी संस्कृत के छात्र - छात्राओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। यहां तिरुपति के श्रीहरि रविराम धयगुडे, वाराणसी के प्रो. राजाराम शुक्ल, सतारा के श्रीकृष्ण शास्त्री, पुणे के डॉ. राजेश्वर विश्वास देशमुख, हैदराबाद के प्रो. श्रीपादसुब्रह्मण्य शास्त्री, श्रृंगेरी के एस् नरसिंहमूर्ति, प्रो. के मधुसूदन, प्रो. मणिद्रविड शास्त्री, डॉ. तुलसी जोशी, डॉ. रंगनाथ, चेन्नै, प्रो. रणवीरनाथ भट्टाचार्य, प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित, प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल, प्रो. रामनाथ झा, के इ देवनाथन समेत करीब 99 संस्कृत के विद्वान छात्र-छात्राओं की संस्कृत भाषा की क्षमता का आंकलन कर रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निवास वरखेडी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मधुकेश्वर भट्ट आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में सरयू के किनारे मिला दुर्लभ पक्षी धनेश

अयोध्या, अमृत विचार : रामनगरी में सरयू के आरती घाट पर बुधवार को एक पक्षी को लोगों ने बैठे देखा। यह सामान्य पक्षियों से भिन्न था। लोगों ने इसे धनेश नामक पक्षी बताया। यह लुप्त प्राय पक्षियों में माना जाता है। लोग इसे देखना शुभ मानते हैं। विशेष प्रजाति के पक्षी के मिलने की खबर पर आसपास के लोग पहुंच गए। छेड़ने में इसने दो लोगों पर चोंच प्रहार कर दिया। समाजसेवी रितेश के प्रयास से इसे पकड़कर पिंजड़े में रखा गया। पुलिस इसे चौकी नयाघाट ले आई।

वर्ग पहेली-16

बाएं से दाएं

2.1. वह सफ़ेद या हलका पीला तरल पदार्थ जो गाय भैंस से प्राप्त होता है
3.1. खुरखुर शब्द होना 2. छूने में ऊबड़-खाबड़ या खुरखुरा लगना।
4.1. गोश्तख़ोर, मांसाहारी 2. 'निरामिषभोजी' का विलोम।
8. दे. तलुवा।
10.1. पेंदी 2. हाथ और पैर का तल 3. तलवा 4. तलछट।
11.1. चिह्न लगाने वाला 2. हिसाब लिखने वाला, आंकने वाला, मूल्य निरूपक 3. गिनती करने वाला, गणक 4. चिह्न या निशान लगाने का यंत्र।

ऊपर से नीचे

1. गंगा, भागीरथी।
5.1. वधिक, ज़ल्लाद 2. बहेलिया, चिड़ीमार।
6.1. धनुष 2. रुई धुनने वाला यंत्र, धुनकी।
7.1. दोस्त, मित्र, साथी 2. प्रेमी 3. पति।
9.1. मिट्टी के बरतनों पर चमक लाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला एक चमकीला रोगन या वार्निश 2. आग की लपट, लौ, ज्वाला, चिनगारी।



वर्ग पहेली -15 का हल

				1 सी	2 सा	
3 अ	4 भ	या		5 चं		र
	ड़		6 पं	च	को	सी
7 म	क	ड़	जा	ल		
	दा		बी			8 पु
9 फ़ि	र	क़ा				छा
			10 स	नी	च	र

सुडोकू-95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8				2			6
		7				4		1
	6				5		9	
6			4					5
9								7
	3			7	9			
8			6				7	
		3				2		
4			9				8	

सुडोकू -94 का हल

1	6	5	9	4	2	7	3	8
4	3	7	8	6	5	1	2	9
9	2	8	1	3	7	5	4	6
6	5	2	4	8	9	3	7	1
8	7	1	5	2	3	9	6	4
3	9	4	6	7	1	8	5	2
5	8	6	7	1	4	2	9	3
7	4	3	2	9	8	6	1	5
2	1	9	3	5	6	4	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22 मार्च 04.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 22 मार्च 01.27 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। उच्च अधिकारी आपकी निष्ठा की सराहना करेंगे। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे। आपके विचारों को समाज में ख्याति मिलेगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करें।

वृष — आज धन-सम्मान और कीर्ति में वृद्धि होगी। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आपके मन में एक साथ कई सारे विचार जन्म लेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

मिथुन — आज अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में आनंद बढ़ेगा। धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। मित्रों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

कर्क — आज आप एकांत में रहने का प्रयास करेंगे। व्यापार की परिस्थितियों में सुधार होगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। मांसपेशियों में जकड़न होने की संभावना है। प्रेम संबंधों को विवाह की सहमति मिल सकती है।

सिंह — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं रहेगी। निजी रिश्तों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। हिंसात्मक विचारों से आपको बचना चाहिए। जॉब में लक्ष्य को समय को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

कन्या — आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार के सदस्य आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। इसका दबाव भी आपके ऊपर काफी ज्यादा रहेगा। कारोबार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

तुला — आज व्यापार में नए सौदे कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। करियर में आप बदलाव का विचार बना सकते हैं। लोग आपकी प्रतिभा के कायल रहेंगे। आपको कोई प्रपोज कर सकता है।

वृश्चिक — आज पिता आपके प्रति गर्व का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। लव लाइफ का तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज आपके मन में यह धारणा उत्पन्न हो सकती हैं कि लोग आपसे झूठ बोल रहे हैं। बेकार की बातों में अपना समय बर्बाद न करें। परिजनों से किसी कारण बहस हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की सम्भावना है।

मकर — आज आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर दुविधा की स्थिति उभर सकती है। यदि आप कुछ नया सीखने के इच्छुक हैं तो समय बेहतरीन है। अप्रिय व्यक्तियों के कारण आपका मूड खराब हो सकता है।

कुंभ — आज कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपके लिए काफी सहयोगी रहेगा। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से उत्तम है। आय के कई स्रोत बन सकते हैं।

मीन — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त होगा। आप किसी सहयोगी कर्मचारी के ऊपर कुपित हो सकते हैं। अहंकार के कारण आपसे मित्र एवं संबंधी दूर हो सकते हैं। अनुभवी व्यक्ति आपका सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **आखरी गुलाम** — दोपहर : 12.00
- **जख्मी सिपाही** — रात : 07.00

SONY MAX
- **सूरमा** — सुबह : 09.52
- **पीकू** — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

SONY PIX
- **रश ऑवर 3** — सुबह : 09.21
- **द वॉटर हॉर्स** — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- **सरफरोश** — सुबह : 09.15
- **घायल : वन्स अगैन** — रात : 08.55

colors CINEPLEX
- **आरक्षण** — सुबह : 11.25
- **देवदास** — रात : 07.04

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का स्कूल से जल्दी घर आ गया।
दादा- क्या हुआ बेटा, तुम बहुत जल्दी घर आ गए।
लड़का- हां दादा, मैंने एक मच्छर को मारा तो टीचर ने भगा दिया।
दादा- तुम सच बोल रहे हो, एक मच्छर मारने के लिए स्कूल से भगा दिया।
लड़का- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा हुआ था।

टीचर- क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
मोटू- क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाए।
मोटू की बात सुनकर टीचर की बोलती हो गई बंद।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम्।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा : पण्डितबुद्धय : ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

संपादकीय

प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान जा रहे हैं। इस दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (भूटान के पूर्व नरेश) से मुलाकात करेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की 'पड़ोसी प्रथम की नीति' पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है। चीन के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भूटान पारंपरिक तौर पर भारत के करीब रहा है। भारत और चीन भूटान में अपने सामरिक और सीमाई हित देखते हैं। बीते सालों में भूटान में भारत से निर्भरता घटाने और अपने हितों में विस्तार के लिए इतर भी संभावनाएं तलाशने पर राय बन रही है। भूटान भारत और चीन के मध्य अवस्थित है। चीन ने हाल के दशकों में वैश्विक स्तर पर तरक्की की है और भूटान पर उसके साथ सीमा विवाद को सुलझाने का दबाव बढ़ रहा है। भूटान चीन के साथ 477 किमी का बॉर्डर साझा करता है। चीन 1961 से ही भूटान के एक इलाके पर दावा करता आ रहा है। भूटान और चीन 1984 से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

इस बीच भूटान ने अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ किए और चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का मार्ग अपनाया। चीन और नेपाल की नजदीकियां सामरिक और व्यापारिक तौर पर बढ़ी हैं तथा चीन अपने पूर्वी तट से भी सामरिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में भूटान को अपने आंतरिक घेरे में लेने की चीन की कवायद गौर करने लायक है। जबकि भूटान की विकास परियोजनाओं का भारत ने न सिर्फ खाका खींचा है, बल्कि उनमें भारी निवेश भी किया है। भारत ने भूटान में अरबों डॉलर का निवेश किया है। अपनी तरफ से भारत भूटान का सबसे बड़ा विकास साझेदार बना रहेगा। विश्लेषकों के मुताबिक यह यात्रा दोनों पक्षों को अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत भूटान के बीच मित्रता व सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

अभी बहुत दूर है लोकतंत्र की मंजिल

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है।

> राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था।

अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, फिर भी लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है, लेकिन हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामंती मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हों। कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। कोई दल ऐसा नहीं, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। कहने को तो सभी यही कहते हैं कि हम जनता के सेवक हैं और जनता के लिए प्राण न्यौछावर कर देंगे, किंतु वास्तविकता यह है कि प्रत्येक दल में नेता या सुप्रीमो के प्रति व्यक्तिगतनिष्ठा का महत्व है। नेता के जयजयकार और यश-गायन से ही मेवा मिलती है तो कोई जनता की सेवा भला क्यों करेगा?

हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी समस्या है, लोक से अपरिचय। लोक के प्रति हमारे शासकों का अंग्रेजों के जमाने से चला आया नजरिया। महात्मा गांधी ने भारत की पैदल यात्राएं भी कीं, लोक को जगाया और लोकमानस में जगह बनाई, लेकिन उनके बाद लोक संपर्क के सरकारी विभाग बन गए। चुनाव के समय जनता में गए जरूर पर लोकजागरण के लिए नहीं, भ्रमित करके वोट पाने के लिए। अनेक देशों में लोकतंत्र का विस्तार और उसकी प्रकृति को समझने के लिए विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं। भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं।

हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं, अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए, लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं, दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल, आदान-प्रदान जरूरी है, होगा। विशेषज्ञों के दल आएंगे और जाएंगे, ठीक है, सवाल यह है कि क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस की विषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया?

राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था। उन्होंने जान लिया था कि जनता उनको शासक मान रही है, तभी तक वे शासक हैं, जिस क्षण जनता उनको अस्वीकार कर देगी, उसके बाद वे शासक नहीं रह जाएंगे। इसलिए उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। नमक कानून को तोड़ना तो एक प्रतीक भर था, लेकिन यह साम्राज्य को एक चुनौती थी। हम तुमको और तुम्हारे कानून को अस्वीकार करते हैं, तुम्हारी अवज्ञा करते हैं, हम तुमसे अब नहीं डरते। लोगों का मन बदल गया, लोग निर्भय हो गए। शासक भय दिखाकर शासन करता है, किंतु जब उसके सामने यह चुनौती आ गई कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। भय समाप्त, शासन समाप्त। भारत छोड़ो आंदोलन वाले दिन गांधीजी ने बतला दिया कि संप्रभुता के स्रोत तुम स्वयं हो। तय कर लो कि अब अंग्रेज तुम्हारे शासक नहीं हैं।

भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और जनतंत्रात्मक शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन की सामजिक-राजनैतिक, सांस्कृतिक-आर्थिक-साहित्यिक समस्त गतियों का केन्द्र लोकजीवन है। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपा पूर्वक दे दिया था। क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था। क्या संविधान सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था। वास्तव में लोकतंत्र लोक जीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता। लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं।

देशी हों या विदेशीः क्रूर राजाओं आक्रांताओं, दस्युओं, बादशाहों, सामंतों, जमींदारों ने क्या-कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोक जीवन-लोक संस्कृति, लोक आस्था एवं लोकविश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया, परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्यबल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारी आधारभूत समस्याओं का मूल है, तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं।

एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 जनता ईडियट है और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मानकर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं।

प्रसंगवश

उम्र के जालिम जाल-फरेब

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों की उम्र उनकी जन्मतिथि से निकाली जाती है। वैज्ञानिक दायरों में इसे समयबद्ध आयु (क्रोनोलॉजिकल एज) कहते हैं। इस नाप के साथ कुछ बुनियादी मुश्किलें जुड़ी हैं। पचास-पचपन साल का एक इंसान मजे से हाफ मैराथन दौड़ लेता है। जबकि उसी उम्र के दूसरे मनुष्य के लिए अक्सर बाजार से सब्जी लाना भी पहाड़ हो जाता है। इस फर्क को समझने के लिए जैविक उम्र (बायोलॉजिकल एज) की धारणा आई जिसका इस्तेमाल सेक्सोलॉजी, संतानोत्पत्ति और जीवनशैली से जुड़े चिकित्सा क्षेत्रों में किया जा रहा है, लेकिन इंसान की उम्र का खेल समझना उसकी शारीरिक बारीकियों में जाने से कहीं ज्यादा कठिन है।

क्या इस खेल में कुछ भूमिका उसके मन की भी होती है? यदि हां तो कितनी? इसे ठोस रूप में समझने के लिए आत्मगत आयु, सब्जेक्टिव एजिंग की शब्दावली चलन में आई जिसके दो पहलू हो सकते हैं। एक यह कि आप खुद को कितने साल का महसूस करते/करती हैं (फेल्ट एज) और दूसरा यह कि आप कितने साल के होना/दिखना चाहते/चाहती हैं (आइडियल एज)। इस बारे में कामकाजी आंकड़ें पूरी दुनिया में अभी केवल एक संस्था नॉर्वेजियन लाइफ कोर्स, एजिंग एंड जेनरेशन स्टडी (नोरलाग) के पास हैं जिसने सन् 2001 में 40 से 80 साल की उम्र वाले विविध संस्कृतियों और शैक्षिक स्थिति के कुल 6292 स्त्री-पुरुषों से फोन पर फॉर्म भराकर उनकी राय लेना शुरू किया और इस क्रम में 2002, 2007 और 2017 में यानी पहले एक, फिर पांच और दस साल के अंतर पर उनके आयु संबंधी सारे वस्तुगत और मनोगत ब्यौरे इकट्ठा किए।

दुनिया की कई नामी शोध संस्थाएं फिलहाल इन आंकड़ों पर काम करके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाल रही हैं जिनमें सन् 2020 में आई कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बहुत खास है। उम्र के उत्तरार्ध में पैदा होने वाली समस्याओं पर केंद्रित इसके विशद निष्कर्षों में एक यह है कि हर इंसान खुद को अपनी वास्तविक उम्र से छोटा महसूस करता है और उससे भी छोटा होना/दिखना चाहता है, लेकिन कमसिन होने की यह इच्छा जीवन को लेकर उसका असंतोष बढ़ा देती है। नतीजा यह कि उसके जीवन की गुणवत्ता और कम हो जाती है।

विलुप्ति की कगार पर कई वन्यजीव प्रजातियां

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों।

पहाड़ी क्षेत्रों के संदर्भ में विकास के कथित मॉडल को पहाड़ के लोगों के उत्थान से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन स्थानीय जैव विविधता से खेलकर बनाई जा रही सड़कें, बांध व कंक्रीट के बढ़ते जंगल दरअसल विकास की दोषपूर्ण अवधारणा की उपज है। हिमालय ने देश के उत्तरी भाग में जीवन और सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक जलतंत्र की रचना सहित वन और जैव संपदा के विशाल भंडार से हमें नवाजा है, लेकिन बीते कुछ दशकों में हमने अपने हितों के लिए जिस बेरहमी से हिमालय और उसकी उपत्यकाओं से अंधाधुंध छेड़छाड़ की, उसी का परिणाम है कि आज कई वन्य जीवों की प्रजातियां या तो पूरी तरह से लुप्त हो गई हैं या फिर विलुप्ति की कगार पर हैं।

उत्तराखंड के संदर्भ में जिन पशु-पक्षियों के जीवन पर वन व वनस्पतियों के विनाश, मौसम परिवर्तन, जंगल की आग, हिम रेखा के सिकुड़ने, भोजन की कमी तथा वन तस्करों की बढ़ती सक्रियता के कारण संकट उत्पन्न हुआ है, उनमें हिमबाघ, गुलदार, कस्तुरी मृग, भालू, जंगली सुअर, काकड़, घुरड़, जंगली मुर्गी, मोनाल, चितराल, जंगली बिल्ली, खरगोश, चकोर, बटेर, मछलियों में महासीर आदि शामिल हैं। वन पक्षी एवं पशु संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आदि कई कानून जंगल के जानवरों की सुरक्षा के लिए बने हैं, परंतु कथित विकास के सामने ये तमाम कानून बेअसर हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे सड़क व बांध निर्माण तथा पर्यटन विकास के नाम पर हो रहे कार्यों से जहां पहले से ही अस्थिर भू-क्षेत्र में अनेक खतरे पैदा हो रहे हैं, वहीं कभी हजारों की संख्या में पाई जाने वाली विशिष्ट हिमालयी प्राणियों की नस्लें लुप्त होने को अभिशप्त हैं। हिमालय में मौसम परिवर्तन तथा वन्य क्षेत्र में मानव की बढ़ती दखलंदाजी की सर्वाधिक मार हिमबाघ पर पड़ी है। ऊपरी हिम आच्छादित क्षेत्र में हिमबाघ अब दिखाई नहीं देते। अस्सी के दशक में उत्तराखंड में छह हिमबाघ पाए जाने की सूचना वन विभाग के पास थी।

इसी तरह भागीरथी, मंदाकिनी व अलकनंदा के जल ग्रहण क्षेत्र में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली व पैंथर भी अब दिखलाई नहीं देते। घटते वन क्षेत्र, नदियों से छेड़छाड़, अवैध अतिक्रमण तथा मानव प्रभाव से भयभीत ये वन्य जीव लुप्त होने को बाध्य हैं। यदि सरकार ने समय रहते गंभीरता से इनके संरक्षण के प्रयास किए होते तो ये जीव आज हिमालय के अपने प्राकृतिक आवासों पर विचरण रह होते। अनेक सुंदर हिमालयी जीव अपने को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तुरी मृग। इसकी नाभि में मौजूद सुगंधित कस्तुरी के कारण इसका बहुत महत्व है, पर यह कस्तुरी ही इस खुबसूरत जीव के विनाश का कारण बन रही है। एक कस्तुरी मृग से एक समय में 25 से 30 ग्राम कस्तुरी प्राप्त होती हैं जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों में है। यही कारण है कि यह खुबसूरत मृग शिकारियों द्वारा मारे जा रहे हैं। कभी पहाड़ में इनकी अच्छी खासी संख्या थी, पर आज ये अंगुलियों में गिनने लायक रह गए हैं। जाड़ों में भारी हिमपात के कारण मृग निचले इलाकों में चले आते हैं और आसानी से मारे जाते हैं।

हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों। सड़क निर्माण के लिए हो रहे विस्फोटकों की भयावह आवाज से भयभीत वन्य जीव पलायन को विवश है। प्रतिकूल परिस्थितियों को सहनकर जो विजयी है, वही जीवित भी है। जंगली बकरा भी विलुप्त होने के कगार पर है। यह बुरांस तथा बेतुला के वृक्षों से आच्छादित जंगल में रहना पसंद करता है, पर मानवीय हस्तक्षेप और हर साल जंगलों में आग लगने से कई वन्यजीवों की तरह यह जीव भी जल कर मरने को शापित है। अगर गुलदार और बाघ की बात करें तो ये नरभक्षी हो चले हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि जंगल में न तो इनके लिए सघन वन क्षेत्र रह गया है और न ही शिकार के लिए पर्याप्त जानवर। कहीं संसाधनों की कमी है तो कहीं मैनपावर की। एक अन्य रक्षित प्रजाति का जीव हिमालयी थार भी अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। 90 से 100 सेमी ऊंचे इस जीव का वजन सौ किलो से अधिक होता है। यह भी अब विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में है। अधिकांश वन्यजीव अब राष्ट्रीय अभयारण्यों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। इनकी संख्या कम होती देखकर लगता है कि उजड़ना और खत्म होना ही वन्य जीवों की नियति बनकर रह गई है। यह क्रम जारी रहा तो एक दिन हिमालय की घाटियों में पशु-पक्षियों के कलरव व चहचहाट के स्थान पर केवल सन्नाटा ही सुनाई देगा।

सोशल फोरम

अब तो कहानी हो गई गौरैया

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गौरैया! हां, जानी-पहचानी चिड़िया। एक जमाना था जब ढेर दिखती थीं। बिजली और टेलीफोन की लाइव लाइनों पर दूर तक एक लाइन से बैठीं दिखती थीं। मुंडेरों पर, खिड़कियों पर और आंगन में कपड़े सुखाने के लिए बंधी रस्सी पर भी।

घर से स्कूल जाने के रास्ते और फिर स्कूल में ढेर चिड़ियां इधर-उधर बैठी दिखतीं। कभी-कभी ऐसा भी होता कि मास्साब पढ़ा रहे होते और मैं ऊपर रोशनदानों में बैठी चिड़ियों के कार्यकलाप देख रहा होता था। मास्साब जाने कब आकर कान उमेठ कर डपट देते-ये चिड़ियां इम्तिहान पास कराने नहीं आएंगी।

दुमंजिले पर घर में एक स्टोर। उसकी खिड़की बाहर की ओर खुलती है। ये कभी-कभार ही खुलती। खिड़की के ऊपर के हिस्से में कांच था। एक दिन कांच थोड़ा सा टूट गया। यानी चिड़ियों के आने जाने के लिए पर्याप्त रास्ता बन गया। किताबों से भरे घर में और किताबें रखने की जगह कम पड़ गई तो पिताजी ने स्टोर में दो रैक टांगकर पुस्तकें भर दीं। चिड़ियों को मौका मिल गया। पुस्तकों के पीछे एक जोड़े ने तिनका-तिनका जोड़कर घौंसला बनाया। थोड़ी मदद मैंने भी कर दी। थोड़ी सूखी घास-फूस लाकर खिड़की पर रख दी। ताकि चिड़िया को तिनका बीनने दूर न जाना पड़े। फिर वो दिन भी आया कि चिड़िया का घोंसला पूर्ण हुआ। उसने अंडे दिए। कुछ दिन बाद उसमें से तीन बच्चे निकले। चिड़िया कहीं से दाना-दुनका चुग कर लाती। बच्चे मां की आहट पाते ही चीं-चीं करके शोर मचाना शुरू कर देते।

बच्चे थोड़ा बड़े हुए। चिड़िया मां ने उन्हें उड़ना सिखाया। चिड़िया का चिड़ा कुछ नहीं करता था। बस बैठा देखा करता था। एक दिन मैंने देखा तीन की जगह दो ही बच्चे हैं। एक पता नहीं कहां चला गया। मां ने आशंका जताई बिल्ली इधर-उधर घूमती रहती है। स्टोर बंद रखा करो। फिर वो दिन आया, बच्चे बड़े हो गए। उन्होंने अपना जोड़ा बना लिया। पुराना जोड़ा जाने कहां फुर्र हो गया। वक्त आगे बढ़ता रहा और उधर पेड़ों के साथ-साथ चिड़ियों की संख्या भी कम होती रही। आज मुझे दूर-दूर चिड़ियां नहीं दिखाई देती हैं। पेड़ भी कट गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

पशु पालना स्वास्थ्य संबंधी मुसीबत को निमंत्रण

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

> पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वासनली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

आजकल जानवर पालने का फैशन सा चल पड़ा है। गांवों में रोजी-रोटी के लिए तो शहरों में आधुनिकता की आड़ में अभी यह फैशन चलन में बहुत है। सिर्फ कुत्ता या बिल्ली पालने का शौक होता तो गनीमत भी थी, लोग तो खरगोश, सफेद चूहा, कबूतर, तोता, गिरगिट तक पालने लगे हैं। इनके पालने से जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है। पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वास नली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

पक्षियों का निमोनिया श्वांस नली के जरिए ही पक्षी से मानव तक फैलता है। किसी भी पक्षी से इस रोग का फैलाव होने की संभावना रहती है। बत्तख और हंस के जरिए तक यह रोग फैल सकता है। आहारनाल के जरिए टाइफाइड रोग फैल सकता है। अगर कोई आदमी अक्सर पशुओं को चूमता है तो उसे इस रोग का खतरा हो सकता है। श्लेषमा के जरिए पागल कुत्ते का रोग होने का खतरा होता है। पागल कुत्ते के काटने या बिल्ली के पंजे से चोट लगने के बाद मनुष्य के शरीर में रोग के विषाणु पहुंचते हैं। कुछ वैज्ञानिक शोध की माने तो कुत्ते-बिल्ली जैसे जानवर पालने वाले ज्यादातर लोग किसी न किसी उन बीमारीयों का शिकार/ ग्रसित हुए रहते हैं, जो पालतू जानवरों से आती है। पालतू बिल्लियों से एक बीमारी फैलती है जिसे वैज्ञानिक भाषा में "कैट स्क्रैच डिसीज" कहा जाता है, जो बिल्लियों की खरोंच से फैलती है, जरूरी नहीं है कि बिल्ली गुस्से में ही खरोंचे, वह आप से खेलते और प्यार जताते हुए भी खरोंच सकती है और इस बीमारी को फैला सकती है। पालतू जानवरों से इंसानों में "रिंगवर्म" जैसी बीमारी का खतरा कुछ ज्यादा ही होता है। यह बीमारी आम तौर पर कुत्तों के द्वारा फैलती है। घरों में कुत्तों के साथ सोने बैठने वाले लोगों में त्वचा संबंधित इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। यह एक प्रकार के फंगस की बीमारी है। त्वचा पर चकते, दाने और लगातार खुजली इसके प्रमुख लक्षण है। घरेलू पक्षी जैसे तोता, कबूतर, मैना पालने वाले लोगों को आम तौर पर "सिटाकोसिस" नामक बीमारी का खतरा बना रहता है। इसे पैरट फीवर भी कहते हैं, ये बीमारी संक्रमित पक्षी के शरीर से हवा के जरिए फैलती है और अगर हम भी उसी हवा में सांस ले रहे हैं तो बीमारी के वायरस नाक के जरिए हमारे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। बीमारी के लक्षणों में बुखार, डायरिया, सूखी खांसी और शरीर में ठिठुरन शामिल है। इस के लिए एंटीबायोटिक की खुराक लेनी पड़ती है वरना इसे नजर अंदाज करने पर लेने के देने पड़ सकते है।

भारत में दूध, दही के लिए गाय और मांस के लिए बकरी व ऊन के लिए भेड़ का पालन किया जाता है। एक बीमारी है, ब्रुसेलोसिस जो बीमार गाय, बकरी और भेड़ से होती है। आमतौर पर संक्रमित गायों या बकरियों का दूध पीने पर ये बीमारी हो सकती है, लेकिन अगर आप इन पशुओं को पालने के शौकीन हैं तो शरीर पर हुए हल्के-फुल्के जख्मों के जरिए भी इस बीमारी के बैक्टीरिया भीतर पहुंच जाते हैं। इसके लक्षण मौसमी फ्लू से मिलते-जुलते होते हैं। बूढ़े-बुजुर्ग लोगों को इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर होती है। साल 2015 से 2018 में दक्षिण, उत्तर और यूरोप में "मैड काऊ डिजीज" फैली थी। तब मनुष्य ने अपनी जान बचाने के लिए ही लाखों गायों को बेवक्त ही गला काट दिया था। यह बेहद खतरनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जो मरीज की जान भी ले सकती है। पूरी दुनिया को दहशत जदाकर तब इस बीमारी नें सैकड़ों जानें ली थीं। रेबीज पालतू जानवरों से होने वाली सबसे खतरनाक बीमारियों में गिनी जाती है। वायरस से फैलने वाली ये बीमारी पालतू जानवरों में आसपास रहने वाले जंगली जानवरों से आती है और जानवरों की सफाई के दौरान इंसानी शरीर में इसके वायरस प्रवेश कर जाते हैं। याद रखें असावधान होकर पशु पालना जहरीला सांप पालने के बराबर है। सांप काटेगा तो जहर ही निकलना है और जहर जानलेवा होता है।

व्यंग्य

सीटें आईं हैं

मृदुल पांडेय
सहायक अध्यापक

चुनाव की घोषणा हो गई है। छल-दंभ, द्वेष-पाखंड, झूठ-अन्याय से निस दिन लिप्त रहने वाला गाना प्रत्येक बोलेरो में सुनने को मिलेगा। सीटों का सवाल। हर पांच साल में सीट मिलती हैं। कहीं न कहीं कोई उस पर बैठता है। पंचवर्षीय सीटें पंचकोसी परिक्रमा के बाद प्राप्त हो जाती हैं। दूर से दिखने में कठिन लगता है, पर सीटें मिलना आसान है। जनता है किसी न किसी को सीट दे ही देती है। खुद हमेशा अपने पैरों पर खड़ी रहती है। पैरों पर खड़े रहना काफी अच्छा बताया गया है। खासकर अगर पैर खुद के हों, जो अपने पैरों पर खड़ा है, वो होनहार है।

कहावतें कितनी झूठी बना दी गई हैं। होनहार वो है, जो खुद बैठा रहे और दूसरों को खड़ा रखे। शायद इसीलिए बड़े-बड़े ऑफिसों में साहब के आगे सिर्फ दो कुर्सी होती हैं। खैर अब सीटों का बंटवारा होगा। कुछ सीटें इधर जाएंगी, कुछ उधर जाएंगी। सीटों के पैर होते हैं। हर पांच साल में कहीं न कहीं भागदौड़ लगाती रहती हैं, लेकिन कुछ सीटें हैं, जो जल्दी नहीं मिलती। सत्तर सालों में तो नहीं मिली। इनको पाने में बहुत मशक्कत है। पहले प्रधान के घर जाना पड़ता है, प्रधान ब्लॉक भेजता है, ब्लॉक जिले पर भेजता है और जिला फिर वापस स्कूल। हां, ये प्राथमिक विद्यालय की सीटें हैं जिसको पाना सांसद की सीट पाने से मुश्किल काम है। क्योंकि इस पर विधायक नहीं बैठते, सांसद नहीं बैठते, अधिकारी नहीं बैठते। खेत मे हाड़-तोड़ मेहनत करने वाले हल्कू का लड़का बैठता है, शहर जाकर 500 रुपये की दिहाड़ी करने वाले आत्माराम की बिटिया बैठती है। बप्पा को खेत में काम पर सीट नहीं मिली और उनके संतानों को स्कूल में। यही बप्पा-अम्मा हर पांच साल में सबको एक-एक करके सीट देते हुए आएं हैं और इनका खुद का भविष्य जाड़ा-गर्मी बरसात में चटाई पर बैठ सरस्वती की उपासना कर रहा है। क्या किसी को कभी खाक मतलब रहा है? भारत जहां चुनाव को पर्व माना जाता है, वहां सीटें प्रसाद हैं, जो गिन-गिन कर लोगों को दी जाती है। ऐरे गैरे बच्चों को बैठने के लिए नहीं। ऊपर बैठे लोग भी जानते हैं, अगर इनको बचपन में ही सीटें दे दी गईं तो शायद ये हर जगह सीट की ही मांग करेंगे। फिर उनको विश्वविद्यालय में भी सीट चाहिए होगी, नौकरी की भी सीट चाहिए होगी, चुनाव में भी सीट चाहिए होगी। सीट की आदत ही ऐसी है कि अगर लग जाए तो आदमी बिना सीट के नहीं रह पाता। फिर क्यों न उसे कुछ भी करना पड़ जाए। इसलिए इनको सीट नहीं देना है, पर सीटें आई हैं सत्तर साल बाद ही सही सीटें आई हैं। लड़-झगड़कर ही सही। बच्चे खुश हैं। अपनी सीटें ढो रहे हैं। रिक्शे से क्लास तक ले जा रहे हैं। ललचाई आंखो से देख रहें हैं। साफ कर रहे हैं। बंटवारा कर रहे हैं। इनका बंटवारा चुनाव की सीटों से ज्यादा कठिन है, क्योंकि ये पूरा ख्याल रखा गया है कि सीटें पर्याप्त न हों, सबको सीट न मिल सके, कुछ न कुछ कमी जरूर रखनी है। देश के बच्चों में एडजस्ट करने की आदत बचपन से ही डालना है। इसलिए सीट सिर्फ इतनी हों कि लटक-लटक कर एक पर चार-पांच बैठ सकें। किसी स्कूल में सिर्फ कुछ क्लास के बच्चे ही बैठ सकें। ताकि उनको अपने कर्तव्यों का अहसास हमेशा बना रहे कि उनको बस एडजस्ट करना है। आधे में लटकना है और दिखावा करना है कि उनके पास भी सीट हैं। भारत सीटों का देश है और सीटें आईं हैं।

एक नजर

अमरमणि त्रिपाठी के मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में पूर्व बसपा सांसद अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को फैसला सुरक्षित करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका एक लंबा आपराधिक इतिहास है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष चल रही है। याचिका में स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। जिसमें याची का कहना है कि वह मूल केस अपहरण मामले में जमानत पर है। मूल केस के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के मामले में स्पेशल कोर्ट ने गलत तरीके से एनबीब्ल्यू जारी किया है। 6 दिसंबर 2001 को बस्ती में व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण कर लिया गया था। बस्ती पुलिस ने तत्कालीन मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित घर से राहुल को बरामद किया था।

रुद्रप्रयाग में खाई में गिरा वाहन, दो लोगों की मौत

ब्यूरो, रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग के शिव नंदी क्षेत्र में मंगलवार देर रात बोलेरो वाहन सात सौ मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में पिथौरागढ़ जनपद निवासी दो लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ के जवानों ने रात में मौके पर पहुंचकर दो शव बरामद किए। पुलिस के मुताबिक बीती मंगलवार देर रात आपदा कंट्रोल रूम, रुद्रप्रयाग ने एसडीआरएफ टीम को सूचित किया कि शिव नंदी के पास एक वाहन खाई में गिर गया है। एसडीआरएफ टीम निरीक्षक कर्ण सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। जवानों ने एक शव को बरामद कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। दूसरे व्यक्ति का शव वाहन के नीचे दबा था। एसडीआरएफ टीम ने वाहन को काटकर शव निकाला। खाई में गिरे वाहन में दो लोग सवार थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दरपान सिंह तथा गंगा सिंह के रूप में हुई है।

रामलला के दर्शन कर धन्य हो गई : प्रियंका



अयोध्या। रामलला के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गई हूं। ये बात बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बुधवार को रामलला के दर्शन के बाद कही। वे पति निक जोनस और बेटी के साथ दर्शन करने आई थीं। राम मंदिर के पुजारी प्रदीप ने प्रियंका व जोनस को तिलक लगाया और ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने रामनामी ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रियंका चोपड़ा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचीं। भारी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से प्रियंका चोपड़ा को रामलला के दरबार में पहुंचाया गया। जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की।

बड़े ने की बचने की कोशिश, छोटा विरोध भी नहीं कर पाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- छुरे के वार से अचेत होकर गिर पड़ा आयुष तो कर दी उसकी हत्या
- छोटे भाई की कलाई पर चलाया छुरा, फिर आरोपी ने रेता गला

अमृत विचार : दो भाइयों की निर्मम हत्या के दूसरे दिन भी शहर में तनाव का माहौल रहा। स्थिति पर नियंत्रण के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे दिन मुस्तैद रहे। बुधवार को दोंनों भाइयों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ तो हत्यारोपियों की निर्दयता सामने आई।

इस दौरान पता चला कि बड़े भाई ने हत्यारोपी के हमले से बचने की कोशिश की थी लेकिन छोटा भाई तो विरोध भी नहीं कर पाया था। बड़े भाई के शरीर पर चोट के 14 निशान मिले हैं जबकि छोटे भाई के हाथ पर चोट का निशान था। दोनों के छुरे से कई बार गले रेते गए थे। वहीं हत्यारोपी के मुठभेड़ में मारे जाने के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं।

आयुष आहान

मंगलवार की शाम हुई घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष (13) और आहान उर्फ हन्नू (6) की छुरे और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी गई। आक्रोशित भीड़ ने बवाल किया। जिला अस्पताल के दो चिकित्सक त्वचा रोग विशेष डॉ. श्रीपाल और फिजीशियन डॉ. जीके गुप्ता के पैनल ने बुधवार सुबह 9 बजे शवों का पोस्टमार्टम किया। आयुष के शरीर पर गर्दन के अलावा कंधे, पीठ, हाथ, सिर आदि पर चोट के 14 निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर साफ हो रहा है कि हत्यारोपियों ने उसे छुरे से मारने की कोशिश की होगी तो आयुष ने अपना बचाव किया होगा। हत्यारोपी छुरे और उस्तरा से वार करता रहा। आयुष के अचेत होने पर गला रेत दिया लेकिन 6 साल का आहान उर्फ हन्नू हत्यारोपी का विरोध तक नहीं कर सका।

उसकी कलाई पर चोट का निशान था। हत्यारोपी ने दोनों की गर्दन जघन्य तरीके से रेती थीं। गर्दन पर छुरा रखकर फेरता रहा। दोनों की गर्दन आधी अलग हो गई थीं। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने दोनों के शव कछला ले जाकर दफन कर दिए। जिसके बाद मुठभेड़ में ढेर हुए हत्यारोपी साजिद के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस की तीन गोलियां लगने से उसकी मौत हुई थी। दो गोली उसके सीने और एक गोली पेट के बगल में लगी थी। पुलिस ने मृतक बच्चों के पिता की तहरीर पर कस्बा सखानू निवासी दो सगे भाई साजिद व जावेद उर्फ बाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साजिद को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मार गिराया वहीं दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट करेंगे पुलिस मुठभेड़ की जांच

पुलिस मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा में चलाई गई गोली से हत्यारोपी साजिद की मौत होने की बात कह रही है। इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। डीएम मनोज कुमार ने मुठभेड़ की मजिस्ट्रेट जांच कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को सौंपते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है।

पांच आरोपियों की रिमांड मंजूर, खुलेंगे कई राज

सिपाही भर्ती परीक्षा मामला : आरोपियों को लेकर रिजॉर्ट और अहमदाबाद जाएगी एसटीएफ टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार । उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले पांच आरोपियों की कोर्ट ने रिमांड स्वीकार कर ली है। गुरुवार सुबह एसटीएफ पांचों को रिमांड पर ले लेगी। इसके बाद एसटीएफ आरोपियों को गुरुग्राम के रिजॉर्ट और अहमदाबाद की टीसीआई कम्पनी ले जाएगी।

आरोपियों से सवालों की सूची मेरठ एसटीएफ ने तैयार कर ली है। आरोपियों से रवि अत्री और राजीव नयन के बारे में जानकारी की जाएगी। माना जा रहा है कि इस रिमांड से कई और चेहरे बेनकाब होंगे।

▸▸ क्राइम सीन को भी दोहराएगी एसटीएफ टीम

एसटीएफ मेरठ इकाई के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन पांच आरोपियों का रिमांड मिली है, उनमें टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी मिर्जापुर के शिवम गिरि, भदोही निवासी रोहित पांडेय, प्रयागराज निवासी अभिषेक शुक्ला, बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल और मोनू हैं। कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड दी है। एसटीएफ गुरुवार सुबह जिला जेल मेरठ से पांचों को अपनी कस्टडी में ले लेगी। एसटीएफ पांचों आरोपियों को गाड़ी से सुरक्षा में अहमदाबाद ले जाएगी। बताया कि किस तरह से पेपर लीक किया गया, इसका क्राइम सीन दोहराने के समय वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इसके अलावा गुरुग्राम के जिस रिजॉर्ट में एक हजार के करीब अभ्यर्थियों को पेपर लीक कराया गया था, उसका भी निरीक्षण किया जाएगा। एएसपी ने बताया कि कंकरखेड़ा थाने में दर्ज रिपोर्ट में जेल गए आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी। आरोपियों का दूसरे राज्यों के लोगों से कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। माना जा रहा है कि आरोपी दूसरे राज्यों में भी पहले कई परीक्षाओं के पेपर लीक करा चुके हैं। एएसपी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं ताकि उन्हें जल्द जमानत न मिल सके। उनका कहना है कि लीक कांड का मुख्य आरोपी रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा हैं।

ये है मामला

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती की दो पाली की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इस मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई थी। जांच के बाद खुलासा हुआ कि अहमदाबाद स्थित टीसीआई ट्रांसपोर्ट कंपनी से पांच और आठ मार्च को पेपर लीक हुआ था। एसटीएफ इस मामले में 15 मुकदमे दर्ज कराकर 54 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। गिरोह के मुख्य आरोपी रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा अभी फरार चल रहे हैं।

सीटीआर के कुमगडार में चली 36 पेड़ों पर आरी

संवाददाता, रामनगर

- दो कर्मचारी निलंबित, जांच शुरू दो वन गुर्जरों से पूछताछ

अमृत विचार: कड़ी सुरक्षा और चाक चौबंद व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले सीटीआर क्षेत्र में यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जाने से पार्क प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीटीआर मे पेड़ काटने के आरोपी दो वन गुर्जरों को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं कोताही बरतने के आरोप में दो कर्मचारियों को निलंबित कर जांच बैठा दी गई है।

मामला कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र के अंतर्गत कुमगडार का है। इस क्षेत्र में वन गूजर की बस्ती है। आरोप है कि इस बस्ती के कुछ लोगों ने यूकेलिप्टस के 36 पेड़ काट डाले। मामला बुधवार को उजागर हुआ तो ढेला वन क्षेत्राधिकारी ने ढेला रेंज में तैंनात वन कर्मियों ने वन गुर्जर समुदाय के दो आरोपियों को पकड़ा है।

खुलासा होने पर ढेला रेंज की टीम के अलावा सीटीआर के उपनिदेशक दिगंथ नायक समेत कई अधिकारियों ने मौके पर जाकर मुआयना किया। इस मामले में एक वन दरोगा और वन आरक्षी को निलंबित कर दिया है। वहीं इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया।

लखनऊ की महिला नशे की गोलियां बेचते गिरफ्तार

संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नशे की गोलियां बेचते लखनऊ की एक महिला को मझोला पुलिस ने मंगलवार रात में गिरफ्तार किया है। इसे रामपुर बाईपास सर्विस रोड पर तिराहे से दबोचा गया है। यह महिला नीतू पत्नी संतोष लखनऊ में आलमबाग में मवैया फाटक के पास की रहने वाली है।

इस मामले में दरोगा ओमकार सिंह ने महिला के विरुद्ध मझोला थाने में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने इसे बुधवार को जेल भी भेज दिया है। दरोगा ने बताया कि रात में वह हमराह कांस्टेबल शिव कुमार और दीपक गौतम के साथ गश्त पर थे। वह जीरो प्वाइंट पाकबड़ा से पहले पहुंचे तो एक महिला रामपुर बाईपास सर्विस रोड से आती दिखी। रोकने पर महिला भागने लगी। जिस पर उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने पास नशे की गोलियां होना बताया। दरोगा ने बताया कि उन्होंने नीतू से 24 पत्तों में कुल 240 गोलियां बरामद की हैं। इनका कुल वजन 28.8 मिग्रा

कॉर्पोरेट धोखाधड़ी वित्तीय संस्थानों के लिए बड़ा खतरा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कॉरपोरेट धोखाधड़ी से संबंधित मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि कॉर्पोरेट धोखाधड़ी वित्तीय संस्थानों और सरकारी कामकाज की अखंडता के लिए एक बड़ा खतरा है।

जब पुलिस कॉर्पोरेट धोखाधड़ी, पूंजी योजनाओं, सुरक्षा धोखाधड़ी, लेखांकन धोखाधड़ी, सरकारी धन के गबन सहित साइबर धोखाधड़ी जैसे मामलों में सफल जांच नहीं करती है तो इसका दुष्प्रभाव गहरा और बहुआयामी होता है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए सरकारे नियामक अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और निजी क्षेत्र से ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रभावी पुलिस प्रशिक्षण जांच क्षमताओं को बढ़ाने और न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्य सरकार को धोखाधड़ी, गबन और मनी लॉन्ड्रिंग सहित वित्तीय अपराधों की जटिलताओं को दूर करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करनी चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने बाबा बेटी की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया और इस आदेश की प्रति रजिस्ट्रार (अनुपालन) को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार, निदेशक सीबीआई नई दिल्ली, निर्देशक प्रवर्तन निदेशालय नई दिल्ली, अध्यक्ष सेबी मुंबई को आवश्यक अनुपालन के लिए भेजने का निर्देश दिया है।

▸▸ हाई कोर्ट ने पुलिस की कार्यशैली पर जताई चिंता

मामले के अनुसार याची एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता है। जिसे एक अखबार के माध्यम से एसकेएस पावर जनरेशन लिमिटेड और उसकी होल्डिंग कंपनियों द्वारा कथित तौर पर की गई कॉर्पोरेट धोखाधड़ी के बारे में पता चला था। यह घटना 17 मार्च 2021 को सामने आई जब वह आरोपी अनिल गुप्ता से जुड़े कुछ लेनदेन के बारे में पूछताछ करने के लिए जौनपुर में भारतीय स्टेट बैंक गई। कुछ ही समय बाद अज्ञात व्यक्ति जबरन उनके आवास में घुस आए और उन्हें धमकी देने लगे। इसके बाद पुलिस की वर्दी में भी कुछ लोग आए और उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव डाला। याची ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की है साथ ही एक संशोधित याचिका के माध्यम से याची ने गहन और निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई द्वारा जांच का अनुरोध किया है।

कृष्ण कूप मामले में ईदगाह कमेटी से मांगी आपत्ति

▸▸ मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को एक अप्रैल तक के लिए टाल दी। मूल वाद में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद, कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर बनाई गई है। इस मामले में बुधवार को दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने अगली तिथि तक के लिए सुनवाई टाल दी। मुस्लिम पक्ष ने बुधवार को सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय द्वारा दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 151 के तहत किए गए आवेदन पर आपत्ति जताई।

वादी आशुतोष पांडेय ने अपने आवेदन में कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा बासोड़ा पूजा की जाती है। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी और दो अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी को पड़ेगी। इन तिथियों पर पूर्व की तरह बासोड़ा पूजा की जानी है, जबकि प्रतिवादी कृष्ण कूप में यह पूजा करने से वादकारियों को रोक रहे हैं। इस पर, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि वाद की पोषणीयता को लेकर दाखिल आवेदन पर सुनवाई लंबित रहने के दौरान ऐसे आवेदन पर कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं दूसरी ओर, हिंदू पक्ष की ओर से दलील दी गई कि हिंदुत्व में आस्था रखने वाले लोगों को पूजा अर्चना करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। ऐसा आवेदन हमेशा से ही पोषणीय है और इस पर आदेश पारित करना कोर्ट के विवेकाधिकार पर निर्भर है। एक अन्य वाद में भी आवेदन दाखिल कर हिंदू भक्तों को कृष्ण कूप पर पूजा करने से नहीं रोकने का मुस्लिम समुदाय को निर्देश जारी करने की मांग की गई। इस आवेदन का भी मुस्लिम पक्ष द्वारा यह कहते हुए विरोध किया गया कि यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है और आवेदन पोषणीय नहीं है। हिंदू पक्ष की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मुस्लिम पक्ष के उस आवेदन का विरोध किया जिसमें इस मामले में कोर्ट के 17 जनवरी के आदेश पर न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त मनीष गोयल को हटाने की मांग की गई है। जैन ने कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि एक सरकारी अधिवक्ता को न्याय मित्र नहीं नियुक्त किया जा सकता।

पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक को राहत नहीं

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने समाज के प्रतिष्ठित लोगों के आपराधिक मामलों में शामिल होने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जो लोग एमपी/एमएलए/एमएलसी होने के नाते समाज के रक्षक हैं, उनसे अपराध करने या आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है, जो जितने ऊंचे पद पर होता है समाज के प्रति उसका दायित्व भी उतना ही अधिक होता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने कमलेश पाठक की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

शिव खेलैं मसाने में होरी...

रंगभरी एकादशी पर वाराणसी में बुधवार को लोगों ने जमकर होली खेली और नगर में शिव-पार्वती की शोभायात्रा निकाली।

भरण पोषण के मामले में पति को देने होंगे ठोस साक्ष्य : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया हवाला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि एक सक्षम युवा व्यक्ति को पर्याप्त पैसा कमाने और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सामर्थ्यवान माना जाना चाहिए। यह कथन स्वीकार्य नहीं है कि वह पारिवारिक मानक के अनुसार उतना नहीं कमा सकता है, जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण हो सके।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि व्यक्ति को कोर्ट के समक्ष ऐसे ठोस आधार प्रस्तुत करने होंगे जिससे यह सिद्ध हो सके कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण के कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए पर्याप्त कमाई करने में असमर्थ है। वर्तमान याचिका प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, ललितपुर द्वारा पारित निर्णय से व्यथित होकर दाखिल की गई है। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया था।

इसके बाद वर्ष 2015 में उसने अपना वैवाहिक घर छोड़ दिया और घरेलू काम करके अल्प कमाई द्वारा अपना भरण-पोषण कर रही थी। कोर्ट ने आदेश में कहा कि पति की मासिक आय का एक तिहाई हिस्सा पत्नी और दो बेटियों को भरण-पोषण के रूप में प्रदान करना आवश्यक है, क्योंकि पति कुशल श्रमिक के रूप में लगभग 12000 से 14000 रुपए प्रति माह कमा लेता है। अंत में कोर्ट ने विपक्षी को याची को 2 हजार रुपए और दोनों बेटियों को 1-1 हजार रुपए प्रतिमाह देने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की पीठ ने जमुना और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे बिहार के प्रमुख नेता पप्पू यादव की जन आधार पार्टी का बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया।

कांग्रेस की बिहार की प्रभारी महासचिव मोहन प्रकाश , पार्टी के संचार विभाग विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में यादव और उनके पुत्र सार्थक यादव को अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। यादव के साथ ही उनके कई समर्थक कांग्रेस में शामिल हो गए। मोहन प्रकाश ने कहा कि पप्पू यादव के आने से कांग्रेस मजबूत होगी और इंडिया गठबंधन को भी बिहार में मजबूती मिलेगी। पप्पू यादव ने कहा कि जनाधार पार्टी सेवा संघर्ष और न्याय पर विश्वास करती है। वह पांच बार सांसद और एक बार विधायक रहे लेकिन उनकी विचारधारा कांग्रेस की रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक मजबूत नेता बताते हुए कहा कि वह मोदी सरकार के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज हैं। उन्होंने राहुल गांधी को सबसे सशक्त नेता बताया।

पप्पू यादव का स्वागत करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

आखिरी सांस तक करेंगे सनातन की सेवा : धीरेंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नया मुरादाबाद में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के आखिरी दिन बुधवार को बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आखिरी सांस तक वह सनातन धर्म की सेवा करेंगे। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना उनका संकल्प है। उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर पूछा कि बताओ कौन-कौन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में है तो सभी ने अपने दोनों हाथ उठाकर उनके संकल्प को साकार करने की शपथ ली।

बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के आखिरी दिन पंडाल में करीब दो लाख श्रद्धालु जुटे। कथा का श्रवण कराने के लिए जैसे ही पं. धीरेंद्र शास्त्री मंच पर आए तो सभी रामभक्तों ने खड़े होकर उनका अभिवादन और नमन किया।

▸▸ कथा पंडाल में गूंजा जयश्रीराम जय हनुमान का जयघोष

झूठा निकला फिरौती के लिए कोटा से छात्रा के अपहरण का मामला

कोटा, एजेंसी

▸▸ विदेश जाकर पढ़ाई करने के लिए रची अपहरण की कहानी

राजस्थान में कोटा से एक कोचिंग छात्रा का अपहरण कर उसे बंधक बनाने और उसकी रिहाई के एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला झूठा साबित हुआ है।

जिला पुलिस अधीक्षक डा अमृता दुहान ने बताया कि पुलिस की टीम ने इस मामले में कोचिंग छात्रा दिव्या धाकड़ (20) के एक पुराने साथी से पूछताछ की है जिसने यह बताया है कि यह छात्रा उसके एक साथी के साथ पढ़ने के लिए विदेश जाना चाहती है क्योंकि उसे लगता था यहां उसकी पढ़ाई अच्छे से नहीं हो सकती हैं। इसीलिए यह सारा घटनाक्रम रचा और परिवारजनों से पैसों की मांग की गई। डॉ. दुहान ने बताया कि असल में यह लड़की कोटा में थी ही नहीं। पिछले साल तीन अगस्त को अपनी मां के साथ नीट की कोचिंग में एनुरोलमेंट कराने के लिए कोटा आई थी। उसकी मां तो उसी दिन वापस शिवपुरी लौट गई लेकिन यह लड़की तीन से पांच अगस्त तक कोटा में एक हॉस्टल में ठहरी थी लेकिन उसके बाद इंदौर चली गई थी जहां पूर्व में भी नीट की कोचिंग करती रही हैं। उसके पिता भी इसी भ्रम में थे कि वह कोटा में रहकर ही कोचिंग कर रही है। कोटा में कोचिंग संस्थान की ओर से लिए गए टेस्ट और उसके नंबर के बारे में भी उसके पिता को सेलफोन पर सूचना इन्हीं लोगों ने किसी अन्य नंबर से दे थी। हालांकि डॉ अमृता दुहान ने आज बताया कि इंदौर में जिन लड़कों के खिलाफ छात्रों को परेशान करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, उनका मौजूदा घटनाक्रम से कोई वास्ता नहीं है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की निवासी कोचिंग छात्रा दिव्या धाकड़ का एक फोटो 18 मार्च को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था जिसमें वह रस्सी से बंधी पड़ी नजर आ रही है और चेहरे पर खून के निशान हैं।

बाहुबल के साए में चुनाव, अब बीते दिनों की बात

चुनाव प्रभावित करने वाले कई बाहुबली जेल में, योगी सरकार ने खत्म किया बाहुबलियों का दबदबा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। यह पहली बार है कि 2024 का लोकसभा चुनाव बाहुबलियों के बगैर होने जा रहा है। दूर-दूर तक कोई बाहुबली मैदान में नहीं दिख रहा है। आलम यह है कि चुनावों को प्रभावित करने वाले बाहुबली भी अपने-अपने क्षेत्रों से गायब हैं। ज्यादातर बाहुबली या तो जीवित नहीं हैं या फिर जेलों में बंद हैं। ऐसे में 2024 का चुनाव नजीर बनेगा। जाहिर है सरकार ने वादे के अनुरूप प्रदेश में बाहुबलियों का साम्राज्य लगभग खत्म कर दिया।

प्रदेश के कई बड़े अपराधी, जो चुनाव में देते थे दखल

चार बार से ज्ञानपुर सीट से विधायक रहने वाले बाहुबली विजय मिश्रा का कद इतना बड़ा था कि वह मोदी लहर में भी चुनाव जीते। विजय का कद इतना बड़ा था कि आसपास की सीटों पर भी प्रभाव पड़ता था। योगी सरकार आने के बाद विजय मिश्रा के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करने की छूट मिली। इस समय विजय मिश्रा जेल में हैं और राजनीतिक रूप से भी प्रभावहीन हो चुके हैं।

मुख्तार अंसारी का जरायम की दुनिया में बड़ा नाम है। मुख्तार मऊ निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे, जिसमें दो बार बसपा के टिकट पर जीते। एक वक्त था जब मुख्तार को टिकट देने के लिए विभिन्न पार्टियां बेचैन रहती थी, क्योंकि मुख्तार जीत की गारंटी थे। जलवा इतना कि मुख्तार के वरदस्त पर कई मऊ के कई विधानसभा सीटों पर जीत तय होती थी। इन दिनों मुख्तार सजायाफ्ता हैं। किसी भी पार्टी में दखलंदाजी नहीं है।

माफिया और नेता रहे अतीक अहमद तत्कालीन इलाहाबाद और फूलपुर में खासा दबदबा रहता था। अतीक इलाहाबाद पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए। 14वीं लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी ने फूलपुर से उम्मीदवार चुना। अतीक अहमद का कद इतना बड़ा था कि वह जेल से चुनाव लड़ते और जीतते थे। अप्रैल 2023 में एक गोलीकांड में अतीक की हत्या होने के बाद इलाहाबाद और फूलपुर बाहुबल की राजनीति से पूर्णतया मुक्त हो गया।

तीन बार विधायक और दो बार सांसद रहे यूपी के टॉप टेन माफिया रिजवान जहीर का दबादबा भी लगभग खत्म हो गया। रिजवान जहीर के दबदबे का आलम यह था कि एक समय उन्होंने सपा मुखिया रहे मुलायम सिंह यादव को भी चुनौती दे डाली थी। बसपा, कांग्रेस और सपा में भी प्रभाव रहा। रिजवान के बुरे दिन तबसे शुरू हुए जब यूपी में योगी के नेतृत्व में सरकार बनी। योगी सरकार में रिजवान का नाम यूपी के टॉपटेन माफियाओं में था। सरकार की कार्रवाई में ही रिजवान के राजनैतिक कॅरियर का लगभग अंत हो गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में छात्रसंघ की राजनीति में दखल से धनंजय सिंह का राजनैतिक कॅरियर भी शुरू हुआ। 2002 से 2009 तक निर्दल रारी से विधायक रहे। 15वीं लोकसभा में बसपा के टिकट पर सांसद बने। धनंजय सिंह का जौनपुर संसदीय सीट व विधानसभा क्षेत्रों में दबदबा रहता था। हत्या, लूट जैसे अपराधों को अंजाम देकर धनंजय जरायम की दुनिया में पहुंचे थे। 2024 के चुनावों में ताल ठोकने की तैयारी कर रहे थे, तभी अदालत के एक फैसले से जेल चले गए।

आजमगढ़ की राजनीति में बाहुबली रमाकांत यादव का दबदबा भी लगभग खत्म हो चुका है। जहरीली शराब पीने से 13 लोगों की मौत के मामले में बाहुबली अभी भी जेल में निरुद्ध हैं। रमाकांत यादव के रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह आजमगढ़ सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। प्रदेश में सक्रिय लगभग सभी पार्टियां रमाकांत को टिकट देने के लिए आतुर रहती थी। लेकिन अदालती और कानूनी कार्रवाइयों ने रमाकांत के बाहुबल का लगभग खात्मा कर दिया।

पश्चिमी उप्र. की राजनीति में भी खत्म हुआ बाहुबल

पूर्वांचल ही नहीं बल्कि, पश्चिमी यूपी की राजनीति में भी माफियाराज इतिहास का विषय बन चुका है। यहां के माफियाओं में बदन सिंह, डीपी यादव, हाजी याकूब कुरैशी, सुनीर, यशपाल तोमर, अमरपाल उर्फ कालू, संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा, विनय त्यागी, एजाज, सुंदर भाटी, अमित कसाना, विक्रांत उर्फ विक्की जैसे माफियाओं का चुनावों में पूरा हस्तक्षेप रहता था। पुलिस अफसरों के मुताबिक उक्त अपराधी स्थानीय चुनावों को अपने हिसाब से प्रभावित करने में सक्षम थे। सरकार की कार्रवाइयों से यहां के माफियाराज का लगभग अस्त हो चुका है। पूर्वांचल में वृजेश सिंह, संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी, अब्बास अंसारी पर भी खूब कानूनी कार्रवाई हुई। अदालतों ने भी सख्ती दिखाई।

कभी इनके चेहरे पर ही था चुनाव

इस बार न कल्याण न मुलायम

सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद भी समर्थकों में रहता था जोश

2021 में कल्याण व 22 में मुलायम की मृत्यु के बाद हो रहा पहला लोकसभा चुनाव

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में पीडीए बनाम एनडीए के चुनावी संघर्ष के अब तमाम चेहरों की गुटबंदी आमने-सामने है। एक गठबंधन 'पीडीए' के तो दूसरा 'कमण्डल' के साथ नजर आता है। अब जनता ही तय करेगी हर स्तर पर विकास का मुद्दा बड़ा या जाति और धर्म का?

बहरहाल, एक समय था जब कल्याण सिंह, मुलायम सिंह यादव और छोटे चौधरी कहे जाने वाले अजित सिंह के लिए लगने वाले नारे रोंगटे खड़े देते। जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है। कल्याण सिंह तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। अजित सिंह आए हैं, हरित प्रदेश लाए हैं। हालांकि मौजूदा राजनीतिक हस्तियों को लेकर नारे अब भी लगते हैं लेकिन रोंगटे खड़े कर देने को आत्मसात नहीं होते।

बहरहाल, चुनावी बिगुल फुंकने के साथ उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर सरगर्मी तेज है। भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है तो सपा उत्साहित। कांग्रेस कन्फ्यूज़ड है तो बसपा में रहस्मयी चुप्पी पसरी है। निकट भविष्य में सभी की राजनीतिक तकदीर लॉक होने को है। लेकिन इससे पहले होने जा रहे चुनावी संघर्ष में इस बार लगभग चार दशक तक अपनी रणनीतियों, तौरतरीकों, दांवपेचों से विरोधियों को पटखनी देने वाले मुलायम-कल्याण नहीं होंगे। अंतिम दिनों में भले दोनों हस्तियां सक्रिय राजनीति से दूर रहीं हों, पर उनके होने के एहसास मात्र ही दोनों दलों के एक बड़े समर्थक वर्ग के दिलो-दिमाग में राज करता था। उप्र. की राजनीति का अतीत देखें तो 90 के दशक से ही मुलायम और कल्याण इस राज्य की राजनीति के केन्द्र बिन्दु बने रहे। अगस्त 2021 में कल्याण सिंह तो अक्तूबर 2022 में मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। सपा की स्थापना के बाद मुलायम की गैर-मौजूदगी में पार्टी का यह पहला चुनाव होगा। वहीं राम मंदिर निर्माण से भले भाजपा का बहुप्रतिक्षित एजेंडा पूरा हुआ हो पर इस अभियान के असल हीरो कल्याण की कमी तो खलनी स्वाभाविक है। वहीं, तीन दशक से हर लोकसभा चुनाव में भागीदारी करने वाले राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया रहे चौधरी अजित सिंह की भी मृत्यु मइर 2021 में हुई। अजित सिंह तो रहे नहीं लेकिन इस चुनाव में चौधरी खानदान का भी कोई चेहरा नहीं उतरेगा। उनके बेटे जयंत चौधरी इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे।

कल्याण सिंह को याद करें तो, नब्बे के दशक की शुरुआत में राजनीति का जो दौर था, उसे मण्डल और कमण्डल यानी आरक्षण और राम मंदिर आंदोलन के तौर पर जाना जाता है। देश भर में एक ओर मण्डल आयोग की सिफारिशों का समर्थन और विरोध चल रहा था, तो दूसरी ओर अयोध्या में राम-जन्मभूमि के लिए आंदोलन चल रहा था। मुख्यमंत्री थे मुलायम सिंह यादव। इस बीच भाजपा ने कल्याण सिंह को आगे किया। कल्याण सिंह ने एक साल में ही भाजपा को उस स्थिति में ला दिया कि पार्टी ने 1991 में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। मुख्यमंत्री बनने के बाद कल्याण सिंह ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर का निर्माण करने के लिए शपथ ली थी।

...फिर भी नहीं बढ़ा मतदान प्रतिशत

2014 में मोदी लहर के कारण बढ़ा था मतदान प्रतिशत

अधिक मतदान के लिए चलाया गया अभियान

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार: लोकतंत्र के महापर्व पर भीषण गर्मी के बीच मतदाताओं को मतदेय स्थलों तक ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। लोकसभा, विधानसभा और निकाय के चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर तमाम जतन किए जाते हैं मगर अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य है। लक्ष्य हासिल होता है या नहीं यह तो भविष्य के गर्त में छुपा है और इसका जवाब 20 मई को मिलेगा।

किसी भी चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाद प्रदेश और जिले स्तर पर इसका अनुपालन होता है। मताधिकारी को लेकर सबको जागरूक किया जाता है और चुनाव के दौरान बहुमूल्य मत का प्रयोग करने की अपील भी की जाती है। लगातार होने वाली इस कवायद के बाद भी मतदान प्रतशित में कोई खासी बढ़ोतरी नहीं हुई। 2004 और 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में तमाम प्रयास करने के बाद महज दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जबकि 2014 के चुनाव में सत्ता के बदलाव की बयार बह रही थी और मोदी लहर के कारण मतदान प्रतिशत 53.1 प्रतिशत पहुंच गया था। जबकि 2019 के चुनाव में महज छह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और मत प्रतिशत 59.11 रहा।

इस बार 70 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य है, 20 मई को पता चलेगा कितना बढ़ा मतदान प्रतिशत

घर से मतदान करेंगे 60 हजार मतदाता

संवाददाता, लखनऊअमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से लेकर राज्य और जिला स्तर तक की टीमें सक्रिय हो गई हैं। 85 वर्ष से अधिक के लगभग 60 हजार मतदाता इस बार घर बैठकर मतदान कर सकते हैं। खास बात यह है कि अगर कोई बुजुर्ग मतदाता अगर मतदेय स्थल तक जाना चाहते हैं तो उनके लिए प्रशासन की ओर से व्यवस्था कराई जा सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग ने घर से वोट डालने की सुविधा सिर्फ बुजुर्गों और दिव्यांगों को दी है। 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग और 40% से ज्यादा दिव्यांग घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। दिव्यांग व्यक्तियों के पास डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट होना आवश्यक है। जिसमें इस बात का जिक्र हो कि डिसेबिलिटी कितने प्रतिशत है। जो बुजुर्ग अथवा दिव्यांग मतदाता घर बैठे वोट डालना चाहते हैं उन्हें केंद्रीय चुनाव आयोग के सक्षम एप पर इस विकल्प का चुनाव करना होगा। एप पर विवरण के साथ परेशानी भी बतानी होगी। लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के घर फार्म भिजवाया जाएगा।

विभिन्न आयुवर्ग के मतदाता

80-89 आयुवर्ग	90-99 आयुवर्ग	100-119 आयुवर्ग	120 आयुवर्ग से अधिक
5300	1189	48	01
4797	867	42	02
7789	1094	27	02
4721	597	27	02
5934	936	19	00
7894	1137	29	00
5732	978	07	00
4461	490	01	00
4937	1166	18	03



वर्ष मतदान प्रतिशत

2004	35.00
2009	37.00
2014	53.1
2019	59.11

रमाबाई अंबेडकर मैदान में बनेगा स्ट्रांग रूम

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी है। रमाबाई अंबेडकर मैदान और रैन बसेरा में अधिग्रहीत किए गए कक्षों में ईवीएम ओर वीवीपैट रखे जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने रमाबाई अंबेडकर मैदान में कक्ष संख्या एक से दस, रमाबाई अंबेडकर मैदान मुख्यालय स्मारक समिति में कक्ष 11 एवं 12 को अधिग्रहीत किया गया है। इनमें ईवीएम और वीवीपैट रखे जाएंगे। साथ ही रैन बसेरा आशियाना में कक्ष संख्या 36 से 38 तक अधिग्रहीत किए गए हैं। इनमें प्रयोग में न आने वाली ईवीएम, महत्वपूर्ण अभिलेख और अन्य सामग्री रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से इसकी सूचना मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त और लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजी गई है।

पहली बार मतदान को लेकर काफी उत्साहित हूं। लोकसभा चुनाव में वोट करने का मौका मिला है। मैं अपना वोट शिक्षा, बेरोजगारी और विकास पर ही करूंगी। जनपद में जो भी प्रत्याशी विकास को लेकर सजग होगा उसे ही मेरा वोट जाएगा। शिक्षा, बेरोजगारी, महिलाओं को सुरक्षा देने वाली सरकार चुनने के लिए मतदान करूंगी।

पूनम, सेन
पहितीपुर बाजार विधानसभा क्षेत्र कटेहरी अंबेडकरनगर।

बाहरी ही सुलतानपुर में खिला सके 'कमल'

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

अमृत विचार: सुलतानपुर लोकसभा सीट पर अब तक हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवारों पर बाहरी प्रत्याशी भारी पड़े हैं। बाहरी प्रत्याशियों ने जहां यहां पर कमल खिलाया है, वहीं स्थानीय प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा सके है।

सुलतानपुर लोकसभा सीट अधिकतर कांग्रेस के ही पास रही। इस बार उसका प्रत्याशी यहां नहीं है। इंडिया गठबंधन में सपा के पाले में यह सीट गई है। भगवा ब्रिगेड की बात करे तो 1991 में पहली सफलता अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने जीत कर यहां पर भाजपा का खाता खोला था। शास्त्री को 1,73,485 और निकटम प्रतिद्वंदी जनता दल के राम सिंह को 64,529 वोट मिले थे। 1996 और 1998 में भाजपा के उम्मीदवार बाबरी ध्वंस के समय फैजाबाद के पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) थे। 1996 में राय को 2,38,843 और निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के कमरुज्जमा फौजी को 1,20,559 वोट मिले। 1998 में राय को 2,69,9510 और डा. रीता बहुगुणा जोशी सपा के वोट 2,05,5030 थे।

1999 में भाजपा बिना लड़े ही मैदान के बाहर हो गई थी। उसके प्रत्याशी सत्यदेव सिंह (गोंडा) समय से नामांकन नहीं दाखिल कर सके थे। इस चुनाव में सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा से जयभद्र सिंह निर्वाचित हुए। 2004 और 2009 में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवारों को अवसर दिया। दोनों ही बार पार्टी चौथे स्थान पर रही। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार डा. वीणा पांडेय पर भरोसा दिखाया तो वह 91,328 मत ही पा सकी। वहीं, बसपा के मो. ताहिर खान ने 2,61,564 मत पाकर दुबारा सुलतानपुर लोक सभा सीट बसपा के झोली में डाल दिया। 2009 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने फिर स्थानीय उम्मीदवार सूर्यभान सिंह को टिकट दिया। सूर्यभान सिंह 44,425 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे और जमानत जब्त हो गई। वहीं कांग्रेस के डा संजय सिंह 3,00,411 मत पाकर एक बार फ़िर यह सीट कांग्रेस के झोली में डाल दी। 2014 और 2019 में भाजपा की कामयाबी बाहरी उम्मीदवारों के जरिए मिली। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर पैराशूट उम्मीदवार वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाया। वरुण गांधी 4,10,348 मत पाकर बसपा के पवन कुमार पांडेय को 1,78,902 मतों से हरा सुलतानपुर की सीट भाजपा के खाते में डाल दी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बिना कोई गलती किए मेनका संजय गांधी को प्रत्याशी बनाया। मेनका संजय गांधी 4,59,196 मत पाकर सपा समर्थित बसपा प्रत्याशी चंद्र भद्र सिंह को 14,526 मतों से हरा सीट भाजपा के खाते में डाल दिया।

---

33 साल से लखनऊ सीट नहीं हारी भाजपा

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

विश्लेषण

- लखनऊ और मोहनलालगंज सीट पर मतदान 5वें चरण में 20 मई को होगा
- लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

अमृत विचार : लखनऊ लोकसभा सीट की खासियत अलग है। यहां अटल बिहारी वाजपेयी का बोया बीज बरगद का रूप ले चुका है। इस सीट पर हर क्षेत्र के पुरोधा अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। मगर 33 साल से लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा की झोली में है और इस बार भी चुनौती नहीं के बराबर है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मेहरोत्रा जरूर दौड़ में हैं। सपा कैंडीडेट रविदास मेहरोत्रा सिर्फ एक सीट से विधायक हैं, जबकि राजनाथ सिंह लखनऊ की कई सीट पर बीजेपी उम्मीदवारों को जिता चुके हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल भी बीजेपी की है, इसलिए राजनाथ सिंह का विस्तार रविदास मेहरोत्रा या इंडिया गठबंधन से निश्चित तौर पर ज्यादा है। उधर बसपा के लिए प्रत्याशी चयन ही संकट बन गया है। राजधानी लखनऊ में मतदाताओं ने भी बदलते दौर के साथ अपना मिजाज बदला, जिसके परिणाम भी चौंकाने वाले सामने आए। 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दो लोकसभा सीटें है। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट। इन पर 20 मई को 5वें चरण में वोटिंग होनी है। दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता हैं। 20 मई को कुल 1545 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों संसदीय सीट पर 18 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 7 लाख 2 हजार 860 है।

वहीं मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है जबकि समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री आरके चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। बसपा ने अभी लखनऊ की दोनों ही सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

- इसमें सबसे अधिक युवा (18 से 29 वर्ष) मतदाताओं की संख्या लगभग 7 लाख 2 हजार 860 है

पहली जीत विजय लक्ष्मी को मिली थी

आजादी के बाद लखनऊ संसदीय सीट पर कुल 16 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7 बार भाजपा और 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इसके अलावा जनता दल, भारतीय लोकदल और निर्दलीय ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में लखनऊ सेंट्रल से जहां मशहूर नेता विजय लक्ष्मी पंडित विजयी हुई थी वहीं लखनऊ-बाराबंकी सीट पर कांग्रेस के ही उम्मीदवार मोहन लाल सक्सेना को जीत मिली थी।

1991 में अटल बिहारी की जीत के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा

लखनऊ लोकसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से बीजेपी का कब्जा है। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने पहली बार इस सीट को 1991 में जीतकर बीजेपी की झोली में डाल दिया था। जीत का सिलसिला अभी भी जारी है। भाजपा 8 बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी है। जिसमें अटल जी 5 बार, लाल जी टंडन एक और राजनाथ सिंह दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। राजनाथ सिंह 2014 और 2019 में रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत चुके हैं। अटल जी ने 8 बार चुनाव लड़ा, जिसमें लगातार उन्हें 3 चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ लोकसभा सीट में कुल 5 लखनऊ पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी, मध्य और कैंट विधानसभा सीट आती है। 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 3 और सपा ने दो सीट जीती थीं। वर्ष 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण मुल्ला ने बाजी अपने नाम की। हालांकि1971 में शीला कौल ने कांग्रेस को जीत दिलाई। इसके बाद जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रहे। हालांकि उन्हें हराकर शीला कौल लगातार दो बार सांसद रहीं। 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह ने जीत दर्ज की, लेकिन 1991 में अटल बिहारी वाजपेयी के जीतने के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

लखनऊ सीट पर अब तक लोकसभा के सदस्य

नाम	वर्ष	दल
शिवराजवती नेहरू	1951-53	कांग्रेस
विजयलक्ष्मी पंडित	1953-57	कांग्रेस
पुलिन बिहारी बनर्जी	1957-60	कांग्रेस
बीके धवन	1962-67	कांग्रेस
आनंद नारायण मुल्ला	1967-71	निर्दलीय
शीला कौल	1971-77	कांग्रेस
हेमवती नंदन बहुगुणा	1977-80	लोकदल
शीला कौल	1980-84	कांग्रेस
शीला कौल	1984-89	कांग्रेस
मंधाता सिंह	1989-90	जनता दल
अटल बिहारी वाजपेयी	1991-96	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1996-98	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1998-99	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1999-2004	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	2004-2009	भाजपा
लालजी टंडन	2009-2014	भाजपा
राजनाथ सिंह	2014-2019	भाजपा
राजनाथ सिंह	2019-2024	भाजपा

कौशल किशोर कर रहे जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास

मोहनलालगंज सीट पर 1962 में पहली बार कांग्रेस ने चुनाव जीता था, कांग्रेस सबसे ज्यादा 5 बार चुनाव जीत चुकी है, लेकिन अब बीते 40 साल से जीत के लिए तरस रही है। बीजेपी और सपा ने 4-4 बार चुनाव जीता है। 1991 में लखनऊ लोकसभा सीट और मोहनलालगंज सीट पर बीजेपी ने एक साथ खाता खोला था। बीजेपी के छोटेलाल ने 1991 में चुनाव जीता था। 1998 में सपा ने पहली बार जीत दर्ज की थी। इस सीट से जनता दल और जनता पार्टी के कैंडिडेट 1-1 बार चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी कैंडिडेट कौशल किशोर कांग्रेस सांसद गीता देवी की बराबरी करने के लिए जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसमें सिधौली, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, बख्शी तालाब और सरोजनीनगर विधानसभा सीट शामिल हैं। यह सभी सीटें भाजपा के पास है।

एम बी हनीफा ने बनाई थी ईवीएम

- पांचवी बार ईवीएम के जरिए लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। जिस भारतीय ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं उसका आविष्कार 1980 में 'एम बी हनीफा' के द्वारा किया गया था। जिसे उसने 'इलेक्ट्रॉनिक संचालित मतगणना मशीन' के नाम से 15 अक्टूबर 1980 को पंजीकृत करवाया था। एकीकृत सर्किट का उपयोग कर "एम बी हनीफा" द्वारा बनाये गये मूल डिजाइन को तमिलनाडु के छह शहरों में आयोजित सरकारी प्रदर्शनियों में जनता के लिए प्रदर्शित किया गया था। अगस्त, 1980 में राजनीतिक दलों के समक्ष पहली बार प्रदर्शन के बाद आयोग ने इसके इस्तेमाल के निर्देश जारी किए थे। 1982 में केरल में हुए चुनाव में पहली बार ईवीएम का उपयोग हुआ। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती मिलने के बाद चुनाव रद कर दिए गए। 1998 में चुनाव कराने के लिए इसके उपयोग पर सहमति बनी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के 25 विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया। 2004 के लोकसभा चुनावों में पहली बार देश के सभी 543 निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया था।

चुनाव कमाल का...

- 1971 में विपक्ष के 'इंदिरा हटाओ' नारे पर इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' नारा भारी पड़ा। उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस ने लोकसभा की 545 सीटों में से 352 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस (ओ) के खाते में सिर्फ 16 सीटें ही आई। भारतीय जनसंघ ने चुनाव में 22 सीटें जीतीं। सीपीआई ने चुनाव में 23 सीटें जीतीं। जबकि सीपीआईएम के खाते में 25 सीटें आईं।
- 1977 जनवरी 23 ही वो दिन था जब अचानक इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के जरिए देश में आम चुनाव की घोषणा की। देश में तीन दिन में ही चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव 16 से लेकर 19 मार्च 1977 के बीच हुए।
- 22 मार्च 1977 को आए चुनाव नतीजे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया। चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को मात्र 153 सीटें ही मिली थीं। इस चुनाव में पूरा विपक्ष समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गोलबंद हुआ था। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह "हलधर किसान" पर चुनाव लड़ा और 298 सीटें जीतीं।

चुनावी तीर

मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीट हैं, लेकिन कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस ने पद यात्रा निकाली, जहां-जहां से यात्रा निकली, लोग कहते हैं कांग्रेस छोड़ो यात्रा थी और वो जहां-जहां गए लोग कांग्रेस छोड़ते चले गये।

-डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भाजपा ने जे.पी. पटेल को खूब सम्मान दिया और सचेतक भी बनाया। भाजपा में उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन, जब वह अपने राजनीतिक करियर को डुबोने के लिए डूबते जहाज पर सवार होना चाहते हैं तो हम क्या कर सकते हैं? उनके कांग्रेस में शामिल होने से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

-प्रतुल शाहदेव, भाजपा प्रवक्ता

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ पर आधारित है और इसका उनकी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह राजधानी की सातों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। हम बहुत सकारात्मक अभियान चला रहे हैं और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। अबकी बार 400 पार केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे वास्तविकता में बदला जाएगा।

- बांसुरी स्वराज, भाजपा प्रत्याशी दिल्ली

सल्तनत समाजवादियों की, अब भाजपा के पक्ष में

सियासी समीकरण

- मनोज त्रिपाठी, कानपुर

7 बार जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए मुलायम सिंह

1989 में बसपा के संस्थापक कांशीराम को इसी सीट से मिली थी एकलौती जीत और पहुंचे थे संसद में

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	41.6	37.0	17.3	1.10
2019 लोस	51.1	44.8	----	----
2017 विस	40.7	28.8	25.3	----
2014 लोस	46.8	28.4	20.5	1.4

विधानसभा	भाजपा	सपा
इटावा सदर	1,21,783	89,704
भरथना सु.	1,07,551	1,20,940
दिबियापुर	90,461	88,849
औरैया सु.	95,564	84,239
सिकंदरा	1,04,315	72,225

अमृत विचार। लोकसभा की सूबे में हॉट सीट इटावा में चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कानपुर मंडल का यह जिला कभी प्रदेश की राजनीति की धुरी था। नेताजी मुलायम सिंह यादव और वर्तमान में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जन्म और कर्मस्थली के रूप में पहचान वाले इस जिले को यादव लैंड भी कहा जाता है। मुलायम सिंह जिले की जसवंतनगर विधान सभा सीट से सात बार विधायक चुने गए, जबकि उनके भाई शिवपाल सिंह यादव चार बार इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। हालांकि जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र इटावा लोकसभा में नहीं आता है और मैनपुरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है।

इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट है। इसमें तीन ज़िलों की पांच विधानसभा सीटें शामिल है। कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा, औरैया जिले की औरैया और दिबियापुर तथा इटावा जिले की भरथना और सदर विधान सभा सीट को मिलाकर इटावा लोकसभा क्षेत्र का गठन किया गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से तीन सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। दो सीटों पर सपा ने कब्जा जमाया था। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया विजयी रहे थे। उन्होंने सपा के कमलेश कठेरिया को 64,359 वोटों से हराया था।

इटावा लोकसभा सीट कांग्रेस के एकाधिकार वाले जमाने में भी समाजवादियों के गढ़ जैसी रही है। 1957 में यहां से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत हासिल की थी। हालांकि 1962 में कांग्रेस के गोपीनाथ दीक्षित ने सोशलिस्ट पार्टी को मात दी, लेकिन 1967 में अर्जुन सिंह भदौरिया ने वापस सीट कांग्रेस से छीन ली। 1971 में कांग्रेस के श्रीशंकर तिवारी विजयी रहे पर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर एक बार फिर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत का परचम लहरा दिया। इसके बाद 1980 में जनता पार्टी के राम सिंह शाक्य फिर 1984 में कांग्रेस के चौ. रघुराज सिंह जीते। 1989 के चुनाव में जनता दल से दोबारा राम सिंह शाक्य के बाद इटावा ही वह एकलौती लोकसभा सीट रही जहां से 1989 में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को जीत मिली और वह संसद में पहुंचे। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर तीसरी बार राम सिंह शाक्य सांसद बने। लेकिन 1998 में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरीं सुखदा मिश्रा ने जीत के साथ पहली बार यहां भाजपा का झंडा फहरा दिया। लेकिन 1999 और 2004 के चुनाव में सपा के रघुराज सिंह तो 2009 में प्रेमदास कठेरिया सफल रहे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने पुनः इस सीट पर कब्जा किया और उसके प्रत्याशी अशोक दोहरे विजयी रहे। 2019 में भाजपा ने आगरा से दो बार सांसद रहे डॉ राम शंकर कठेरिया को इटावा से टिकट दिया तो उन्होने पार्टी का कब्जा इस सीट पर बरकरार रखा। इस बार फिर भाजपा ने भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने इस बार यहां से जितेंद्र दोहरे को टिकट दिया है।

दलित बाहुल्य पर यादव-मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में

इटावा लोकसभा सीट पर 18 लाख से ज्यादा कुल मतदाताओं में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या लगभग पांच लाख है। ब्राह्मण मतदाता दो लाख से कुछ ज्यादा तो यादव वोटर लगभग दो लाख और मुस्लिम मतदाता डेढ़ लाख तक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इटावा में 58 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। सपा के कमलेश कठेरिया को 4 लाख 57 हजार 454 वोट प्राप्त हुए थे। भाजपा के डॉ रामशंकर कठेरिया को 5 लाख 21 हजार 815 वोट मिले थे। भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काटकर डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए अशोक कुमार दोहरे को टिकट थमा दियाथा। 2014 के लोकसभा चुनाव में इटावा सीट पर 55.04 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के अशोक कुमार दोहरे ने सपा के प्रेमदास कठेरिया को एक लाख 72 हजार 946 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। अशोक कुमार दोहरे को 4,39,646 वोट मिले थे, जबकि प्रेमदास कठेरिया ने 2,66,700 वोट पाए थे। बसपा के अजय पाल सिंह जाटव को 1,92,804 वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस उम्मीदवार हंस मुखी कोरी 13397 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे थे।



2019 में भरथना विधानसभा पिछड़ गई थी भाजपा

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भरथना सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र में सपा ने बढ़त बनाई थी, हालांकि अन्य चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही थी। विधानसभा वार दोनों दलों के प्रत्याशियों को मिले मत इस प्रकार थे।

नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों से हारे थे धर्मेंद्र यादव

- प्रदीप सक्सेना, बदायूं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जिले में तीसरे चरण 7 मई को मतदान होना है। सपा ने धर्मेंद्र की जगह शिवपाल यादव प्रत्याशी घोषित किया है। अभी भाजपा और बसपा के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना शेष है। बदायूं लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। हालांकि 2019 में सपा उम्मीदवार को 18 हजार से कुछ अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। तब करीब 19 हजार वोट नोटा और निर्दलीय उम्मीदवारों को तिले थे। वहीं राजनीतिक पंडित सपा बसपा के बीच गठबंधन होने से लोगों की नाराजगी को भी सपा उम्मीदवार की होने की वजह बता रहे हैं। बहरहाल शिवपाल के आने से मुकाबला दिलचस्प होगा।

1951 से 2014 तक हुए लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक छह बार जीत दर्ज की है। 2014 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव एक लाख 40 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 28 वर्षों से चले आ रहे सूखे को खत्म करते हुए जीत दर्ज की थी। सपा के धर्मेंद्र यादव की हार में नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को बजह माना जा सकता है। उस समय चार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। उन्हें 10621 वोट मिले थे। वहीं 8606 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। निर्दलीय और नोटा को कुल 19,227 वोट पड़े थे। जबकि भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य की जीत 18,454 वोटों से हुई थी।

2019 के चुनाव में 18000 से अधिक मतों से सपा प्रत्याशी की हुई थी हार

19,000 से अधिक मिले थे वोट नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को

2019 के चुनाव में यह रहा था परिणाम

भाजपा	5,11,352
समाजवादी पार्टी	4,92,898
कांग्रेस	51,947
ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लाक	4,347
निर्दलीय उम्मीदवार	10,621
कल्याणकारी जनता पार्टी	1,336

कैराना से चार बार महिलाएं बनी सांसद

सहारनपुर

- किसी भी प्रमुख पार्टी ने इस बार महिला को नहीं बनाया है अपना उम्मीदवार
- सहारनपुर सीट कभी भी कोई महिला सांसद नहीं हुई निर्वाचित

पहले नंबर की लोकसभा सीट सहारनपुर को इस बात के लिए भी जाना जाता है कि आजादी के बाद से हुए लोकसभा चुनावों में कभी भी यहां से कोई महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई है। दूसरी ओर इसी मंडल की कैराना सीट इस मामले में सौभाग्यशाली है कि वहां से चार बार महिलाएं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इनमें सबसे पहले 1980 में प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरणसिंह की पत्नी गायत्री देवी, रालोद से अनुराधा चौधरी और दो बार तबस्सुम हसन लोकसभा चुनाव जीती।

तबस्सुम हसन एक बार समाजवादी पार्टी से और दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल से सांसद बनीं। महत्वपूर्ण है कि इस बार भी कैराना सीट पर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से इकरा हसन मैदान में हैं। आजादी के बाद से सहारनपुर लोकसभा सीट से कभी भी कोई महिला सांसद लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस बार भी किसी प्रमुख पार्टी ने महिला को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। छह बार कांग्रेस, तीन बार बसपा, तीन बार भाजपा के सांसद बने जबकि पांच बार रसीद मसूद सांसद निर्वाचित हुए। इस चुनाव में रसीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद कांग्रेस-सपा गठबंधन से प्रत्याशी हो सकते हैं। दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व उनके नाम पर मोहर लगा चुका है।

सहारनपुर लोकसभा में महिला सांसद भेजने में तो नाकाम रहा है लेकिन जहां तक विधानसभा का सवाल है तो कई महिलाएं जैसे दलित समाज की शकुंतला देवी, विमला राकेश, राजपूत समाज से शशिबाला पुंडीर, रानी देवलता, बसपा प्रमुख मायावती और सत्तो देवी विधायक रही हैं। शकुंतला देवी कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री रही हैं। वह चार बार विधायक बनीं। विमला देवी विपक्ष में रहीं और छह बार विधायक चुनी गईं। सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर से बहन मालती शर्मा भाजपा की ओर से राज्यसभा सदस्य रही हैं। वहां से भी कभी कोई महिला लोकसभा में नहीं गई है। पड़ौस की बिजनौर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री मायावती, लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस की मीरा कुमार और ओमवती तीनों दलित समुदाय से सांसद चुनी गईं और बिजनौर की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

18वीं लोकसभा के चुनाव में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से कोई भी महिला उम्मीदवार नहीं है। केंद्र सरकार ने आगामी चुनावों के लिए महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण का कानून बना दिया है। लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद दयनीय है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में थोड़ी-बहुत ही कम है लेकिन उनकी मतदान में भागीदारी पुरूषों से कहीं भी पीछे नहीं है।

युवा व महिला के हाथ सियासी घमासान की बागडोर

- बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

- दोनों वर्गों को साधने के लिए राष्ट्रीय दलों का गणित हुआ तेज
- छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से महिला मतदाता अधिक

महिला मतदाताओं की संख्या में कितना हुआ इजाफा

जिला	2019	2024	कुल वृद्धि
अल्मोड़ा	2,57,573	2,60,529	2,956
पिथौरागढ़	1,84,143	1,85,292	951
बागेश्वर	1,02,701	1,06,647	3,946
चंपावत	91,090	98,209	7,119
कुल	6,35,705	6,50,677	14,972

चारों जिलों में युवा मतदाताओं की स्थिति

18 से 19 साल	21,000 से अधिक
20 से 29 साल	2,60,000 के पार
30 से 39 साल	3,37,000 के ऊपर

लोकसभा चुनावों की तिथि और मुख्य राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब सियासी दलों ने भी अपने राजनीतिक दावपेच चलने शुरू कर दिए हैं। कुमाऊं के चार पहाड़ी जिलों वाली अल्मोड़ा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहा है। इसलिए इस बार भी दोनों राष्ट्रीय दल एक दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयार बैठे हैं। अगर बात सत्ता की बागड़ोर की करें तो इस सीट पर इसका फैसला यहां की महिला और युवा मतदाता करेंगे। क्योंकि चार इस सीट पर सबसे अधिक संख्या महिला और युवा मतदाताओं की है।

हिमालयन रीजन की अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर इस बार कुल 13,59,815 मतदाता हैं। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 6,50,677 है। जो करीब कुल मतदाताओं का 48 फीसद के आसपास है। चौदह विधानसभाओं वाली इस सीट में से छह विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से काफी अधिक है। इससे भी मजबूत स्थिति इस सीट पर अलग-अलग आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की भी है। ऐसे में इन दो वर्गों का रुझान जिस दल की तरफ सबसे अधिक होगा। जीत का परचम लहराने में उसी दल को कामयाबी मिलेगी। इसलिए सियासी दलों की नजर महिला और युवा मतदाताओं पर सबसे अधिक है। सियासी दल इन चुनावों के प्रति महिलाओं और युवाओं में उत्साह जगाने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

इस चुनाव में बढ़ गई 15 हजार के करीब महिला मतदाता

अल्मोड़ा सीट पर इस बार कुल 6 लाख 50 हजार से अधिक महिला वोटर्स हैं। यह आंकड़ा बीते लोकसभा चुनावों को देखते हुए तकरीबन 15 हजार अधिक है। अल्मोड़ा जिले में 2,60,529 महिला मतदाता हैं। पिथौरागढ़ जिले में 1,85,292, बागेश्वर जिले में 106647 और चंपावत जिले में 98209 महिला मतदाता हैं। सबसे कम महिला मतदाता वाले जिले चंपावत में पिछली बार के बजाय इस बार सबसे अधिक 7119 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

चार दशक पहले बदली राजनीति फिर पटरी पर नहीं लौटी

- राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- अयोध्या के इर्द गिर्द घूमती रही सूबे की सियासत
- आंदोलन के समांनांतर चला जातीय सियासत का दौर
- भगवा संग विकास ने बदल दी सियासी तस्वीर

अमृत विचार: चार दशक पहले प्रदेश की राजनीति बदली तो फिर पटरी पर नहीं लौटी। सत्ता और सियासत, अयोध्या के इर्द-गिर्द घूमती रही। कई उतार-चढ़ाव आए। राम मंदिर आंदोलन के समांनांतर जातीय सियासत का दौर चला तो सत्ता आती-जाती रही। तीन दशक तक प्रदेश की सियासत में पहले जैसी स्थिरता नहीं रही। भगवा संग विकास ने एक बार फिर प्रदेश को सियासत की नई दिशा दी है।

सियासी उथल-पथल का यह दौर अयोध्या से ही शुरू होता है। राम मंदिर निर्माण को लेकर साल 1984 में अयोध्या से दिल्ली के लिए रथयात्रा निकली। उस दौरान प्रदेश में प्रचंड बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के चलते यात्रा रोकनी पड़ी, लेकिन आंदोलन की तासीर गर्म ही रही। उन दिनों कांग्रेस के साथ जनता दल की रस्साकशी शुरू हो गई थी। 1989 में प्रदेश के चुनाव में मंदिर आंदोलन और मंडल कमीशन की सियासत कुछ इस तरह गरमाई की विधानसभा चुनाव में जनता दल 208 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस को झटका लगा। वह 54 पर ठहर गई। बीजेपी का 57 सीटों के साथ उदय हुआ। मंदिर आंदोलन परवान चढ़ा। अयोध्या छावनी बनी। 30 अक्टूबर व 2 नवंबर 1990 की घटनाओं ने कई मायनों में नया इतिहास रच दिया। जनमानस को झकझोरा।

वर्ष 1991 के चुनाव में रामलहर ने भाजपा को 425 में से 221 सीटों तक पहुंचा दिया। जनता दल जेडी 92 पर सिमट गई। यह दौर आंदोलन के चरम का था। राजनीति के महारथियों ने आंदोलन से उपजी सहानुभूति को रोकने की कोशिश शुरू कर दी। जातीय सियासत के चलते बसपा और सपा का प्रभाव बढ़ा। 1996 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। आंदोलन के बावजूद भाजपा 174 पर ठहर गई। सपा के 110 के साथ बसपा ने 67 सीटें हथिया लीं। साझा सरकारों का दौर शुरू हुआ। सत्ता की चासनी में सियासत करवट लेने लगी। अयोध्या के मंदिर आंदोलन से शुरू हुए दो ध्रुव भाजपा और सपा के साथ बसपा कदमताल करने लगी। 2002 का चुनाव आते-आते जातीय समीकरणों ने भगवा ब्रिगेड को 88 सीटों पर समेट दिया। आमने-सामने सपा और बसपा आ गईं। सपा के 143 के सामने बसपा 98 सीटों के साथ खड़ी हो गई। वोटों के आंकड़ें बताते है कि अंतरधारा में अयोध्या आंदोलन का प्रभाव बरकरार रहा, लेकिन बसपा की जातीय सियासत ने पांच साल में सपा को भी पीछे छोड़ दिया। नए ध्रुव के रूप में 2007 में बसपा 206 सीटों के साथ सत्ता में पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन के साथ खड़ी भाजपा 51 पर और विरोध करने वाली सपा 97 पर ठहर गई, लेकिन राजनीति की अंतरधारा में इन दोनों के टकराव ने अयोध्या को केंद्र में बनाए रखा। जातीय समीकरण के साथ आंदोलन पर सपा के रुख का प्रभाव बढ़ गया। 2012 में सपा सत्ता की शीर्ष पर फिर एक बार पहुंच गई। उसे 224 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिला गया। 80 सीटों के साथ बसपा सत्ता से फिसल गई। 1991 में 221 सीटें हथियाने वाली भाजपा 47 पर आ गई।

क्रिकेट के खेल और राजनीति में कुछ भी संभव है। यह 2017 के विधानसभा चुनाव में दिखा। राम मंदिर आंदोलन की पृष्टभूमि और विकास के नए नारे ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्तासीन कर दिया। असर यह हुआ कि 2017 में एक बार फिर भाजपा को प्रदेश में सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। ऊफान पर चढ़ी जातीय सियासत जमीन की ओर लुढ़कने लगी। सत्ता में रहने वाली सपा 47 सीटों पर सिमटी तो बसपा का हाल इससे भी खराब रहा, वह 19 पर अटक गई। विकास और भगवा का चटख रंग न केवल केंद्र बल्कि प्रदेश में बरकरार रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भगवा बिग्रेड 255 सीटों के साथ सत्ता पर काबिज रह गई। सपा 111 तक पहुंच पाई। बसपा परिदृश्य से ओझल होने की स्थिति में पहुंचने लगी। 90 के दशक के पहले राजनीति के एक ध्रुव पर कांग्रेस और दूसरे ध्रुव पर विपक्षी हुआ करते थे लेकिन अयोध्या की सियासी ऊर्जा ने कांग्रेस और विपक्ष के बीच होने वाली सियासी जंग को अतीत की बात तक सीमित कर दिया। 40 साल बाद भी उत्तर प्रदेश की राजनीति उस दौर में नहीं लौट पाई।

लोस चुनाव के लिए आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष

नई दिल्ली

चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग निवासियों को लोकसभा आम चुनाव, 2024 में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय (अन्वेषण), दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित / संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सर्राफा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के संबंध में, अन्य उपायों में, निदेशालय ने सिविक सेन्टर, नई दिल्ली में नियंत्रण कक्ष खोला है एवं एक टोल-फ्री नंबर 1800112300, लैंडलाइन नंबर 011-23232312/31/67/76 और मोबाईल नंबर 9868168682 भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति एनसीटी दिल्ली में बेहिसाब नकदी, बूलियन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की संदिग्ध आवाजाही/वितरण के संबंध में आयकर विभाग से बातचीत कर सकता है और जानकारी भी दे सकता है। निवासी टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, और फोन करने वाले को नियंत्रण कक्ष के समक्ष किसी भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान के अन्य विवरण, का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्राप्त जानकारी विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य हो।

नियंत्रण कक्ष आदर्श आचार संहिता की संपूर्ण अवधि के दौरान दिल्ली में क्रियाशील रहेगा यानी आम चुनाव, 2024 की घोषणा की तारीख से, जब तक दिल्ली में ये खत्म नहीं हो जाते। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के साथ नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे दिल्ली एनसीटी के संबंध में, प्रासंगिक जानकारी उपर्युक्त नंबरों के माध्यम से निदेशालय से साझा करके, अपनी सहायता प्रदान करे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। (एजेंसी)

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,101.69	21,839.10
बढ़त	89.64	21.65
प्रतिशत में	0.12	0.10

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 21 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1175, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

डायरेक्ट सेलिंग 21 हजार करोड़ रुपये के पार

आईडीएसए की सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ खुलासा, भारत में कुल 86 लाख हैं विक्रेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गई है।

आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था। वहीं भारत में इस कारोबार में कुल 86 लाख विक्रेता शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का योगदान क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुए हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

वैश्विक रैंकिंग में भारत 11वें स्थान पर पहुंचा

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा-मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत वृद्धि दर के बलबूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था।

गूगल के खिलाफ भारतीय ऐप कंपनियों की याचिका खारिज

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ऐप के माध्यम से भुगतान पर 11 से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की गूगल की नई प्ले स्टोर बिलिंग नीति के खिलाफ दायर भारतीय ऐप कंपनियों की चार याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। भारतीय ऐप कंपनियों ने आरोप लगाया कि गूगल की प्ले स्टोर नीतियां प्रतिस्पर्धा-रोधी हैं। हालांकि, सीसीआई ने स्पष्ट किया कि इस आदेश में कही गई कोई भी बात मामले के गुण-दोष पर राय की अंतिम अभिव्यक्ति के समान नहीं होगी और महानिदेशक यहां की गई टिप्पणियों से किसी भी तरह प्रभावित हुए बिना जांच करेंगे। सीसीआई ने अपने आदेश में कहा-आयोग का मानना है कि इस बारे में याचिका दायर करने वाले शीर्ष कोर्ट द्वारा प्रस्तावित अंतरिम राहत देने के लिए मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

नौकरियों के सृजन के लिए 8% की वार्षिक वृद्धि दर रखने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक सुब्रमण्यम ने कही बात

भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा-भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200-50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,850
सोना जेवरात गिन्नी	64,850
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,900।

4जी यूजरों के मुकाबले 5जी यूजरों का औसतन डाटा उपभोग 3.6 गुना अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान 15 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट कहती है, 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में लगभग 3.6 गुना अधिक मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। 2023 में उपयोगकर्ताओं ने 17.4 एक्साबाइट प्रति माह की खपत की। पिछले पांच साल की तुलना में डेटा इस्तेमाल की सालाना वृद्धि 26 प्रतिशत रही है। एक एक्साबाइट एक अरब गीगाबाइट (जीबी) के बराबर होता है। 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का हिस्सा 15 प्रतिशत रहा। नोकिया इंडिया के विपणन और कॉरपोरेट मामलों के प्रमुख अमित मारवाह ने कहा-भारत में डेटा की खपत साल-दर-साल आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 17.4 एक्साबाइट प्रतिमाह हो गई है।

खराब गुणवत्ता वाली चाय के आने से छोटे उत्पादक चिंतित

कोलकाता। छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है। चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए जरूर चलाया जाना चाहिए।

भारत में सबसे अमीर 1%आबादी के पास 40% संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2000 के दशक से लगातार बढ़ रही है आर्थिक असमानता

भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है।

'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी (पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब), लुकास चांसल (हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) और नितिन कुमार भारती (न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) द्वारा लिखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, "2022-23 तक सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों का आय और संपदा में हिस्सा ऐतिहासिक उच्चस्तर क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत पर था। भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है। यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।" रिपोर्ट में कहा गया कि शुद्ध संपत्ति के नजरिये से भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी नजर आती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक आंकड़ों की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। इसमें कहा गया है कि भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी का आमदनी में हिस्सा ऊंचे स्तर पर है।

राष्ट्रीय

राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की पड़ती है जरूरत : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में राहुल गांधी पर कसा तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है। मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, ''स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा... और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर एक बार लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने और एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में कारोबारी चुनाव संपन्न होने तक बड़े आयोजनों को टाल देते हैं लेकिन आम चुनावों की घोषणा के कुछ दिन बाद तीन दिवसीय महाकुंभ में स्टार्ट-अप उद्यमियों और उस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों का विशाल जमावड़ा आने वाली चीजों का संकेत है। उन्होंने 19 अप्रैल से चार जून तक होने वाले आम चुनावों के बाद भी शासन में बने रहने का विश्वास जताते हुए कहा-आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने जा रहा है।

भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा-हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें। उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा-एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए।

मोदी की गारंटी एक विश्वासघात है: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश को लेकर दी गई 'मोदी की गारंटी' एक विश्वासघात है तथा यह 'चीनी गारंटी' है। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी की चीनी गारंटी! लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा की मांग के पक्ष में समर्थन की एक मजबूत लहर है।

कांग्रेस ने विभिन्न राज्यों के लिए उम्मीदवारों को लेकर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीईसी की बैठक संपन्न, जल्द जारी होगी तीसरी सूची

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने मंगलवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की। पार्टी के प्रत्याशियों की तीसरी सूची जल्द जारी हो सकती है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व वाली सीईसी ने राजस्थान के लिए सात सीट पर उम्मीदवारों की नाम पर मुहर लगाई है। पार्टी राजस्थान के लिए पहले ही 10 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने सीईसी की बैठक के बाद कहा कि आज राज्य की 12 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे दिया गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "हमने महाराष्ट्र की कम से कम 18-19 सीट पर चर्चा की है। हमने कम से कम 12 सीट 'फाइनल' कर ली हैं। कल सुबह हमारी शरद पवार और उद्धव ठाकरे के साथ बैठक है। अंतिम चर्चा होगी और कल या परसों तक सभी सीट की घोषणा कर दी जाएगी।" सूत्रों का कहना है कि सीईसी ने गुजरात के लिए भी सात उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 82 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में राहुल गांधी का नाम भी शामिल था जो केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

आयकर विभाग के अफसरों ने टीएमसी नेता के घर की ली तलाशी

कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारी तृणमूल कांग्रेस नेता स्वरूप विश्वास के आवास की तलाशी ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्वरूप विश्वास के भाई अरूप विश्वास पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार में मंत्री हैं। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी 12 घंटे से अधिक समय से चल रही है तथा यह कार्रवाई दो रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा कथित रूप से कर चोरी किए जाने की जांच का हिस्सा है। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया-आयकर विभाग की जांच शाखा के अधिकारी शहर में स्वरूप विश्वास से संबंधित पांच ठिकानों की तलाशी कर रहे हैं। जिन ठिकानों की तलाशी की जा रही है उनमें से कुछ न्यू अलीपुर और बेहाला इलाके में हैं।

एक नजर

मणिपुर के राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे। वे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गए थे। जब वे वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने बुधवार सुबह करीब छह बजे बच्चों के शव नदी में खोज निकाले।

संधू हत्या: 2 आरोपियों की संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली। एनआईए ने शौर्य चक्र से सम्मानित बलविंदर सिंह संधू की हत्या में शामिल दो आरोपियों की कई अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि पंजाब में प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के सदस्यों द्वारा संधू की हत्या की साजिश में शामिल दो आरोपियों की कई संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

सियासी गर्मी बढ़ी, एबीवीपी के विरुद्ध वाम दलों ने बनाया संयुक्त मोर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

जेएनयू छात्र संघ चुनाव

- 22 मार्च होगा मतदान और मतगणना 24 मार्च को

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में कई सियासी दिग्गज भी गहरी रुचि ले रहे हैं। भाजपा समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सभी पदों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। उनके शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए वामपंथी दलों ने इस बार संयुक्त मोर्चा गठित कर अपने उम्मीदवारों का प्रचार शुरू किया है। मतदान 22 मार्च एवं मतगणना 24 मार्च को होगी।

जेएनयू छात्र संघ में शुरू से ही वाम दलों के छात्र संगठनों का कब्जा रहा है। लेकिन 2019 के चुनाव में जिस तरह से एबीवीपी ने छात्रों के बीच घुसपैठ बनाई थी और इस बार सभी पदों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव अभियान छेड़ा है। उसका मुकाबला करने के लिए वाम दलों के प्रमुख छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक स्टूडेंट फेडरेशन (डीएसएफ), एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) ने संयुक्त मोर्चा का गठन कर छात्र संघ में कब्जा करने के लिए साझा मंच तैयार किया है।

एबीवीपी ने उमेश चंद्र अजमीरा-अध्यक्ष, दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, अर्जुन आनंद-महासचिव एवं गोविंद दांगी को संयुक्त सचिव के पद पर उम्मीदवार बनाया है। एबीवीपी नेता विकास पटेल के मुताबिक छात्र संघ में काउंसलर के 42 पदों के लिए भी उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

वहीं वाम दलों के संयुक्त मोर्चा ने धनंजय को अध्यक्ष, अभिजीत घोष को उपाध्यक्ष, स्वाति सिंह को महासचिव एवं साजिद को संयुक्त सचिव पद का उम्मीदवार बनाया है। अभी तक चुनाव प्रचार के दौरान दोनों गुटों के बीच कई बार तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी हैं और मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। कुछ लोगों ने प्रत्याशियों की आयु सीमा बढ़ाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था। दोनों गुटों ने जवाबी शक्ति प्रदर्शन करते हुए मसाल जुलूस भी निकला है। जिसमें भारी संख्या में छात्रों की भीड़ देखने को मिली।

राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची, एजेंसी

मानहानि मामला

झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

कांग्रेस ने कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उसके खिलाफ कर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही किए जाने के विरोध में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस मामले का उल्लेख राजनीतिक दल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया, जो इसे बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोरा भी शामिल हैं। वकील ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार साल का मूल्यांकन फिर से खोला है। साथ ही उन्होंने अदालत से याचिकाओं को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीन अलग-अलग वर्षों से संबंधित ऐसी तीन याचिकाएं आज सुनवाई के लिए पहले से ही सूचीबद्ध हैं।

बीआरएस नेता कविता को बेटों और मां से मिलने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को अपने दो बेटों, मां और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की अनुमति दे दी है। कविता फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने कविता की ओर से पेश अधिवक्ता नीतेश राणा द्वारा दायर आवेदन पर यह आदेश पारित किया। वकील ने अनुरोध किया था कि पिछले आदेश के अनुसार आरोपी से मिलने की अनुमति पाने वालों की सूची में परिवार या संबंधियों के सात और नाम जोड़े जाएं।

मुफ्त सौगात संबंधी याचिका पर सुनवाई करने को कोर्ट सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का किया गया अनुरोध

उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा-यह महत्वपूर्ण है। हम इसे कल लेंगे।

शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ पाने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि ये संविधान की अवहेलना करते हैं और इस मामले में निर्वाचन आयोग को उचित कदम उठाने चाहिए। इसमें अदालत से यह घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक तरीके से मुफ्त सौगातों का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को अवरुद्ध करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को नुकसान पहुंचाता है।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। उसने कहा-यह अनैतिक प्रवृत्ति सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान ही है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों तथा परंपराओं के संरक्षण के लिए इससे बचना चाहिए।

सूर्यकुमार आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार

अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

दुबई, एजेंसी

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं। सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है । वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिये। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढकर 55वें स्थान पर है। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढकर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढकर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढकर 77वें स्थान पर हैं। टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष पर बने हुए हैं।

राहुल के आईपीएल में अच्छे खेल से टी20 विश्व कप टीम में जगह होगी पक्की

नयी दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिये। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनायेंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'' राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं। लैंगर ने कहा, ''केएल या बिश्नोई के लिये साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिये अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढेंगे।'' लखनऊ टीम के पूर्व मेंटोर गौतम गंभीर अब केकेआर से जुड़ गए हैं। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट के दौरान उनसे टक्कर देखने को मिल सकती है, लैंगर ने कहा कि वह टीम के लिये गंभीर के योगदान के प्रशंसक हैं।

भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

लुसाने। भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था। वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त चौथे स्थान पर है ।

नया कलेवर बुधवार को चेन्नई में आईपीएल टीम की नई जर्सी के लांच के दौरान साथी खिलाड़ियों फाफ डु प्लेसिस, मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल के साथ विराट कोहली। ● एजेंसी

गुजरात ने संदीप को टीम में रखा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट के लिए चोटिल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह पर केरल के मध्यम गति के गेंदबाज संदीप वारियर को अपनी टीम में शामिल किया है। शमी ने हाल में अपने दाहिनी एड़ी का ऑपरेशन करवाया था। इस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। जहां तक वारियर की बात है तो इस 32 वर्षीय खिलाड़ी में 2019 से लेकर अभी तक आईपीएल में पांच मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 7.88 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट हासिल किए हैं। गुजरात ने उन्हें आधार मूल्य 50 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है।

मुंबई इंडियंस ने क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बुधवार को श्रीलंका के चोटिल तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया। श्रीलंका का 23 वर्षीय तेज गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गया था। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4 .6 करोड रुपए में खरीदा था। दक्षिण अफ्रीका के मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है लेकिन इस 17 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अंडर 19 विश्व कप में 9 .71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

खेल डायरी

जारा को क्वीन सिरिकिट कप में संयुक्त बढ़त

क्राइस्टचर्च। भारतीय गोल्फर जारा आनंद ने कड़ाके की सर्दी के बीच यहां खेले जा रहे 44वें क्वीन सिरिकिट कप के पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर करके संयुक्त बढत बना ली। पंद्रह वर्ष की जारा को 2023 विजेता अवनि प्रशांत के नाम वापिस लेने के बाद भारतीय गोल्फ यूनियन ने टूर्नामेंट में जगह दी। वह चीनी ताइपै की चुन वेइ वू और जापान की ऐना फुजिमोतो के साथ शीर्ष पर है। भारत की विधात्री उर्स संयुक्त 20वें और हीना कांग संयुक्त 32वें स्थान पर है। टीम वर्ग में भारत छठे स्थान पर है जबकि चीनी ताइपै शीर्ष पर है।

त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल (स्विटजरलैंड)। भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड ओपन से पहले दौर में बाहर हुई भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में 21-15, 21-12 से जीत दर्ज की। महिला युगल में तीन अन्य भारतीय जोड़ियों को पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा।

डोपिंग प्रतिबंध के बाद लौटी हालेप पहले दौर में हारीं

मियामी गार्डन्स। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिये जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया।

ओलंपिक के उद्घाटन में भाग नहीं लेंगे रूस-बेलारूस

जिनेवा। रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आयेंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

सीरीज स्थगित होने से अफगान बोर्ड निराश

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने पर निराशा व्यक्त करते हुए वैकल्पिक समाधान तलाशने का आग्रह किया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एसीबी ऑस्ट्रेलियाई सरकार से आग्रह करता है कि वह अपनी नीतियों को क्रिकेट बोर्डों पर थोपे के बजाय सभी क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने कहा कि एसीबी का शीर्ष प्रबंधन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत में शामिल हुआ था और सार्वजनिक रूप से वापसी की घोषणा करने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का प्रस्ताव रखा था। एसीबी के बयान में कहा गया है कि स्थगित टी-20 श्रृंखला को सीए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

24 मार्च को मनेगा विश्व कबड्डी दिवस

चंडीगढ़। हरियाणा के पंचकूला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में 24 मार्च को विश्व कबड्डी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगें। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) और विश्व कबड्डी संगठन इस वर्ष के आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन कर रहे हैं। एचआईपीएसए की अध्यक्ष सुश्री कॉथी डी सुरेश ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना है।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को तैयार

नयी दिल्ली, एजेंसी

खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। एक न्यूज चैनल के सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है।'' उन्होंने कहा, ''हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है।'' उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे।

चुनाव में खेल संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा डब्ल्यूएफआई

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) यह सुनिश्चित करेगा कि गुजरात, तेलंगाना और उत्तराखंड में आगामी राज्य संघ के चुनावों में खेल संहिता का पालन किया जाए। वह 27 मार्च से राष्ट्रीय शिविर बहाल करने के लिए भी तैयार है। राजस्थान जैसे कई राज्य संघों में 70 साल की निर्धारित आयु से अधिक उम्र के पदाधिकारी काम कर रहे थे। डब्ल्यूएफआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव में उम्र और कार्यकाल से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

विराट कोहली से मिलना मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'परपल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला। इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी

खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। उन्होंने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ''उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था।'' उन्होंने लिखा, ''विराट ने कहा, ''हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'' श्रेयांका को आरसीबी ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में उनके बेसप्राइज 10 लाख रूपये में लिया था।

सिंधु, श्रीकांत और लक्ष्य स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते ही बुधवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां 2022 में खिताब जीतने वाली सिंधु ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जापान की तोमोका मियाज़ाकी से मुकाबला सुनिश्चित किया।

मुकाबले में भारत की नजरें तीन अंकों पर

आभा (सउदी अरब), एजेंसी

फीफा विश्व कप क्वालीफायर

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को जब फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। हालांकि मिडफील्डर सहल अब्दुल समद इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है ।

बॉलीवुड हलचल

विवादों में फंसी खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती'

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आगामी फिल्म 'रंग दे बसंती' रिलीज से पहले विवादों में फंसी हुई है। इसे 22 मार्च को होली के मौके पर रिलीज किया जाना था लेकिन अपने टाइटल की वजह से ये सर्टिफिकेशन बोर्ड में अटक गई। फिल्ममेकर रौशन सिंह ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में अब कोर्ट की ओर से सीबीएफसी को आदेश दिया है कि वो मामले को 10 दिनों के अंदर ही निपटाएं। खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती' को पहले यूनिवर्सल सर्टिफिकेट दिया गया था और बाद में सीबीएफसी के अध्यक्ष प्रसून जोशी के रवैये के कारण फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई। ट्रेड पंडितों के अनुसार बताया जा रहा है कि रिलीज डेट टलने से इस फिल्म को करीब 10 करोड़ का नुकसान हुआ है। 'रंग दे बसंती' के निर्माता रौशन सिंह ने प्रसून जोशी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने जानबूझकर सेंसर प्रक्रिया में देरी की।

लाल साड़ी और मांग में सिंदूर में दिखीं रश्मिका मंदाना

मुंबई, एजेंसी। साउथ सिनेमा के स्टार अल्लू अर्जुन और एनिमल फिल्म की फेम रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे इसी साल यानी कि 15 अगस्त, 2024 के मौके पर रिलीज किया जाना है। इसी बीच एक बार फिर से फिल्म सुर्खियों में आ गई है। इससे एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक लीक हो गया है। मूवी के सेट से एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सामने आया है। इसमें उन्हें देखते ही बन रहा है। रश्मिका से पहले अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया जा चुका है, जो काफी एक्साइटिंग कर देने वाला है। सोशल मीडिया पर सामने आए रश्मिका मंदाना के लुक में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस 'पुष्पा 2' के सेट पर लाल साड़ी और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। इसमें उनका लुक देखते ही बन रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वो पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। इसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकती हैं माधुरी दीक्षित

मुंबई, एजेंसी। कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' आजकल सुर्खियों में है। फिल्म में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी के बाद अब एक और नाम सामने आया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री भी हो सकती है। हालांकि अभी मेकर्स ने इस बात पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है। 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी से पूछा गया कि क्या 'भूल भुलैया-3' में माधुरी दीक्षित नजर आ सकती हैं? इस पर डायरेक्टर बोले- जो भी होने वाला है, हम खुद बताएंगे। तृप्ति और विद्या के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। फिल्म की कुछ और कास्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर घर के मंदिर के सामने सिर झुकाए एक फोटो शेयर की थी। जिसमें उन्होंने कैप्शन लिखा था- आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। 'भूल भुलैया-3' का शुभारंभ। 'भूल भुलैया 2' को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। इसमें कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी लीड रोल में थे। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 2007 में आई 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

संघर्ष विराम में कूटनीति ही आगे का रास्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुतिन और जेलेंस्की से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर की बात, जंग और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और रूस के विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

बता दें, दोनों नेता आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। फोन पर हुई मोदी और पुतिन की बातचीत के दौरान भारत और रूस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों शीर्ष नेताओं के बीत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद पुतिन के विरोधियों का जनाधार बेहद खोखला रहा, ऐसे में पुतिन को बड़ी जीत हासिल हुई है। 87 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज करने वाले पुतिन बीते दिनों विपक्ष के नेता नवलनी की मौत के कारण भी विवादों में घिरे थे।

मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। यूक्रेन-रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

चीन की चाल पर भारी पड़ रही भारत की नीति

1,126 किमी लंबी सीमा अरुणाचल प्रदेश की चीन से लगती है

जून, 2020 में लद्दाख के गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुई तनातनी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। अब हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरे के बाद चीन बौखला गया है। एक ओर चीन कभी इस राज्य के कई इलाकों के नाम बदलता है तो कभी केंद्रीय नेताओं के दौरे और जी 20 की बैठक पर आपत्ति जताता रहा है। अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी लंबी सीमा चीन से लगी है। आईए जानते हैं क्या मामला...



सेला सुरंग के निर्माण से बौखलाया चीन

अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा के पास सेला सुरंग का निमार्ण हुआ है। सीमा पर सुरंग के निर्माण से चीन बौखलाया गया है। बता दें, इस सुरंग का निर्माण 825 करोड़ में हुआ है, जो तेजपुर से तवांग को जोड़ने वाली सड़क पर पश्चिम कामेंग जिले में 13,700 फीट की ऊंचाई पर है। इसकी आधारशिला फरवरी 2019 में रखी थी। सेला सुरंग भारत की सबसे ऊंची पहाड़ी सुरंग सड़क है जो भारतीय सेना को अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के बीच विवादित सीमा तक हर मौसम में संपर्क बनाए रखने में मदद करेगी। इस सुरंग के प्रोजेक्ट को अंजाम सीमा सड़क संगठन ने दिया है, जिसमें दो सुरंगें और एक लिंक रोड शामिल है।

बकवास है चीन का अरुणाचल पर दावा

चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता आया है। वहीं, चीन के इस दावे को भारत ने हमेशा नकारा है। एक बार फिर ड्रैगन के इस दावे को भारत सरकार ने बकवास बताया है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से चीन के साथ अरुणाचल प्रदेश का कोई संबंध नहीं है। वहीं, यह राज्य भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "ऐतिहासिक रूप से हमारा चीन के साथ कोई जुड़ाव या संबंध नहीं है। इसलिए अरुणाचल के चीन का हिस्सा होने का कोई सवाल ही नहीं है। राज्य के क्षेत्र पर दावा करने से जमीन पर स्थिति नहीं बदलेगी। हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अरुणाचल प्रदेश एक भारतीय क्षेत्र है। रिजिजू ने कहा, अपने क्षेत्र को विकसित करना हमारा संप्रभु अधिकार है और कोई भी हम पर आपत्ति नहीं कर सकता हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था, जिसके बाद चीन बौखला उठा। चीन के विदेश मंत्रालय वांग वेनबिन ने कहा कि इससे भारत-चीन का सीमा विवाद और बढ़ेगा।

भारत का रुख

भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन की ओर से क्षेत्र नया नाम गढ़े जाने के कदम को खारिज किया है और कहा है कि इससे सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आया है।

चीन क्यों करता है अरुणाचल पर दावा

अब सवाल ये है कि आखिर चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा क्यों करता है। अरुणाचल को 1987 में एक राज्य बनाया गया था। दरअसल अरुणाचल ने जब से तिब्बत पर कब्जा किया, उसके बाद से ही वो अरुणाचल पर अपना दावा पेश करता है और इसे साउथ तिब्बत बोलता है। तिब्बत पर चीन के कब्जे को लेकर दुनियाभर में बहस है। खुद दलाई लामा तिब्बत को चीन का हिस्सा बताने से इनकार करते हैं और इसे चीन की दादागीरी बताते हैं। ऐसे में चीन का तिब्बत के सहारे अरुणाचल पर दावा करना काफी खतरनाक माना जा रहा है।

एक नजर

प्रधानमंत्री मोदी की भूटान यात्रा खराब मौसम के कारण स्थगित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूटान की प्रस्तावित राजकीय यात्रा खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। अब दोनों पक्ष इस दौरे वार्ता के लिए नई तारीखों पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बुधवार कहा-भारत सरकार की 'पड़ोसी प्रथम नीति' के तहत मोदी गुरुवार से दो दिवसीय यात्र पर भूटान जाने वाले थे, लेकिन खबरा मौसम के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई। बता दें, पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में बुधवार से भारी वर्षा हो रही है और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बिहार, झारखंड, उत्तर पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है।

पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर गोलीबारी, आठ आतंकी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।

बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान धंसी 12 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि ये विस्फोट काफी शक्तिशाली था। इसके कारण कोयला खदान धंस गई और 12 लोगों की जान चली गई। अधिकारी के अनुसार, इस हादसे के बाद लगभग आठ लोगों को खदान से बचाया गया है। मीडिया के मुताबिक, यह घटना हरनाई जिले के जरदालो इलाके में हुई। अब्दुल गनी बलूच ने कहा कि दो शवों को रात में ही खदान से बरामद किया गया और बाकी 10 शवों को बुधवार सुबह निकाला गया है।

लद्दाख को राज्य का दर्जा की मांग को लेकर लोगों ने निकाला मार्च

करगिल। लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के समर्थन में हजारों लोगों ने बुधवार को मार्च निकाला जिसके कारण दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। शिक्षासुधारक सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) के आह्वान के जवाब में बड़ी संख्या में लोगों ने फातिमा चौक से हुसैनी पार्क तक एक मार्च निकाला।

तालिबानी फौज का चेकपोस्ट पर कब्जा, पाकिस्तानी सैनिक भागे

पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक का अफगानी जवाब, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में डूरंड लाइन पर तकरार और बढ़ गई है। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के बाद तालिबानी फौज ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मंगलवार को तालिबान शासकों की फौज ने पाकिस्तान की सैन्य चौकी पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी फौजी इस चौकी से पीछे हट गए हैं। यह पोस्ट पाक के उत्तर-पूर्वी बजीरिस्तान इलाके के कुर्रम में है।

मीडिया के मुताबिक, अफगानी फौज ने भारी मोर्टार से बमबारी की और सैनिक हमले से चेकपोस्ट पर कब्जा किया। बजीरिस्तान इलाके में पाकिस्तान की कई सैन्य चौकी हैं, स्थिति और न बिगड़े, इसलिए पाकिस्तानी सेना ने वहां से जवानों को हटा लिया। दो दिन पहले ही पाक के जेएफ- 17 लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान में खोस्त और पकटिका इलाकों में भारी बमबारी की थी। इसके बाद अफगान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाक के हमले में 8 महिलाओं और कुछ बच्चों की मौत हुई है और हम पाक से बदला जरूर लेंगे। इसीलिए अफगान फौज ने मंगलवार तड़के डूरंड लाइन पर घातक हमला किया।

पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा: शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति से रहना चाहेगा। आपको बता दें कि पाकिस्तान में आतंकवाद से निपटने के लिए शीर्ष अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समिति की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद के रूप में नए खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उनका देश पड़ोसी देशों द्वारा सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसी किसी भी हरकत का जवाब कड़ी कार्रवाई से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़े। हम अपने पड़ोसी भाइयों के साथ व्यापार करना चाहते हैं और अपने संबंधों का विस्तार करना चाहते हैं लेकिन दुर्भाग्य से, अगर किसी पड़ोसी की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जाता है, तो इसे सहन नहीं किया जायेगा।



दोनों देशों के बीच कैसे शुरू हुआ संघर्ष

दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष की शुरुआत शनिवार (16 मार्च) को हुई। दरअसल, शनिवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मीर अली में एक आत्मघाती हमलावर ने अपने विस्फोटक से भरे ट्रक को एक सैन्य चौकी में घुसा दिया। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। इस घटना में सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसकी जवाबी गोलीबारी में सभी छह हमलावरों को मार गिराया गया। हमले की जिम्मेदारी हाल ही बने आतंकी समूह जैश-ए-फुरसन-ए-मुहम्मद ने ली। कहा गया कि इस समूह को मुख्य रूप से पाकिस्तानी तालिबान टीटीपी के सदस्यों ने बनाया है। प्रतिबंधित टीटीपी के निशाने पर अक्सर पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसकर्मी रहे हैं।

पाक सेना ने अफगानी अफसरों को निकाला

पाकिस्तान ने खुलासा किया कि सेना में दो ऑफिसर रैंक के अफगान नागरिक थे। इन्हें निकाल दिया गया है। ये अफसर अवैध अप्रवासियों के खिलाफ पाक के अभियान में शामिल थे। संघर्ष को लेकर अमेरिका ने नसीहत दी है कि, पाक धैर्य दिखाए। अफगानिस्तान भी अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकी हमलों में करने से रोके।

अब कैबिनेट वेतन की कटौती से आर्थिक तंगी सुधारेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बाद अब कैबिनेट मंत्रियों के वेतन की कटौती से पाकिस्तान आर्थिक हालात सुधारेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने देश की खस्ता आर्थिक स्थिति को देखते हुए वेतन न लेने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक सरकार ने अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगाने का फैसला लिया है। इस मकसद से सरकार की मितव्ययिता नीतियों के तहत मंत्रिमंडल की बैठक में वेतन और उससे जुड़े तमाम लाभ को छोड़ने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि आर्थिक संकट की गंभीरता को देखते हुए शहबाज शरीफ का मंत्रिमंडल सरकार की तरफ से वित्त पोषित विदेश यात्राओं को प्रतिबंधित करने का एलान भी कर चुकी है। सरकार ने संघीय मंत्रियों, सांसदों और सरकारी अधिकारियों को विदेश यात्राओं पर नहीं जाने का आदेश दिया है। सरकारी निधि का उपयोग जरूरी होने पर शहबाज की मंजूरी लेनी होगी। बता दें कि पिछले हफ्ते, राष्ट्रपति जरदारी और गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी अपने वेतन नहीं लेने का एलान किया था।

नेहरू काल को बेहतर मानने के विचार से निकलना होगा बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर बोले- शुरुआती वर्षों में विदेश नीति बस नेहरूवादी विचारधारा का बुलबुला

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को नेहरू सरकार द्वारा लिए गए कुछ प्रमुख निर्णयों की आलोचना करते हुए कहा कि लोगों को इस मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है कि 1946 से बाद की अवधि 'महान वर्ष' थे और तब देश ने 'शानदार' प्रदर्शन किया था।

आजादी के बाद शुरुआती वर्षों में सरकार की विदेश नीति के बारे में जयशंकर ने कहा- आपने पाकिस्तान को गलत पाया, आपने चीन को गलत पाया, आपने अमेरिका को सही पाया और कहा गया कि हमारी विदेश नीति बहुत अच्छी है। इसलिए, अब इस नजरिये को एक तरफ रख दीजिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शुरुआती वर्षों में जब विदेश नीति काफी हद तक नेहरूवादी विचारधारा का बुलबुला था। इसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। विदेश मंत्री बोले- 1948, 1949, 1950, 1951, 1952 में जब आप निर्णय ले रहे थे, तब ये लोग (श्यामा प्रसाद मुखर्जी और बीआर आंबेडकर) नेहरू के समकालीन थे, जो उस समय उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णयों पर सवाल उठा रहे थे।

विदेश में भी चलती है मोदी की गारंटी : एस जयशंकर

विदेश मंत्री एय जयशंकर ने कहा है कि देश के साथ विदेश में भी मोदी की गारंटी चलती है। लोगों को उन पर विश्वास है। देश में गौरव की भावना पहले से ज्यादा है और भरोसा भी बढ़ा है। जयशंकर ने कहा, जब मैं बाहर (विदेश) जाता हूं और विदेशी नीतियां समझाता हूं, तो पता चलता है कि मोदी विदेश में भी उतना ही काम करने की गारंटी देते हैं जितना भारत में। मोदी की गारंटी विदेशों में भी उतनी चलती है जितनी की भारत में चलती है। निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से ही ऑपरेशन गंगा, 'ऑपरेशन कावेरी' और ऑपरेशन अजय सफल हो पाए। वैक्सीन मैत्री के जरिए हमने दुनिया भर के 100 देशों को वैक्सीन दी।

बारिश से बढ़ी ठंडक...

शिमला : हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर लगातार बना हुआ है। बुधवार को नारकंडा में ताजा हिमपात हुआ है। प्रदेश के मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश से मौसम में ठंडक बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं कहीं पर ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने देश के पूर्वी हिस्सों में तेज रफ्तार हवाएं, ओलावृष्टि के साथ मध्यम बारिश होने संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार से 23 मार्च तक पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज के साथ भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

अमेरिका में भारतीय छात्र का अपहरण, हैदराबाद में बैठे परिवार से मांगी फिरौती

हैदराबाद। अमेरिका में रहकर पढ़ाई करने वाले कई भारतीय छात्रों की मौत के बाद अब हैदराबाद के एक छात्र के अपहरण कर लिया। लापता छात्र के परिजनों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अब्दुल सात मार्च से लापता है और अब यहां फोन करके उनसे फिरौती मांगी गई है। अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि उनके बेटे की आखिरी बार सात मार्च को उनसे फोन पर बात हुई थी। इसके बाद से अब्दुल से कोई संपर्क नहीं हुआ है। अब्दुल के परिजनों ने बताया कि 19 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके उनसे फिरौती की रकम की मांग की है। फोन करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर उसके अपहरण की बात बताते हुए छोड़ने के बदले में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। इतना ही नहीं फिरौती की रकम न देने पर अब्दुल की किडनी बेचने की भी धमकी दी। वहीं, अमेरिका में अब्दुल के रूममेट्स ने क्लीवलैंड पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। अब्दुल के पिता ने बताया, 'कल, मुझे एक अज्ञात नंबर से फोन आया मुझे बताया कि मेरे बेटे का अपहरण कर लिया गया है और उसने पैसे की मांग की।

महिला सशक्तिकरण से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज, भारत में महिलाओं के लिए अहम कदम उठाए जा रहे

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बताया कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से समाज में लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। कंबोज ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण से ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान भारत की यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुमुखी रणनीति तैयार की जा रही है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित है। बता दें, संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर 68वीं वार्षिक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक 11 मार्च से शुरू हुई है, 22 मार्च तक चलेगी। इसी बैठक के दौरान भारतीय मिशन ने भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

पाकिस्तान के आम चुनाव में मानवाधिकारों को कुचला

वाशिंगटन, एजेंसी

- धांधली के आरोपों को लेकर अमेरिका बोला- विस्तृत जांच हो

अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया।

दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कई मुद्दों पर चिंता जाहिर की और दोनों देशों के भविष्य को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का विदेश विभाग पाकिस्तान में हुई चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों पर प्रतिबंध, आजादी, मीडिया पर हमले और कम्युनिकेशन सेवाओं पर प्रतिबंधों की निंदा करता है। चुनावी प्रक्रिया में कथित धांधली पर भी चिंता जाहिर की गई और कहा कि आरोपों की विस्तृत जांच होनी चाहिए। लू ने कहा कि पुलिस, नेताओं और जनसभाओं के दौरान हमले हुए। कई पत्रकारों, खासकर महिला पत्रकारों का उत्पीड़न किया गया। चुनाव के दिन अंतर्राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम को भी वोटों की गणना की समीक्षा नहीं करने दी गई। मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं को बंद किया गया।

अवैध प्रवेश पर लगेगा अंकुश, आव्रजन कानून को मिली अनुमति

वाशिंगटन। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टेक्सास राज्य को तत्काल एक आव्रजन कानून लागू करने की अनुमति दे दी। इस फैसले से राज्य के अधिकारियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को गिरफ्तार का अधिकार मिल गया है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि यह कानून सही नहीं है।

दरअसल, संघीय अपील अदालत में कानून के लिए कानूनी चुनौतियां चल रही हैं, लेकिन एससी के निर्णय से आव्रजन नीति पर बाइडन प्रशासन से जूझ रहे टेक्सास को एक महत्वपूर्ण जीत मिली है। इस आदेश ने अदालत द्वारा लगाए गए अनिश्चितकालीन रोक को भी हटा दिया, जो कानून को प्रभावी होने से रोक रहा था। बता दें कि दिसंबर में रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट द्वारा हस्ताक्षरित सीनेट बिल 4, टेक्सास में आप्रवासियों को निर्वासित करने की अनुमति देता है।

विज्ञान मिशिगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एसएन 1987ए दुर्लभ सुपरनोवा नाम दिया

मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: ब्रह्मांड में एक रहस्यमयी सुपरनोवा मोती की माला में सुसज्जित नजर आ रहा है। इस दुर्लभ सुपरनोवा का नाम एसएन 1987ए है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक विशाल तारे के विस्फोट के अवशेषों को खुद मे समेट रहा है। यह घटना पृथ्वी से लगभग 160,000 प्रकाश वर्ष दूर है। जिसमें एक विशाल तारा (सुपरनोवा) टूटकर बिखर रहा है और टूटे हुए तारे की सामग्री से घिर रहा है। यह सुपरनोवा एक आकाशगंगा के उप आकाशगंगा में स्थित है। वैज्ञानिक इस घटना को लार्ज मैगेलैनिक क्लाउड या एलएमसी नाम से पुकारते हैं। एसएन 1987ए के बारे में विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह सामने आया है कि यह चमकते हाइड्रोजन प्लाज्मा के गुच्छों से घिरा हुआ है । यह एक ऐसी संरचना है, जो खगोल भौतिकी में एक लंबे समय तक चलने वाली रहस्यमय प्रक्रिया है। जिसका अभी कोई सटीक जानकारी नही मिल पाई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुपरनोवा अवशेष के आभूषण के रहस्य को पूरी तरह से समझने के लिये समय लगेगा।



मोतियों की माला मे घिरे सुपरनोवा की तस्वीर

आंखों से भी देखा जा सकता है सुपरनोवा

इस सुपरनोवा को नग्न आंखों से देखा जा सकता है। यह सुपरनोवा अविश्वसनीय रूप से दुर्लभ खगोलीय घटना है। इस घटना से सितारों के विकास और अंतत: मृत्यु के बारे में हमारी समझ में कुछ अधिक वृद्धि हो सकती है। बहरहाल इस तरह की घटनाओं को लेकर नई समझ पैदा होगी । साथ ही खोज को नई दिशा मिलेगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार मोतियों की माला की संरचना अद्भुत है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस सुपरनोवा मलबे की खोज हुई है। जिसके समीप एक छिपा हुआ न्यूट्रॉन तारा है।

दुनिया के सिख समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत

वाशिंगटन। अमेरिका के एक प्रतिष्ठित सिख नेता ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत दुनियाभर में समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका के सिख संगठन के जस्सी सिंह हाल ही में भारत का दौरा करके लौटे हैं। एक सिख प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

जस्सी सिंह ने बताया कि भारत के इन वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने बात की कि कैसे सिख समुदाय भारत की मदद कर सकता है और देश के विकास का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने कहा, "हमें बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार दुनिया भर के सिख समुदाय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।